भोपाल
मंगलवार, 2 अप्रैल 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष-08
वर्ष : 11, अंक : 09
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 36
न्यून. 21

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com

**मार्च में दूसरा सबसे बड़ा जीएसटी कलेक्शन**

## 1.78 लाख करोड़ पर पहुंचा




**नई दिल्ली।** मार्च के महीने में जीएसटी रेवेन्यू कलेक्शन में एक बार फिर जबरदस्त उछाल आया है। मार्च में कलेक्शन साल-दर-साल 11.5% की वृद्धि के साथ 1.78 लाख करोड़ पर पहुंच गया। वित्त मंत्रालय ने बताया कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से मार्च में जीएसटी कलेक्शन बढ़ा है। यह अब तक का दूसरा सबसे बड़ा कलेक्शन है। पढ़ें पेज 07 भी

### भाजपा में शामिल हुए छिंदवाड़ा नगर निगम के महापौर विक्रम अहाके से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# जब देश के मन में मोदी हैं...तो मेरे भी मन में मोदी हैं, इसलिए मैं भाजपा से जुड़ गया

**ये भी बोले विक्रम?**

*पिछली बार छिंदवाड़ा छूट गई थी, वह भी इस बार भाजपा के खाते में जाएगी*

*नकुलनाथ के 5 साल के कार्यकाल का जवाब इस बार जनता अवश्य देगी*

*छिंदवाड़ा का विकास भाजपा के विजन से अछूता रहा है। इसलिए, अगर छिंदवाड़ा का सांसद भी भाजपा का बनेगा, तो यहां के विकास को पंख लगेंगे*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल




छिंदवाड़ा नगर निगम के महापौर विक्रम अहाके ने बड़ा कदम उठाते हुए कमलनाथ, नकुलनाथ और कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है।

विक्रम का लंबे समय से कमलनाथ परिवार से पारिवारिक नाता रहा है। यही वजह है कि उनके सानिध्य में वे महापौर की कुर्सी तक पहुंचने में कामयाब रहे। उनका कहना है कि जब देश के मन में मोदी तो मेरे भी मन में मोदी हैं, इसलिए मैं भाजपा से जुड़ गया। ▸▸ शेष पेज 6 पर

**उनसे सीधी बात**

**सवाल:** जो शख्स कांग्रेस के बूते महापौर बना, अब वह भाजपा में क्यों चले गए?

**जवाब:** कमलनाथ हमारे वरिष्ठ नेता रहे हैं और जो कुछ भी हूं मैं उन्हीं की वजह से हूं। मुझे जिन उम्मीदों के साथ जनता ने चुना है, तो मेरा पहला कर्तव्य है कि जनता की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करूं, लेकिन मैं उनके कार्य नहीं कर पा रहा हूं। छिंदवाड़ा को विकास की ऊंचाइयों पर ले जाना है, तो इसमें केंद्र और राज्य सरकार का सहयोग जरूरी है। जिस तरीके से केंद्र मे पीएम नरेंद्र मोदी और राज्य में डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार चल रही है, उससे मन प्रभावित हुआ और मैंने यह निर्णय लिया। मैं भाजपा में गया, इसके लिए छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बंटी साहू की भूमिका अहम रही। प्रदेश के अन्य भाजपा नेताओं से भी संपर्क हुआ।

**सवाल:** अब आप भाजपा में चले गए, तो कमलनाथ और नकुलनाथ का सामना कैसे करोगे?

**जवाब:** कमलनाथ और नकुलनाथ मेरे सम्मानीय हैं और रहेंगे। यह निर्णय लिया वह जनता की भावनाओं को देखकर लिया गया है न कि कमलनाथ और नकुलनाथ की वजह से लिया है। अब भाजपा के लिए काम करेंगे, लेकिन मेरे दिल में जो उनके लिए जगह थी, वह हमेशा रहेगी। इससे ज्यादा मैं कमलनाथ और नकुलनाथ के बारे में कुछ नहीं बोलना चाहता हूं। कमलनाथ ने छिंदवाड़ा के विकास के लिए बहुत काम किया है। इसमें कोई दोमत नहीं है।

**सवाल:** नकुलनाथ 5 साल सांसद रहे, उनका सांसद का कार्यकाल कैसा रहा?

**जवाब:** नकुलनाथ छिंदवाड़ा के सांसद हैं, उन्होंने क्या काम किए, जनता इसका अभी के चुनाव में जवाब दे देगी। नकुलनाथ की तुलना हमेशा कमलनाथ से की जाती है और उसी उम्मीद के साथ जनता ने उन्हें चुना था। मैं उनके ▸▸ शेष पेज 6 पर

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### शेफाली ने संभाला महानिदेशक का पदभार



**नई दिल्ली।** भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी शेफाली बी. शरण ने सोमवार को प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) के प्रधान महानिदेशक का पदभार संभाल लिया। शेफाली शरण 1990 बैच की अधिकारी हैं। तीन दशक से अधिक के शानदार करियर के दौरान वित्त, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण जैसे मंत्रालयों के लिए मीडिया प्रचार संभाला है।

### कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 32 रुपए सस्ता



**नई दिल्ली।** एक अप्रैल आम जनता के लिए महंगाई से राहत लेकर आया है। सरकार की ओर से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती की गई है। कटौती के बाद दिल्ली में 19 किलो के एलपीजी सिलेंडर का रेट 1764.50 रुपए हो गया है। पहले ये 1795 रुपए था। दिल्ली में 30.50 रुपए कम हुए हैं।

### उबर ऑटो में सवारी पर 1 करोड़ से अधिक बिल



**हैदराबाद।** सोशल मीडिया में हैदराबाद के एक ब्लॉगर ने दावा किया कि, उबर ने शहर में 10 मिनट की ऑटो सवारी के लिए उससे 1 करोड़ का बिल दिया। श्रीराज नीलेश ने कहा कि उनकी पत्नी मनसा ने टिन फैक्ट्री, केआर पुरम से कोरमंगला जाने के लिए एग्रीगेटर ऐप का उपयोग कर ऑटो रिक्शा बुक किया था। तब ऐप में 207 रुपए किराया दिखाया था।

### 15 अप्रैल तक जेल में रहेंगे केजरीवाल, राउज एवेन्यू कोर्ट ने सुनाया फैसला

# मुख्यमंत्री केजरीवाल का 'नया' पता...जेल नंबर 2, तिहाड़ जेल

28 मार्च को अदालत ने उनकी हिरासत को 1 अप्रैल तक चार और दिनों के लिए बढ़ा दिया था

**इस बीच आतिशी ने ऐलान किया है कि मंगलवार सुबह वे एक बड़ा खुलासा करेंगी**

जेल जाने के बाद अब बड़ा सवाल है कि केजरीवाल क्या जेल से सरकार चला पाएंगे? या वे इस्तीफा देंगे और उनकी पत्नी सुनीता कुर्सी संभालेंगी या फिर उनकी सरकार चली जाएगी? आने वाले दिनों में यह साफ हो जाएगा।

*मनीष सिसोदिया जेल नंबर-2 से जेल नंबर-5 में होंगे शिफ्ट*

**सत्येंद्र जैन 7 और संजय सिंह 5 नंबर में,के कविता 6 नंबर जेल में मौजूद**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी कस्टडी खत्म होने के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें 15 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में दिया है। वे अब तिहाड़ जेल की बैरक नंबर 2 में रहेंगे।

उन्हें 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और तब से बतौर मुख्यमंत्री जेल से वह अपनी सरकार चला रहे हैं। पेशी के दौरान सीएम केजरीवाल ने कहा-पीएम जो कर रहे हैं ठीक नहीं कर रहे हैं। ईडी ने सुनवाई की शुरुआत में कोर्ट के सामने कहा कि अरविंद केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और घुमा-फिरा कर जवाब दे रहे हैं। ईडी न यह भी कहा कि वह अपना मोबाइल भी उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। 28 मार्च को अदालत ने उनकी हिरासत को 1 अप्रैल तक चार और दिनों के लिए बढ़ा दिया था। गौर हो कि इससे पहले मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, सत्येंद्र जैन भी तिहाड़ जेल में हैं।





तिहाड़ जेल के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे समर्थकों को पुलिस ने हिरासत में लिया।

### ईडी का बड़ा दावा...आतिशी-सौरभ का लिया नाम



ईडी की तरफ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए एएसजी एसवी राजू ने इस दौरान आतिशी का नाम लेते हुए एक बड़ा दावा किया। राजू ने कहा कि विजय नायर केजरीवाल के करीबी रहे हैं। केजरीवाल ने पूछताछ में कहा कि नायर उन्हें रिपोर्ट नहीं करता था। राजू के मुताबिक दिल्ली के सीएम ने कहा कि नायर आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे। यह पहली बार है जब ▸▸ शेष पेज 6 पर

**6.30 बजे चाय, लंच में दाल सब्जी, पांच रोटी या चावल**

तिहाड़ में रह रहे कैदियों के दिन की शुरुआत जेल शेड्यूल के मुताबिक सुबह 6:30 बजे होगी। कैदियों को नाश्ते में चाय और ब्रेड दी जाती है। यहां हर कैदी को यह टाइम शेड्यूल फॉलो करना होता है। अरविंद केजरीवाल भी इसे फॉलो करेंगे। दोपहर का खाना सुबह 10:30 से 11 बजे के बीच दिया जाएगा, जिसमें एक दाल, एक ▸▸ शेष पेज 6 पर

**केजरीवाल ने की मांग**

**गीता, रामायण व धार्मिक लॉकेट पहनने की अनुमति**

कोर्ट के फैसले के बाद सीएम के वकीलों ने कोर्ट के सामने कस्टडी के दौरान कुछ किताबें उपलब्ध कराए जाने की मंजूरी मांगी है। इन किताबों में भगवद गीता, रामायण और पत्रकार नीरजा चौधरी की किताब 'हाउ प्राइम मिनिस्टर्स डिसीजन' हैं। केजरीवाल ने आवेदन दायर कर न्यायिक ▸▸ शेष पेज 6 पर

**चुनावी बॉन्ड डेटा पर पीएम मोदी बोले**

# जो लोग इस पर 'नाच' रहे हैं, वे सब पछताएंगे



प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की चुनावी बॉन्ड योजना के कारण ही चंदे के स्रोतों और इसके लाभार्थियों का पता लगाया जा सका। अगर आज जानकारी उपलब्ध हुई है तो उसकी वजह बॉन्ड है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी बॉन्ड के मुद्दे से उनकी सरकार को झटका लगने की बात खारिज कर दी और कहा कि कोई भी प्रणाली पूरी तरह से सही नहीं है और खामियों को दूर किया जा सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि इस विषय पर हंगामा करने वाले लोग पछताएंगे। एक इंटरव्यू के दौरान जब उनसे यह पूछा गया कि क्या चुनावी बॉन्ड डेटा से सत्तारूढ़ भाजपा को झटका लगा है, तो पीएम मोदी कहा कि मुझे बताइए कि हमने ऐसा क्या कर दिया कि मैं इसे एक झटके के तौर पर देखूं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि जो इसे (बॉन्ड के विवरण) को ▸▸ शेष पेज 6 पर

**हर काम में राजनीति नहीं देखनी चाहिए**

पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि किसी को उनके हर काम में राजनीति नहीं देखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह देश के लिए काम करते हैं। अगर वोट उनकी मुख्य चिंता होती, तो उन्होंने पूर्वोत्तर के राज्यों के लिए इतना कुछ नहीं किया होता। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के मंत्रियों ने 150 से अधिक बार क्षेत्र का दौरा किया है और वह स्वयं भी अन्य सभी प्रधानमंत्रियों की तुलना में अधिक बार वहां गए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि ▸▸ शेष पेज 6 पर

**चुनाव से पहले कांग्रेस को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत**

# 3500 करोड़ रु. को लेकर अभी नहीं होगी कोई कार्रवाई

◆ सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मामले की सुनवाई जून के दूसरे हफ्ते में की जाए




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस पर 3500 करोड़ रुपए के आयकर विभाग नोटिस को लेकर फिलहाल लेकर कोई कार्रवाई नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस पार्टी को लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बड़ी राहत दी है।

आयकर विभाग ने कांग्रेस को हाल ही में 1700 करोड़ रुपए का नोटिस भेजा है। सुप्रीम कोर्ट में आयकर विभाग से कांग्रेस पार्टी को जारी टैक्स रिकवरी नोटिस के खिलाफ दाखिल कांग्रेस की याचिका पर जस्टिस बीवी नागरत्ना और एजी मसीही की बेंच ने सुनवाई की। आयकर ▸▸ शेष पेज 6 पर

**सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि 3500 रु. की डिमांड**

आयकर विभाग की तरफ से सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि 3500 रु. की डिमांड है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मामले की सुनवाई जून महीने में की जाए। तब तक कोई कार्रवाई नहीं होगी। इस पर कोर्ट ने पूछा कि क्या आपने जो डिमांड की है उसे स्थगित कर रहे हैं? एसजी ने आगे कहा कि हम बस ये कह रहे हैं कि चुनाव तक कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। मामले की सुनवाई जून के दूसरे हफ्ते में की जाए।

**कंकर मुंजारे की पत्नी अनुभा ने कहा**

### मैं इस घर में डोली में आई थी... अर्थी में ही 'जाऊंगी'

पति कंकर ने कहा था- दूसरे घर में चली जाएं

अनुभा बालाघाट से ही कांग्रेस की विधायक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

बालाघाट से बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के उम्मीदवार कंकर मुंजारे का घर युद्ध का मैदान बन गया है। दरअसल, कंकर मुंजारे की पत्नी अनुभा बालाघाट से ही कांग्रेस की विधायक हैं। पूर्व सांसद कंकर ने अपनी पत्नी अनुभा मुंजारे से कह दिया है कि अगर उनको कांग्रेस पार्टी का ▸▸ शेष पेज 6 पर

**भाजपा चुनाव संकल्प पत्र के लिए देशभर से मिले सुझाव**

# मिस्ड कॉल अभियान के जरिए देशभर से पौने 4 लाख के लगभग सुझाव आए

राजनाथ की अध्यक्षता में चुनाव घोषणा पत्र समिति की हुई पहली बैठक




हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भाजपा चुनाव घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र तैयार करने के लिए भाजपा मुख्यालय में बैठक हुई। चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में तमाम मुद्दों और देशभर से आये सुझावों पर चर्चा हुई। गोयल ने कहा कि कुछ ही दिनों में अगली बैठक होगी और समाज, देश और जनता के हित को ध्यान में रखकर पार्टी संकल्प पत्र को फाइनल रूप देगी। बैठक में 8 केंद्रीय मंत्री और 3 मुख्यमंत्री, मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ▸▸ शेष पेज 6 पर

**खजुराहो में सपा ने बदला उम्मीदवार**

### मनोज यादव की जगह अब मीरा दीपक को दिया टिकट

यादव को सपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छतरपुर

इंडिया गठबंधन के तहत मप्र लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी को खजुराहो सीट मिली है, जिस पर पार्टी की ओर से डॉ. मनोज यादव को टिकट दिया गया था। हालांकि, अब सपा ने अपना प्रत्याशी बदल दिया है। मनोज यादव का टिकट काटते हुए अब पूर्व ▸▸ शेष पेज 6 पर

**आष्टा में होली उत्सव के दौरान किसी ने गुलाल की जगह फेंका था नारियल**

# पं. प्रदीप मिश्रा के ब्रेन में लगी चोट मनासा में होने वाली कथा 'निरस्त'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीहोर/नीमच

29 मार्च को आष्टा में आयोजित होली समारोह में प्रख्यात कथा वाचक पंडित मिश्रा को किसी ने गुलाल की जगह नारियल फेंक दिया, जिससे उनके सिर में चोट लग गई। जिससे उनके ब्रेन में सूजन आ गई है। डॉक्टरों ने उनको कथा करने से मना किया है।

पं. मिश्रा सोमवार को नीमच जिले के मनासा में मंच पर आकर रूबरू हुए और श्रद्धालुओं को यह जानकारी दी। यहां शिव महापुराण कथा निरस्त हो गई है। उन्होंने बताया कि मैं अस्पताल से छुट्टी लेकर यहां पहुंचा हूं। स्वास्थ्य सही नहीं होने से कथा नहीं हो सकेगी। अगर स्वास्थ्य में सुधार हुआ तो आगामी कथा होगी। अन्यथा वे भी निरस्त होंगी।

*डॉक्टरों ने उन्हें चोट ठीक होने तक कथा नहीं करने की सलाह दी*



जिले के मनासा में एक से सात अप्रैल तक सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन मनासा के राठौर परिवार द्वारा किया जा रहा था।

**कोर्ट ने इस मामले से जुड़े सभी पक्षों को नोटिस भेजा**

### शीर्ष कोर्ट ने कहा- सर्वेक्षण के नतीजे के आधार पर उसकी अनुमति के बिना कोई कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए

# सुप्रीम कोर्ट ने धार की भोजशाला में एएसआई के सर्वे पर रोक लगाने से साफ 'इनकार' किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश की धार भोजशाला और कमल मौला मस्जिद में जारी एएसआई सर्वे पर रोक लगाने की मांग ठुकरा दी है।

कोर्ट ने इसके साथ ही सभी पक्षों को इस मामले में जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस भेजा है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने भोजशाला में एएसआई सर्वे करने के इजाजत दी है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने एक अप्रैल को दिए अपने आदेश में यह जरूर कहा है कि सर्वेक्षण के नतीजे के आधार पर उसकी अनुमति के बिना कोई कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। इतना ही नहीं, सर्वोच्च अदालत ने यह ▸▸ शेष पेज 6 पर

सर्वोच्च अदालत ने यह भी कहा है कि विवादित स्थल पर कोई भी भौतिक खुदाई नहीं की जानी चाहिए, जिससे इसका मूल स्वरूप बदले



**4 हफ्ते में एएसआई अपनी सर्वे रिपोर्ट दाखिल करेगी**

इस मामले में हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भोजशाला में एएसआई सर्वे रोकने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने हिंदू पक्ष को भी नोटिस दिया है। हम अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करेंगे। इसके साथ ही एएसआई सर्वे को लेकर उन्होंने कहा कि 4 हफ्ते के अंदर ही एएसआई भी सर्वे की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दाखिल करेगी।

**22 मार्च को एएसआई का पुरातात्विक सर्वे शुरू हुआ था**

*गौर हो कि इस स्थल पर पिछले महीने 22 मार्च को एएसआई का पुरातात्विक सर्वे शुरू हुआ था। जैसे वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में स्पेशल सर्वे किया गया था, ठीक उसी तर्ज पर भोजशाला में सर्वे हो रहा है। मुस्लिम पक्ष ने 22 मार्च को ही सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। कोर्ट से याचिकाकर्ताओं ने तुरंत इस मामले में सुनवाई करने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से सीधे तौर पर इनकार कर दिया था।*

वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे आज हरिभूमि ने की कुछ ऐसे माता-पिता से बात की, जिन्होंने अपने ऑटिस्टिक बच्चे का जीवन ही बदल दिया


# ऑटिस्टिक बच्चों के माता-पिता ने कहा- समर्पण और धैर्य के साथ कड़ी से कड़ी मुश्किलों को भी हराया जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

ऑटिज्म नाम सुनते ही लगता है कि इस समस्या से ग्रसित बच्चे का विकास कैसे होगा? ऑटिज्म जिसे मेडिकल भाषा में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसॉर्डर कहते हैं। यह विकास संबंधी गड़बड़ी है, जिसमें ऑटिस्टिक व्यक्ति को बातचीत करने में, पढ़ने-लिखने में और समाज में मेलजोल बनाने में परेशानियां आती हैं। ऑटिस्टिक बच्चों को नॉर्मल बच्चों के साथ मुख्य धारा में लाया जा सकता है लेकिन इसके लिए चाहिए अथाह सर्म्पण और धैर्य की। आज वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे पर हरिभूमि ने कुछ ऐसे ही माता पिता को तलाशा जिनके सर्म्पण और धैर्य ने उनके ऑटिस्टिक बच्चे का जीवन ही बदल दिया और उन्हें नॉर्मल बच्चों के साथ मुख्य धारा से जोड़ा। इन माता पिता ने कहा कि यदि धैर्य रखकर बच्चे पर ध्यान दिया जाए तो उसमें सुधार लाया जा सकता है।

## अपने जीवन के चौबीसों घंटे सिर्फ आर्या की केयर को दिए



जब आर्या दो साल की हुई तब मुझे उसके बिहेवियर में काफी बदलाव लगा, उसकी ईटिंग हैबिट में बदलाव था, उसको एंजायटी प्रॉब्लम थी और इसीलिए मैंने फिर उसे डॉक्टर को दिखाया तो पता चला कि वह ऑटिस्टिक है। इसके बाद मेरी जर्नी शुरू हुई, आर्या को नॉर्मल बच्चों की दुनिया में लाने की। यह कहना है साढ़े चार साल की आर्या की मां चांदनी पाठक का। चांदनी ने कहा कि इसके बाद मैंने उसे ऑटिज्म केयर सेंटर में डाला, जिससे उसके बिहेवियर में काफी बदलाव आया। सबसे बड़ी बात उसको पढ़ाई का शौक था तो अब वह काफी अच्छे से रीड कर लेती है। उसकी मेमोरी बहुत शार्प है और धीरे-धीरे वह उठना, बैठना, चलने, फिरने के साथ-साथ काफी सोशल भी हो गई है। उन्होंने कहा कि मुझे शुरू में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, लेकिन मैंने अपने जीवन के 24 घंटे सिर्फ उसकी केयर करने में दिए और स्टेप बाय स्टेप वह आगे बढ़ती रही। जंपिंग, ब्लोइंग के साथ स्पीच में भी सुधार आया और आज मेरी आर्या नॉर्मल बच्चों के साथ केजी 1 में पढ़ रही है और वो पढ़ने में काफी अच्छी है।

## उबैदा की हालत के बारे में सुना, जो किसी सदमे से कम नहीं था



वहीं मुस्तकीम खान और नाजिया खान का बेटा उबैदा खान भी ऑटिस्टिक है। मुस्तकीम कहते हैं कि जब उबैदा 7 महीने का था तभी उसे बुखार आया और उसे झटका जैसा लगा, फिर उसकी मां को उसके बिहेवियर में बदलाव दिखा। हमने डॉक्टर को दिखाया और उन्होंने उसकी हरकतें देखकर बताया कि इसे ऑटिज्म है। उस वक्त ना वह चल पाता था, ना बैठ पाता था और वह वक्त हमारे लिए किसी सदमे से काम नहीं था, फिर हमने उसे ऑटिज्म सेंटर में डाला, वहां भी जब मैं उसे लेकर जाता तो बाहर बैठकर उसका इंतजार करता। लेकिन हमारे इन प्रयासों से उसमें काफी इंप्रूवमेंट आया उसके अंदर की झिझक मिटी, वह सोशल हुआ, चलने, फिरने लगा साथ ही उसकी स्पीच में भी बदलाव आया। मैं तो यही कहूंगा कि आज मेरा बेटा 8 साल का हो गया है और नॉर्मल बच्चों के साथ फर्स्ट क्लास में है। उसका पढ़ाई करना अपने आप में बदलाव लाना ही हमारे लिए गर्व की बात है।

## आज मेरा साढ़े आठ साल का बेटा क्लास थर्ड का स्टूडेंट है



साढ़े आठ साल के रोशिल धूत की मां मीनाक्षी धूत का कहना है कि जब मेरा बेटा ढाई साल की उम्र में प्ले स्कूल गया तो वहां टीचर्स ने उसके बिहेवियर में चेंजेस के बारे में कहा, फिर मैंने उसे डॉक्टर को दिखाया जहां मुझे पता चला कि रोशिल 0.1% ऑटिस्टिक है। ऐसे में मेरा फोकस अपने बच्चे पर रहा, मैंने उसको ऑटिज्म केयर सेंटर में डालने के साथ ही उसका प्ले स्कूल भी जारी रखा, जिससे उसका काफी अच्छे से ट्रीटमेंट होता और कुछ ही सालों में वह बिल्कुल ही नॉर्मल हो गया। उसके अमेजिंग रिजल्ट आए। पढ़ाई में भी वह काफी तेज है और आज मेरा साढ़े आठ साल का बेटा क्लास थर्ड का स्टूडेंट है, उसकी एक्टिविटी देखकर कोई कह नहीं सकता कि यह कभी ऑटिस्टिक था। इसके लिए हमारा पूरा फोकस सिर्फ और सिर्फ रोशिल पर रहता।

इमरान हाशमी और प्रतीक गांधी के साथ फिल्म 'ग्राउंड जीरो' और 'अग्नि' में नजर आएंगी सई तम्हणकर

# मैं उत्साहित हूं कि हमारे क्रिएट किए गए मैजिक को एंजॉय करेंगे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इमरान और प्रतीक शानदार अभिनेता हैं। उनके साथ काम करने का मौका मिलना मेरे लिए एक सौभाग्य की बात है। मैं उत्साहित हूं कि दर्शक हमारे द्वारा क्रिएट किए गए मैजिक को एंजॉय करेंगे।

मुझे उम्मीद है कि मेरे जैसे हार्ड वर्क करने वाले लोगों के लिए अपॉर्च्युनिटी के डोर ओपन कर रही हूं। यह कहना है सई तम्हणकर का, जो 'ग्राउंड जीरो' और 'अग्नि' जैसी दो दिलचस्प फिल्मों के साथ एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ अपने रिश्ते को और भी गहरा करती जा रही हैं, इस प्रोजेक्ट में वे इमरान हाशमी और प्रतीक गांधी के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

## शबाना आजमी, ज्योतिका, शालिनी पांडे, निमिषा सजयन हैं शामिल



अमेजन प्राइम वीडियो के खास

'ग्राउंड जीरो' और 'अग्नि' के अलावा, दर्शकों को इस साल के अंत में 'डब्बा कार्टेल' में साईं का अभिनय भी देखने को मिलेगा, जो इस साल बाद में नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ साईं की तीसरी बार सहयोग को चिह्नित करने वाली इस फिल्म में शबाना आजमी, ज्योतिका, शालिनी पांडेय, निमिषा सजयन, अंजलि आनंद, गजराज राव और जिशु सेन गुप्ता जैसे दिग्गज कलाकार शामिल हैं।

सई तम्हणकर ने कहा कि 'ग्राउंड जीरो' और 'अग्नि' में शामिल होने की घोषणा अमेजन प्राइम वीडियो के खास प्रोग्राम में की गई थी और मैं पहली बार इमरान हाशमी और प्रतीक गांधी के साथ मुख्य भूमिका में नजर आऊंगी। एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ फिर से जुड़ने को लेकर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए सई कहती हैं, ये बहुत ही शानदार अहसास है क्योंकि एक्सेल एंटरटेनमेंट उन प्रोडक्शन हाउसेस में से एक हैं, जिसके साथ हर कोई काम करना चाहता है और मुझे उनके साथ तीन बार काम करने का मौका मिला, 'डब्बा कार्टेल' सहित मेरे कॅरियर का ये एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।



## साहित्य एवं श्रीरामचरित मानस के लिए डॉ. अरुण खोबरे को कला व्योम फाउंडेशन ने किया सम्मानित

**भोपाल**। साहित्य में एवं विश्व की सबसे बड़ी श्रीरामचरित मानस लिखने पर उल्लेखनीय योगदान के लिए कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा डॉ. अरुण खोबरे (कवि अरुण अज्ञानी) को सम्मानित किया गया। दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित एक गरिमापूर्ण कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि एवं कथाकार डॉ. संतोष चौबे, अंतरराष्ट्रीय कबीर लोकगायक पद्मश्री कालूराम बामनिया, प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा, प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं अभिनेता आलोक चटर्जी ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि विश्व की सबसे बड़ी रामचरित मानस लिखने के कारण डॉ. अरुण अज्ञानी का नाम छह विश्व रिकॉर्ड बुक में दर्ज है। उन्हें अब तक कई सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। कवि डॉ. अरुण अज्ञानी, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में प्रोफेसर एवं जनसंपर्क अधिकारी हैं।

रीजनल साइंस सेंटर के सभागार में आयोजन

## शिष्याओं ने मां दुर्गा पर आधरित दुर्गा सप्तशती पर नृत्य प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल इंटरनेशनल सेंटर के मध्य प्रदेश कार्यक्रम का दूसरा संस्करण रीजनल साइंस सेंटर के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि समूह में लेखिका और सामजिक कार्यकर्ता माधुरी बिस्वास, नृत्यांगना लता सिंह मुंशी और जनजातीय मिलेट क्वीन ऑफ इंडिया लहरी बाई थीं। कार्यक्रम में लता सिंह मुंशी की शिष्याओं द्वारा मां दुर्गा पर आधरित दुर्गा सप्तशती पर नृत्य प्रस्तुत किया।



### स्वर्गीय निर्मला बुच पर आधरित दिखाया एक वीडियो

उसके बाद इम्पैक्ट फॉर न्यूट्रीशन प्रोग्राम के तहत 'व्हाई मिल्लेट्स' विषय पर मिलेट क्वीन लहरी बाई और न्यूट्रीशन स्पेशलिस्ट डॉ. अमिता सिंह से पत्रकार शबार्नी बनर्जी ने चर्चा की। कार्यक्रम के अगले चरण में 'शेपर्स ऑफ भोपाल' के अंतर्गत मध्य प्रदेश की प्रथम महिला मुख्य सचिव स्वर्गीय निर्मला बुच पर आधरित एक वीडियो भी दिखाया गया। डॉ. शीला भाम्भल ने कहा कि निर्मला मेम ने पूरे मध्यप्रदेश के लिए अनेक नवाचार किए, जिनके अंतर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की गईं।

आधार परामर्श और चिकित्सा परिषद की प्रेस वार्ता

## विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर 10 बच्चों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसीएटी आधार परामर्श और चिकित्सा परिषद ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया, जिसमें संस्था की हेड डॉ. जगमीत कौर ने बताया कि 2 अप्रैल को इप्को सेंटर में एक कर्टेन रेजर इवेंट होगा। विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर आयोजित इस इवेंट की थीम लाइट इट अप ब्ल्यू होगी, जो संगठन की न्यूरो-विविधता के बारे में जागरूकता और स्वीकृति को बढ़ाने के लिए आयोजित इवेंट है। इस समारोह में 10 बच्चों को सम्मानित किया जाएगा जो ग्रेजुएशन एंड मेन स्ट्रीम में शामिल हो चुके है।




### संगठन के 20 साल की यात्रा बताती डॉक्यूमेंट्री का होगा अनावरण

उन्होंने बताया कि इसके साथ ही कार्यक्रम में एक डॉक्यूमेंट्री का अनावरण भी होगा, जिसमें संगठन की 20 साल की उत्कृष्ट यात्रा को चित्रित किया जाएगा, इसके लिए साल भर तक, एसीएटी ने अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए एक श्रृंखला इवेंट्स की योजना बनाई है।

## जनजातीय संग्रहालय में शलाका चित्र प्रदर्शनी 3 अप्रैल से

**भोपाल**। मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय द्वारा प्रदेश के जनजातीय चित्रकारों को चित्र प्रदर्शनी और चित्रों की बिक्री के लिए सार्थक मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रतिमाह लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा में किसी एक जनजातीय चित्रकार की प्रदर्शनी सह विक्रय का संयोजन शलाका नाम से किया जाता है। इसी क्रम में 3 अप्रैल से गोंड समुदाय की चित्रकार संदीप्ति परस्ते के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया है। 48वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी 30 अप्रैल, 2024 (मंगलवार से रविवार) तक निरंतर रहेगी। गोण्ड चित्रकार संदीप्ति परस्ते का जन्म मध्यप्रदेश के जनजातीय बहुल डिण्डौरी जिले के रसौई ग्राम में वर्ष 1992 में हुआ है।



## लर्निंग लैब लोगों की दृष्टिकोण को समझने और शहरी क्षेत्र में पहुंच का उपयोगी उपकरण

आईटीपीआई एमपी रीजनल सेंटर में कार्यशाला का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लर्निंग लैब लोगों की दृष्टिकोण को समझने और शहरी क्षेत्र में पहुंच, सुरक्षा, आराम आदि रहने योग्य मापदंडों को मापने के लिए एक उपयोगी उपकरण और तकनीक हैं। शहरी जीवंतता के मानचित्रण पर आईटीपीआई एमपी रीजनल सेंटर भोपाल में पीपीजीआईएस, यूनिवर्सल डिजाइन और फोटो वॉइस पर शोध प्रस्तुतियों का आयोजन हुआ, साथ ही तीन शिक्षण प्रयोगशालाएं भी दिखाई।

### कार्यशाला के परिणाम पर की चर्चा

इसके अन्तर्गत विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागियों ने सार्वजनिक, खुले स्थानों का सर्वेक्षण करने के लिए अपर लेक के किनारे पांच अलग-अलग स्थानों पर क्षेत्र का दौरा किया। सभी पांच समूहों के प्रतिभागियों ने सोमवार को आईटीपीआई एमपी क्षेत्रीय केंद्र में कार्यशाला के परिणाम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विशेषज्ञों और प्रतिभागियों द्वारा कार्यशाला के परिणाम पर चर्चा की गई।

केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय का आयोजन

## प्रगत संस्था ने किया कत्थक नृत्य कार्यक्रम का आयोजन



**भोपाल**। भारतीय सांस्कृतिक एवम शास्त्रीय आधारित कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कत्थक नृत्य 'नमन' का आयोजन गत दिनों गौरव ग्रीन गार्डन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार,के तत्वाधान में प्रगत सामाजिक विकास संस्थान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्नेहलता भागवत सिंह रघुवंशी, अध्यक्ष जोन क्र 6 एवं पार्षद वार्ड क्र.51 और डॉली शर्मा पत्नी पूर्व महापौर आलोक शर्मा तथा कत्थक नृत्य की जानी-मानी गुरु अभिलाषा तिवारी और कत्थक नृत्यांगना एवं गुरु विजेता सिंह भी उपस्थित थीं।



## महिलाओं ने शीतला सप्तमी पर पूजा-अर्चना कर माता को बासी भोजन का लगा भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शीतला सप्तमी पर सोमवार को शीतला माता की पूजा की गई। इसके चलते सुबह से ही शीतलदास की बगिया, टीला जमालपुरा शीतला माता मंदिर सहित अन्य शीतला माता मंदिर महिलाएं पहुंचीं। इस दौरान विधि-विधान के साथ पूजन कर बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य व परिवार के लिए मंगल कामनाएं कीं। सुबह से शुरू हुआ पूजन का सिलसिला दोपहर तक चला। पूजन के बाद घर में सुख-शांति व समृद्धि बनी रहने की कामनाएं कर महिलाओं ने घर की दीवार पर हल्दी के छापे लगाए। मान्यता है कि सप्तमी व अष्टमी पर शीतला माता की पूजा करने से अग्निकांड आदि घटनाएं नहीं होती।



### ठंडे भोजन का लगाया भोग

शीतला सप्तमी पर सुबह से ही महिलाओं ने घरों पर ही माता रानी की फोटो के दर्शन कर पूजन किया। टीला जमालपुरा शीतला माता मंदिर में चार दिनों तक यानी दशमीं तक पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएंगे। सोमवार को सप्तमी पर शीतला माता मंदिर शॉपिंग सेंटर टीला जमालपुरा पर शीतला माता जनकल्याण भक्त मंडल के तत्वावधान में शीतला माता की पूजा अर्चना कर विशेष आरती की गई। मंदिर के पुजारी श्रीहरि जोशी ने बताया कि सप्तमी पर सुबह से बड़ी संख्या में महिलाओं ने माता रानी की पूजा की। इसके पश्चात माताओं बहनों को प्रसाद वितरित किया गया। अष्टमी पर भी विशेष पूजा-पाठ की जाएगी। साथ ही 151 दीप प्रज्वलित कर आरती की गई। गुफा मंदिर में विधि-विधान से पूजन किया गया। सुबह ठंडे भोजन का भोग ही माताराणी को लगाया गया। दोपहर तक पूजन का सिलसिला चला।

## कुनबी समाज के 150 युवक-युवतियों ने दिए ऑनलाइन परिचय

**भोपाल**। समय की बचत के चलते कुनबी समाज ने सोमवार को आनलाइन अलिख भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन रखा गया। इसमें 500 से अधिक समाज के लोग जुड़े। 150 युवक-युवतियों ने अपनी पसंद व नपसंद बताई। अभिभावकों के बीच रिश्ते पक्के करने की बात चली।

## श्री काल भैरव जी की महाआरती आज

**भोपाल**। शहर के लालघाटी श्री काल भैरव मठ में चैत्र मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर मंगलवार देर रात भगवान श्री काल भैरव जी की महा आरती पूजन श्रृंगार एवं विजयमदेहि हवन किया जाएगा। मठ के प्रवक्ता दीपक तिवारी ने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं से आने की अपील की है।





## राम दरबार और राधाकृष्ण संग झूमे स्वजतीय बन्धु

### गहोई वैश्य समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गहोई वैश्य समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समाज के अध्यक्ष रमेशचंद्र लोहिया और सचिव अखिल रेजा ने बताया कि लालघाटी स्थित स्वागत गार्डन में मनोज नोगरिया के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत में गत दिवस आयोजित नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शपथ लेने से शेष रहे पदाधिकारियों को उनके पद की शपथ दिलाई गई। स्वजातीय बन्धुओं ने फूलों की होली खेली। माँ भगवती आराधना मंच के तत्वावधान में भोपाल और जबलपुर के कलाकारों द्वारा दी गई श्रीराम दरबार और राधाकृष्ण संग लठमार व फूलों की होली सहित अन्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने स्वजातीय बन्धुओं को देर रात तक झुमने को मजबूर कर दिया।

9 अप्रैल से शुरू होगी नवरात्रि

## चैत्र नवरात्रि में मां की आराधना के साथ राम नवमी-हनुमान जयंती मनाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस माह कई बड़े तीज-त्योहार पड़ने जा रहे हैं। जिसके तहत गुड़ी पड़वा, हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्रि के साथ ही रामनवमी पर भगवान राम और हनुमान जयंती पर हनुमान मनाई जाएगी। वहीं दूसरी ओर ग्रहों के राशि परिवर्तन भी इस माह में देखने को मिलेंगे। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरुजी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया चैत्र कृष्ण पक्ष में और शुक्ल पक्ष में अर्थात 31 मार्च से लेकर 23 अप्रैल तक अलग-अलग प्रकार के ग्रहों का राशि परिवर्तन, नक्षत्र परिवर्तन और अस्त आदि का अनुक्रम रहेगा।

### नौ दिनों मां की आराधना

वासंती नवरात्रि का आरंभ भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है। इस बार नवरात्रि पूरे 9 दिन की रहेगी। देवी साधक व उपासक नवरात्रि के 9 दिन रात्रि पर्यंत साधना-उपासना के माध्यम से संकल्प की सिद्धि करेंगे।

### नव-संवत्सर का आरंभ

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नव-संवत्सर (हिंदू नववर्ष) का आरंभ माना जाता है। इस बार 9 अप्रैल को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का आरंभ होगा, जिसका अधिपति मंगल है अर्थात संवत्सर का राजा मंगल रहेगा। साथ ही नव संवत्सर में अलग-अलग प्रकार के मंत्रिमंडल का भी विस्तार होगा। कुल मिलाकर नए संवत्सर में न्यायिक, सामाजिक परिवर्तन के साथ-साथ कुछ स्थानों पर राजनीतिक परिवर्तन भी होंगे।

### कल बुध होंगे अस्त, शुक्र पूर्वा भाद्रपद में करेंगे प्रवेश

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि अब 3 अप्रैल को शुक्र पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। प्रातः 9:30 बजे बुध ग्रह पश्चिम दिशा में अस्त होंगे। 14 अप्रैल को सूर्य का मेष राशि में प्रवेश होगा और शुक्र का रेवती नक्षत्र में 10 अप्रेल को प्रवेश होने जा रहा है। 28 अप्रैल को बृहस्पति मेष राशि को छोड़कर वृषभ राशि में प्रवेश करेंगे। उनके प्रवेश काल में अलग-अलग प्रकार की स्थितियां निर्मित होंगी। अलग-अलग प्रकार के धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक परिवर्तन दिखाई देंगे।



# रात का पारा 4 डिग्री तक गिरा, तीन दिन बाद फिर बदलेगा मौसम

## आज दतिया, शिवपुरी और अशोकनगर में चलेगी लू, प्रदेशभर में बढ़ेगी गर्मी

**एक डब्ल्यूडी 3 और दूसरा 5 को आएगा, इससे बौछारों की उम्मीद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में सोमवार को मौसम आमतौर पर साफ रहा। एक-दो स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ीं। पिछले चार दिन से प्रदेश के कई हिस्सों में बादल, बौछारों और कहीं आंधी के साथ ओले से अब दिन के साथ रात के तापमान में भी गिरावट रही। तीन दिन बाद बादल, बौछारों का दौर चलेगा। मंगलवार से गुरुवार तक गर्मी में बढ़त होगी। सोमवार को भोपाल सहित करीब एक दर्जन जिलों में रात का पारा 3 से 4 डिग्री तक गिरा। वहीं, पश्चिमी मप्र के अधिकांश और पूर्वी मप्र के कुछ जिलों में दिन का पारा भी एक डिग्री तक गिरने से गर्मी के तेवर कमजोर रहे हैं। अगले 24 घंटे में प्रदेश के दिन और रात के तापमान में एक से 2 डिग्री तक की बढ़त होगी।

### 5 अप्रैल तक 2 डब्ल्यूडी

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ बुधवार को आएगा, जबकि एक अन्य 5 अप्रैल को आ रहा है। इससे अगले दो दिन में प्रदेशभर में गर्मी का पारा बढ़ेगा। 6 से 8 अप्रैल के बीच कुछ जिलों में बादल, तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ेंगी। इससे गर्मी में ज्यादा कमी नहीं आएगी। मंगलवार को शिवपुरी, अशोकनगर और दतिया जिलों में कहीं कहीं कहीं लू भी चलेगी।

### कल एक डब्ल्यूडी आएगा


अभी छत्तीसगढ़ और आसपास के क्षेत्र में साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना है। इससे बांगाल की खाड़ी से प्रदेश में में नमी आ रही है। छत्तीसगढ़ से कर्नाटक तक ट्रफ लाइन भी है। हवाएं बदलने से अभी दो दिन मौसम साफ रहने का अनुमान है। 3 अप्रैल को एक और पश्चिमी विक्षोभ आएगा, जिससे प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ेगा। इस दौरान कहीं बादल, बारिश तो कहीं लू चलेगी।

### कहां कितना गिरा पारा

भोपाल, दतिया, गुना, इंदौर, राजगढ़, उज्जैन, दमोह, खजुराहो, रीवा, सागर, सतना में रात का पारा 3 से 4 डिग्री तक गिरकर 19 से 21 डिग्री के बीच रहा। इन जिलों में दिन का पारा एक डिग्री तक गिरकर 37 से 39 डिग्री के बीच दर्ज हुआ है। सबसे कम रात का पारा रीवा में 16.2 डिग्री,सबसे अधिक दिन का पारा दमोह में 39.5 डिग्री रहा है। मंगलवार को 2 डिग्री तक बढ़त की उम्मीद है।

---

**रमजान मुबारक**



इफ्तार-6:41 मंगलवार (शाम)
सहरी-4:32 बुधवार (सुबह)

### काजीकैंप में ससुर-दामाद के बीच गोली चली, दामाद की हालत गंभीर

**भोपाल।** हनुमानगंज के काजी कैंप इलाके में सोमवार देर रात उस समय सनसनी फैल गई जब ससुर और दामाद के बीच हुए आपसी विवाद में दोनों ने एक दूसरे को घायल कर दिया। दामाद को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि झगड़े के दौरान ससुर सुलतान बेग ने दामाद शानू को गोली मारी है। हालांकि पुलिस गोली चलने की पुष्टि नहीं कर रही है। सूचना मिलते ही हनुमानगंज थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था। थाना प्रभारी अवधेश सिंह भदोरिया ने बताया कि गुरु नानक कॉलोनी में देर रात किसी बात को लेकर ससुर और दामाद के बीच विवाद हुआ था। विवाद में ससुर और दामाद ने एक दूसरे को घायल किया है। फिलहाल इस बात का पता नहीं लगा है कि झगड़े में धारदार हथियार का इस्तेमाल हुआ है अथवा गोली मारी गई है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## राज्यमंत्री के बेटे द्वारा होटल संचालक दंपती से मारपीट का मामला

# पुलिस के हाथ लगा बेटे की गुंडागर्दी का वीडियो, मंत्री भी धमकी देते नजर आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा में स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के बेटे अभिज्ञान पटेल की गुंडागर्दी का वीडियो पुलिस के हाथ लग गया है। वीडियो में मंत्री जी भी धमकी देते नजर आए हैं। पूरे मामले की जांच खुद डीसीपी जोन वन के द्वारा की जा रही है। डीसीपी ने अभिज्ञान और मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के वीडियो को सुरक्षित रखे हैं। जांच पूरी होने के बाद उक्त वीडियो कोर्ट में पेश किया जाएगा।

पुलिस का कहना है कि अभी धाराएं बढ़ाईं नहीं गई, लेकिन जांच के बाद धाराएं बढ़ सकती हैं। सोमवार को डीसीपी जोन वन थाने पहुंचीं थी। उन्होंने थाने से घटना के वीडियो समेत कुछ अहम सबूत जुटाए हैं। उन्होंने पुलिसकर्मियों के भी बयान दर्ज किए। डीसीपी जल्द ही अपनी रिपोर्ट पुलिस कमिश्नर को सौंपेंगी। अभिज्ञान के हमले में घायल चूनाभट्टी निवासी अलिशा सक्सेना व उनके पति डेनिस मार्टिन उर्फ सोनू पहले थाने पहुंचे थे। उन्हें थाने में बिठाकर रखा गया। उन्हें मेडिकल के लिए तत्काल नहीं भेजा गया। इसी बीच अभिज्ञान अपने साथियों के साथ थाने पहुंचा था।

### डीसीपी पहुंचीं थाने, जांच में लिए थाने के वीडियो, कोर्ट में किए जाएंगे पेश



*बढ़ सकती है मंत्री की मुसीबत, पुलिस को धमकाते हुए वीडियो लगा हाथ*

### पुलिस ने कहा-नशे में था अभिज्ञान

पुलिस का कहना है कि जिस समय अभिज्ञान थाने पहुंचा वह शराब के नशे में था और उसकी जुबान भी लड़खड़ा रही थी। हालांकि मेडिकल रिपोर्ट में शराब पीने की पुष्टि नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि चूनाभट्टी निवासी अलिशा सक्सेना त्रिलंगा में अम्मा बाबूजी रसोई नाम से रेस्टोरेंट का संचालन करती है। उन्होंने बताया कि शनिवार रात करीब 8 बजे अपने रेस्टोरेंट के काउंटर पर थी। इसी बीच स्कूटी सवार युवक विवेक सिंह का पीछा करते हुए कार आई। कार सवार युवक विवेक से रेस्टोरेंट के सामने मारपीट करने लगे। यह देख मेरे पति डेनिस मार्टिन उर्फ सोनू गाली-गलौच कर रहे मंत्रीपुत्र को समझाने का प्रयास किया। तभी मंत्रीपुत्र ने रेस्टोरेंट के सामने रखा गमला उठाकर मेरे पति के सिर पर पटक दिया। उनके खून निकलने लगा। तभी मंत्रीपुत्र के अन्य साथी कार से लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

### आयोग ने पुलिस कमिश्नर को दिए जांच के निर्देश, रिपोर्ट सहित सीसीटीवी फुटेज भी तलब

मप्र के स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के बेटे अभिज्ञान नरेंद्र पटेल द्वारा गुलमोहर में होटल संचालक दंपती और मीडियाकर्मी से मारपीट करने के मामले में मप्र मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही चार बिंदुओं पर की गई कार्यवाही के संबंध में 15 दिन के भीतर रिपोर्ट भी तलब की है। आयोग के संज्ञान में आया है कि पुलिस ने देर रात मंत्री पुत्र पर । केस दर्ज कर लिया है। वहीं, रेस्त्रां संचालक दंपती और कुक के खिलाफ साधारण मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

**आयोग ने यह पूछे सवाल**

मामले में आयोग नें पूछा है कि थाना शाहपुरा में ऐसी घटना के संबंध में पंजीबद्ध मामला और उनके अंतर्गत पीड़ित बताए गए व्यक्तियों के डाक्टरी परीक्षण बाद प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर क्या कार्रवाई की गई। घटना वाले दिन के बाद दूसरे दिन तक के फुटेज के आधार पर स्पष्ट प्रतिवेदन और फुटेज की प्राप्त की सीडी की प्रति भी मांगी है।

**गुलमोहर में पार्क पर कब्जा**

गुलमोहर कॉलोनी के जी-3 सेक्टर के पब्लिक पार्क पर एक मंत्री द्वारा कब्जे का मामला सामने आया है। आयोग ने नगर निगम कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए हैं। आयोग ने पार्क का उपयोग वाहनों की पार्किंग के लिए न हो इस संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए प्रतिवेदन मांगा है।

## आचार संहिता की वजह से मिली राहत

# प्रॉपर्टी के रेट अभी नहीं होंगे लागू मौजूदा रेट में करा सकेंगे रजिस्ट्री

**पंजीयन विभाग ने चुनाव आयोग से मांगी परमिशन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश भर में प्रॉपर्टी के नए रेट लागू होने पर आचार संहिता ने ब्रेक लगा दिया है। पिछले एक महीने से प्रॉपर्टी के खरीदार दाम बढ़ने की वजह से मार्च माह में रजिस्ट्री कराने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन 31 मार्च को पंजीयन विभाग ने एक अप्रैल से लागू होने वाली नई गाइडलाइन पर रोक लगा दी। अब चुनाव आयोग की परमिशन के बाद ही इसे लागू किया जा सकेगा। अगर आयोग परमिशन नहीं देता है तो इसे 4 जून के बाद ही लागू किया जा सकेगा, तब तक प्रॉपर्टी के खरीदार वर्तमान गाइडलाइन से ही रजिस्ट्री करा सकेंगे।

हालांकि पंजीयन विभाग की इस रोक से मकान, प्लाट, जमीन, फार्म हाउस के खरीदारों को रजिस्ट्री कराने में राहत मिलेगी। रविवार को जारी आदेश में सभी जिला पंजीयकों को लोकसभा चुनाव आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने से गाइडलाइन को फिलहाल लागू नहीं करने का आदेश दिया है।

पहली बार पंजीयन विभाग ने आर्टिफिशल इंटेलीजेंस (एआई) की मदद से 1443 लोकेशन पर बढ़ोतरी प्रस्तावित की थी, जिसे केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने मंजूरी दी है।



### रविवार को देर रात तक कराई रजिस्ट्री

बताया जाता है कि पंजीयन विभाग को इसकी जानकारी पहले से थी, लेकिन राजस्व बढ़ाने के लिए आम लोगों को इसकी जानकारी नहीं दी गई। जिससे अधिक से अधिक रजिस्ट्री करा सकें। 31 मार्च को आदेश जारी करने के बाद भी इसे सार्वजनिक नहीं किया गया था। जिसकी वजह से बढ़े हुए रेट की वजह से प्रॉपर्टी के खरीदारों ने रविवार देर रात तक रजिस्ट्री कराई।

### 1443 लोकेशन पर 5 से 95 फीसदी बढ़ोतरी

जिले में एक वर्ष में ही प्रापर्टी की खरीद-फरोख्त वाले क्षेत्रों की संख्या दोगुनी हो गई है। पिछले साल पंजीयन विभाग ने 722 क्षेत्रों में पांच से 45 प्रतिशत तक दरें बढ़ाई थी। इसके बाद इस साल 1443 स्थानों पर प्रापर्टी की दरें बढ़ा दी गईं। आंकड़ों की बात करें तो जिले की 3900 लोकेशन में से ग्रामीण क्षेत्र 215 पर 5.48 प्रतिशत, शहरी क्षेत्र 1228 पर 8.9 प्रतिशत प्रापर्टी की दरें बढ़ाई गई हैं। जबकि 2457 क्षेत्रों पर किसी भी तरह की वृद्धि नहीं की गई है।

## मनमानी करने वाले स्कूलों पर गिरेगी गाज, मुख्यमंत्री की दो टूक

# निजी स्कूल की शिकायत मिली तो लगेगा दो लाख रुपए तक का जुर्माना: डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में निजी स्कूलों की मनमानी लगातार जारी है, ऐसे में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस पर संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को स्कूल शिक्षा मुख्य सचिव को सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे संज्ञान में आया है कि कुछ निजी स्कूलों द्वारा पालकों को कोर्स की किताबें, यूनिफार्म और अन्य शिक्षण सामग्री किसी निर्धारित दुकान से खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जो कि उचित नहीं है।

मैंने इस सम्बन्ध में कार्रवाई करने के लिए मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग मप्र निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनिमियन) नियम 2020 के तहत प्रथम बार शिकायत प्राप्त होने पर स्कूल संचालक पर 2 लाख रूपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा।



*शिक्षण सामग्री किसी निर्धारित दुकान से खरीदने के लिए नहीं कर सकेंगे बाध्य, मुख्य सचिव को दिए निर्देश*

### स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी कलेक्टर्स को दिए निर्देश

इधर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस मामले में संज्ञान लेने के बाद देर शाम को स्कूल शिक्षा विभाग ने भी इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर्स को आदेश जारी कर दिए हैं। स्कूल शिक्षा उप सचिव यह आदेश जारी करते हुए कहा है कि कतिपय स्कूल प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा एनसीईआरटी, एससीईआरटी से संबंधित पुस्तकों के साथ अन्य प्रकाशकों की अधिक मूल्य की पुस्तकें एवं अन्य सामग्री क्रय करने हेतु पालकों पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। इसके साथ ही अभिभावक को निर्धारित स्थान से पाठ्य पुस्तकों व अन्य शैक्षिक सामग्री अथवा यूनिफार्म करने हेतु अप्रत्यक्ष रूप से बाध्य किया जा रहा है। जबकि नियमानुसार, निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र या अभिभावक को पुस्तके, यूनिफार्म, टाई, जूते, कॉपी आदि केवल चयनित विकताओं से खरीदने करने के लिए औपचारिक अथवा अनौपचारिक किसी भी रूप में बाध्य नहीं किया जा सकता।

# नया सत्र शुरू, बच्चों को लगाया तिलक, उतारी आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूलों में सोमवार से नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है। पहले दिन स्कूलों में बच्चों के साथ ही शिक्षक भी काफी उत्साहित नजर आए। सबसे ज्यादा उत्साह उन बच्चों के अभिभावकों को था, जिनके बच्चे पहली बार स्कूल पहुंचे।

स्कूलों में सत्र की शुरुआत होने पर बच्चों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कक्षा पहली से लेकर कक्षा 12वीं तक के बच्चों का शिक्षकों ने तिलक लगाकर और आरती उतारकर स्वागत किया। प्रदेश के स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ को प्रवेश उत्सव के रूप मे मनाया गया। स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। हालांकि पहले दिन स्कूलों में उपस्थिति कम रही है। राजधानी सहित प्रदेशभर में 15 से 30 फीसदी उपस्थिति दर्ज की गई। कुछ स्कूलों में सख्या बेहतर रहीं, जहां 50 फीसदी उपस्थिति दर्ज की गई।

*प्रदेश के स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ को प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया गया*



राजधानी के शिवाजी नगर स्थित सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में पहले दिन बेहतर संख्या के साथ ही बच्चों में अलग उत्साह नजर आया। इस दौरान प्राचार्य सुधाकर पाराशर सहित अन्य शिक्षकों ने बच्चों का स्वागत किया। यहां सीनियर छात्रों ने जूनियर का तिलक लगाकर स्वागत किया।





*लोक शिक्षण आयुक्त शिल्पा गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी राजधानी के भेल स्थित शासकीय सीएम राइज महात्मा गांधी उमावि पहुंचे। यहां वह प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए और बच्चों से चर्चा की।*



बागसेवनिया स्थित शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य शिक्षा यादव सहित अन्य शिक्षकों ने बच्चों को स्वागत किया। शिक्षकों ने बच्चों को तिलक लगाकर और आरती उतारकर स्कूल में प्रवेश कराया।

## गायत्री मंदिर की ओर वाले आर्म का काम पूरा करने पाइप लाइन शिफ्टिंग शुरू

# गणेश मंदिर से अरेरा हिल्स तक फ्लाईओवर लोड टेस्टिंग के लिए तैयार

*अरेरा हिल्स की तरफ वाला आर्म तैयार होने के साथ हो चुका है डामरीकरण*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी का गणेश मंदिर अरेरा कॉलोनी से गायत्री मंदिर महाराणा प्रताप नगर तक बनकर तैयार हुआ जीजी फ्लाई फ्लाइओवर का निर्माण एक आर्म को छोड़कर पूरा हो गया है। इस फ्लाईओवर पर ट्रैफिक शुरू करने के लिए लोड टेस्टिंग होना है, जिसकी तैयारी पूरी हो गई है। वहीं गायत्री मंदिर की तरफ बनने वाले आर्म्स बनाने का रास्ता भी साफ हो गया। क्योंकि इसके निर्माण में बाधा बन रही पानी की पाइप लाइन की शिफ्टिंग भी शुरू हो गई। पीडब्ल्यूडी द्वारा पाइप लाइन शिफ्ट करने के लिए एक करोड़ रुपया नगर निगम को दिया है। गायत्री मंदिर आर्म्स का भी 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। पाइप लाइन शिफ्ट होते ही शेष 10 प्रतिशत काम भी पूरा हो जाएगा।

**खास बात**

- अरेरा हिल्स से एमपी नगर जाने वाली सड़क पर डामरीकरण भी पूरा हुआ



**जीजी फ्लाइओवर पर एक नजर**

- परियोजना का शुभारंभ - 20 दिसंबर 2020
- फ्लाईओवर की लंबाई - 2734 मीटर
- फ्लाईओवर की चौड़ाई - 15 मीटर
- पिलर बने - 92
- गर्डर लांच - 91
- लागत - 126 करोड़ रुपये
- एक घंटे में वाहन निकलेंगे - 10 हजार

### एक सप्ताह में हो जाएगी पाइप लाइन शिफ्टिंग

पाइप लाइन की शिफ्टिंग का काम चल रहा है। एक सप्ताह के अंदर पाइप लाइन शिफ्टिंग का काम हो जाएगा।

**उदित गर्ग**, अधीक्षण यंत्री, जलकार्य, नगर निगम

### सिविल वर्क लगभग पूरा हुआ

फ्लाईओवर का सिविल कार्य लगभग पूरा हो गया है। लोड टेस्टिंग का काम जब भी होगा, उसके पूर्व सूचना दी जाएगी।

**रवि शुक्ला**, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी

### दिसंबर 2022 तक पूरा होना था निर्माण

जीजी फ्लाइओवर का निर्माण कार्य दिसंबर 2020 में शुरू हुआ। इसे दिसंबर 2022 तक पूरा करना था, लेकिन कोरोना लाकडाउन की वजह से चार माह का एक्सटेंशन दिया गया। इसके आधार पर डेडलाइन अप्रैल 2023 तक बढ़ा दी गई। इसके बाद यह डेडलाइन मई, फिर जून 2023 हो गई। अब जाकर यह फ्लाईओवर तैयार हो पाया है। आर्किटेक्ट व टाउन प्लानर सुयश कुलश्रेष्ठ के अनुसार अभी वल्लभ भवन की ओर जाने वाले आर्म के पिलर का निर्माण कार्य पूरा हुआ है। वहीं गणेश मंदिर के पास भी काफी काम पूरा हो चुका है।

## पुराने ठेकेदारों ने सरेंडर किया स्टॉक

# 35 समूहों की सभी 87 दुकानें गईं ठेके पर, शराब हुई 15% महंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में एक अप्रेल से नई आबकारी नीति लागू हो गई है। जिले में सोमवार से शराब और बीयर 15 फीसदी महंगी हो गई है। इधर, नया स्टॉक और नई प्रिंट लाइन नहीं आने तक पुराने प्रिंट रेट पर शराब और बीयर 15 प्रतिशत महंगी बिकना शुरू हो गई। इधर, वित्त वर्ष के पहले दिन पुराने ठेकेदारों ने अपनी दुकान और गोदामों का शराब और बीयर का स्टॉक नए ठेकेदारों को सरेडंर कर दिया है, जिसे आबकारी अमला रात 12 बजे तक पोर्टल पर अपलोड करने में जुटा रहा।

■ **देर रात तक ई-आबकरी पोर्टल पर स्टॉक दर्ज करने चली मशक्कत**

आबकारी आयुक्त ने चेतावनी दी है कि स्टॉक अपलोड न होने पर सर्किल अधिकारी जिम्मेदार होंगे। वहीं, मंगलवार को ठेकेदारों की सिक्योरिटी राशि जब्त कर ली जाएगी। जिले में सभी 35 समूहों की 87 शराब दुकानें वित्त वर्ष के अंतिम दिन तक ठेके पर चली गई है। इस बार करीब 80 फीसदी शराब ठेकेदार पिछले वित्तीय वर्ष वाले ही है। इनमें से कई ने अपनी पुरानी दुकानों के ही ठेके लिए हैं।

संस्था के अध्यक्ष एवं मार्गदर्शक सिद्ध भाऊ ने कहा, बिना मेहनत के लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती

# नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू, पहले दिन विद्यालय में शिक्षकों ने प्रार्थना कर बच्चों को चॉकलेट और फूल देकर लगाया तिलक, किया उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में नवीन शैक्षणिक सत्र का प्रारंभ विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा प्रार्थना सभा के संचालन के साथ हुआ। संस्था के अध्यक्ष एवं मार्गदर्शक सिद्ध भाऊ ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्या धन के समान है और इस धन की प्राप्ति कठिन मेहनत से ही संभव है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत परम आवश्यक है और मेहनत से ही आप अपनी उन्नत जीवन शैली तथा समाज व देश में सम्मान व उच्च स्थान प्राप्त कर सकते हैं।




### प्रथम दिवस से ही निरंतर अध्ययन करें

प्राचार्य अजय बहादुर सिंह ने छात्रों को नवीन सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र अपने परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए प्रथम दिवस से ही निरंतर अध्ययन करें और परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाएं। उपप्राचार्या आशा चंगलानी ने छात्रों का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि अपना लक्ष्य बड़ा रखें और इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सीखने व आगे बढ़ने की जिज्ञासु प्रवृत्ति अपनाएं। इस अवसर पर विद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी विशेष रूप से मौजूद थे।

### विद्यार्थी पढ़ाई के प्रति कमर कस लें



सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल-मुकिता इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को नए सत्र का शुभारंभ बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। विद्यालय में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए, जिनका स्कूल द्वार पर ही बड़े उत्साह के साथ स्वागत कर शिक्षकों द्वारा टीका, आरती करके विद्यार्थियों को उत्साहित किया गया। नर्सरी कक्षा में नए विद्यार्थियों को चॉकलेट और फूल देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नए सत्र के प्रथम दिन से ही विद्यार्थी पढ़ाई के प्रति कमर कस लें, क्योंकि सत्र के आरंभ में ही जो विद्यार्थी पढ़ाई के प्रति जागरुक रहता है वह अवश्य ही प्रावीण्य सूची में अपना नाम दर्ज करवाता है।

## स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाकर किया बच्चों का स्वागत

▶▶ पहले दिन कई विद्यालयों में कम रही छात्र-छात्राओं की उपस्थिति

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक और हाई स्कूल, हाई सेकंडरी स्कूलों में सोमवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। हालांकि पहले दिन उत्साह कम देखा गया। कई स्कूलों में बच्चों की संख्या न के बराबर रही। तो कही शिक्षक कम पहुंचे, जो बच्चे पहुंचे उनका तिलक लगाकर स्वागत किया गया। नगर में स्थित शासकीय कन्या स्कूल में सुबह 11 बजे कक्षा 6, 9, और 11 पहुंची थी। करीब 100 छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इन सभी छात्राओं का शिक्षकों ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। शिक्षकों द्वारा बताया गया सोमवार को पहला दिन था इसलिए छात्राओं की संख्या कम रही, जो छात्राएं आई हैं उनको रोजाना स्कूल आने के लिए प्रेरित किया है। वहीं शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार जिन छात्रों का



रिजल्ट अभी घोषित नहीं हुआ है। उन छात्रों को पुराना कोर्स ही रिवीजन करने के आदेश हैं।

### खबर संक्षेप




### रैली निकालकर मतदान करने किया जागरूक

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में नगर पालिका द्वारा लोकसभा चुनाव में नामांकन प्रक्रिया के साथ ही निर्वाचन विभाग निष्पक्ष चुनाव को लेकर तैयारियों में जुट गया है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सोमवार को रैली निकाली। रैली में 'हम सब ने यह ठाना है वोट डालने जाना है, सारे काम छोड दो सबसे पहले वोट दो, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, जन-जन की यही पुकार वोट डालो अब की बार' आदि नारे लगाते हुए वार्ड 6, 7 व 8 में भ्रमण किया। इस इस दौरान बडी संख्या में महिलाएं मौजूद मौजूद रहीं।

### बूथों पर मनाया जाएगा भाजपा का स्थापना दिवस

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में आगामी 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस मंडल के सभी बूथ स्तर पर मनाया जाएगा। इस संबंध में मंडल महामंत्री ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के सभी बूथों पर धूमधाम के साथ स्थापना दिवस मनाया जाए एवं सभी बूथ अध्यक्ष अभी से लोकसभा चुनाव के साथ पार्टी के स्थापना दिवस की तैयारी में जुट जाएं। मंडल महामंत्री ने कहा कि हम बड़े सौभाग्यशाली हैं कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा में कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे हैं, पार्टी से बढ़कर कोई नहीं। इस लिए पूरी मेहनत और लगन के साथ पार्टी का काम करें और समय पर दी गई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी के साथ निभाएं।

### प्रेस क्लब के अध्यक्ष की नियुक्ति पर हुई चर्चा

**औबेदुल्लागंज।** प्रेस क्लब औबेदुल्लागंज में सदस्यों द्वारा प्रेस क्लब में असली कौन इसका मूल्यांकन हो, तथा सर्वसम्मति से बैठकर अगला अध्यक्ष को मनोनीत करने पर विचार किया जा रहा है। पूर्व अध्यक्ष भारत निहाल, वर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र मेहरा, राजेश सैनी, उपेंद्र मालवीय, देवेंद्र चौहान, मोहन योगी, सुनील सेरिया, सुरेश केवट, आमिर ममनून, वचन लोधी आदि ने बताया कि प्रेस कार्ड होना चाहिए एवं नगर में पेपर चल रहा हो और प्रेस क्लब को समर्पित हो।

### वरिष्ठ समाजसेवी के पुत्र राजेश सैनी का निधन

**औबेदुल्लागंज।** वरिष्ठ समाजसेवी स्व. पुरुषोत्तम पहलवान के बेटे



राजेश सैनी का सोमवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे 48 वर्ष के थे। राजेश सैनी का दाह संस्कार गौहरगंज श्मशान घाट में शाम को किया गया। पूर्व साडा अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, सुरजीत सिंह बिल्ले, राजेश खटीक, विक्रम धाड़ी, त्रिलोचन सिंह बिट्टू, राजेंद्र गुड्डू साहू, कमल मालवी, जीतू नेमा, बागिश अग्रवाल, जेपी शर्मा, रामेश्वर नागर, नीरज चावला, जगदीश चंदानी, आमिर ममनून, केशव पचौरी, अंकित अग्रवाल, राम अग्रवाल, पुरुषोत्तम शर्मा आदि ने श्रद्धांजलि दी।

प्रताप ढाबा में रंगपंचमी मना रहे होटल के कर्मचारी को डंडे से पीटा

# इंदौर में दी चेतावनी तो इधर, रातीबड़ की पुलिस ने मना ली 'लठमार' होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अभी होली के दिन ही इंदौर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो में एक लेडी सब इंस्पेक्टर शासकीय वाहन में इलाके में घूमती हुई लोगों को लाउड स्पीकर के माध्यम से चेतावनी देते हुए नजर आईं। वह कह रही थी कि शाम चार बजे तक का ही समय है, होली खेल ली हो तो अपने अपने घर चले जाओ नहीं तो पुलिस लठमार होली खेलेगी। यह तो केवल चेतावनी थी, लेकिन लठमार रंगपंचमी भोपाल में मनाई गई। दरअसल, रातीबड़ थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर उदय सिसोदिया कुछ कर्मचारियों के साथ प्रताप ढाबा पहुंचे और उन्होंने ढाबे में काम करने वाले कर्मचारी की प्लास्टिक के डंडानुमा पाइप से पिटाई कर दी। इस बात से अंजान सब इंस्पेक्टर की ढाबा में लगे सीसीटीवी कैमरे में वे पाइप से बेरहमी से कर्मचारी के साथ मारपीट करते हुए नजर आए। हालांकि हरिभूमि इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

**यह है मामला**

नीलबड़ निवासी 27 साल के राजेंद्र बहादुर विस्ट ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि वह प्रताप ढाबा में काम करता है और गत 30 मार्च की दोपहर ढाबा पर था। सभी कर्मचारी ढाबे में शाम के खाने की व्यवस्था के लिए जल्दी पहुंच जाते हैं और वह भी पहुंच गए थे। रंगपंचमी होने के कारण सभी कर्मचारी रंग खेल रहे थे। इस दौरान शाम करीब चार बजे के आसपास रातीबड़ थाने के एसआई उदय सिसोदिया स्टाफ के साथ ढाबे में पहुंच गए। वे किचन में पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। इस पर कर्मचारी ढाबे से बाहर निकलकर भाग गए।



### कहा-तुझे बहुत अकड़ है, तेरी अकड़ निकालता हूं





मालिक राजेंद्र पर विश्वास करते हैं और राजेंद्र ढाबा छोड़कर नहीं जा सकता था। राजेंद्र ढाबा में ही रुक गया। राजेंद्र का आरोप है कि उसके पास सब इंस्पेक्टर उदय सिसोदिया पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। राजेंद्र ने उनसे पूछा कि साहब मेरा कसूर क्या है तो वह भड़क गए और कहने लगे कि तुझे बहुत अकड़ है और आज तेरी अकड़ निकालता हूं। इसके बाद प्लास्टिक के पाइप से मारपीट की।

**एसआई सिसोदिया बोले-कर्मचारी आपस में कर रहे थे लड़ाई**

इस संबंध में सब इंस्पेक्टर उदय सिसोदिया से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि रंगपंचमी में साक्षी ढाबा और प्रताप ढाबा के सामने चैकिंग पाइंट लगा हुआ था। इस दौरान ढाबे में कर्मचारियों की मारपीट होने लगी। मारपीट होती देख मैं स्टाफ के साथ पहुंचा और कर्मचारियों को समझाइश दी।

भाजपा मंडल के बूथों की बैठक में पटवा बोले-

## अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को करें प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भाजपा मंडल औबेदुल्लागंज के शक्ति केंद्र क्रमांक 6 आमोदा शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले बूथों की बैठक की गई। यह बैठक भोजपुर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र पटवा द्वारा ली गई। विधायक पटवा ने अपने बूथ को मजबूत तथा अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए कहा तथा संगठन के आगामी कार्यक्रम के बारे में विस्तृत चर्चा की गई

इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, शक्ति केंद्र प्रभारी माधव यादव, रामकिशोर चौहान, हरगोविंद वर्मा, अवध नारायण, सरपंच सुरजीत सिंह चौहान, प्रेम नारायण साहू, रमेश वर्मा, प्रकाश पटेल, राधेश्याम नायक, राधा कुशवाहा, जिले के महामंत्री रविंद्र विजयवर्गीय, कैलाश, विनोद, बंटी वर्मा, हरिराम वेद, रामकिशोर चौहान, तथा सभी बूथों के बूथ अध्यक्ष, बूथ महामंत्री, बूथ समिति के सदस्य तथा भाजपा के कार्यकर्ता शामिल रहे।



आरोपी बड़ा भाई गिरफ्तार, जेल भेजा गया

## बिजली बिल को लेकर विवाद, छोटे भाई पर चाकू से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित रविदास कॉलोनी में सोमवार सुबह एक युवक ने अपने ही छोटे भाई पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू पेट में लगने से युवक को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर भाई के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सोमवार को उसे कोर्ट में पेश किया था। वहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार राहुल बामने पिता श्यामलाल बामने (24) रविदास कॉलोनी में रहता है और प्राइवेट काम करता है। इसी मकान में अलग कमरे में प्रदीप बामने रहता है। प्रदीप राहुल की दूसरी मां का बेटा है और राहुल से बड़ा है। घर का बिजली बिल राहुल बामने जमा करता है। गत महीने भी राहुल ने बिजली का बिल जमा किया था। बिल ज्यादा होने के कारण राहुल की प्रदीप से कहासुनी हुई थी। इसी बात को लेकर सोमवार सुबह भी राहुल और प्रदीप के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर प्रदीप ने राहुल पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू पेट में लगने के कारण परिजन राहुल को अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां उसका ऑपरेशन हो गया और उसकी हालत खतरे से बाहर है।

**बांड ओवर की हो चुकी है कार्रवाई**

मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर राजकुमार गौतम ने बताया कि अस्पताल से सूचना मिली थी। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया है। प्रदीप निगरानी बदमाश है। लगातार अपराधों में लिप्त रहने के कारण उसके खिलाफ बांड ओवर की कार्रवाई की गई थी। बावजूद इसके आरोपी ने अपने भाई पर जानलेवा हमला किया। अब पुलिस आरोपी के खिलाफ बाउंड ओवर के उल्लंघन की कार्रवाई कर रही है।




## रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद द्वारा नगरीय क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान निरंतर रूप चलाया जा रहा है। वार्ड 3 शासकीय माध्यमिक शाला स्कूल खिल्लीखेड़ा में रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान किए जाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में बीएलओ कर्मचारी राजकुमार शर्मा, संजय बाजपेई, प्रमोद कुमार पांडेय, कन्हैया धुर्वे, सुशील चतुर्वेदी, प्रमोद तिवारी, आशीष यादव, विनोद यादव, जितेंद्र सिरसवाल, दिपेश बैरागी एवं समस्त बीएलओ कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर

## स्थायी स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक चिकित्सा ही एक मात्र उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम योगा एवं नेचर क्योर हॉस्पिटल (आरोग्य केन्द्र) में आयोजित दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर में विशेष रूप से मौजूद डॉ. रमेश टेवानी ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य हैं कि कैसे आहार को औषधि बनाया जाए, न कि औषधि को आहार बनाए।

केन्द्र पर संत जी का आशीर्वाद हैं कि जो भी इस स्थान की मिट्टी अपने तन पर लगाएंगे उनके सारे रोग मिट जाएंगे। आपने स्वयं अनुभव किया हैं यदि सदैव स्वस्थ रहना हैं और स्थायी स्वास्थ्य लाभ लेना हैं तो प्राकृतिक चिकित्सा के अलावा दूसरा कोई मार्ग नहीं हैं। जब आप प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाते हैं तो आप जीवन में सदैव के लिए निरोग हो जाते हैं और जीवन में कभी रोग नहीं आता हैं।



**12 अप्रैल को लगाया जाएगा अगला शिविर**

जब भी आहार का ग्रहण करें तो आपके मन में यह विचार होना चाहिए कि क्या यह आहार स्वास्थ्यवर्धक हैं या नहीं? अभी तक आप अनियमित दिनचर्या अपना रहे थे, लेकिन अब आपकी दिनचर्या में परिवर्तन कर दिया गया है, जो कि आपने स्वयं महसूस किया है, तभी आपके मन में पूर्ण विश्वास आया कि मैं स्वस्थ हो सकता हूं और स्वस्थ ही रहूंगा। कार्यक्रम के अंतिम में डॉ. लता टेवानी ने आभार व्यक्त कर अनुभव सत्र एवं कैंप का समापन किया। आगामी कैंप 12 से 21 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। शिविर एवं संस्था के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी प्राप्त करनी हो तो वह आरोग्य केन्द्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुलाब राय टेवानी से मोबाइल नंबर 7509010110, 6260777789 पर संपर्क कर सकते हैं।

14वीं सीनियर नेशनल ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता

## मप्र ने टीम इवेंट में रजत एवं ट्रिपल में कांस्य पदक जीते



**औबेदुल्लगंज।** कुरुक्षेत्र हरियाणा में 29 से 31 मार्च तक 14वीं सीनियर नेशनल ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें मप्र के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए औबेदुल्लागंज कर नाम रोशन किया। पुरुष वर्ग में टीम इवेंट में रजत एवं ट्रिपल पुरुष वर्ग में कांस्य पदक अर्जित किया।

मध्यप्रदेश टीम इवेंट में मिथुन मधु, सौरभ प्रजापति, अभिनंदन परस्ते, विशन कुमार जाटव, सिद्धार्थ चौहान, सूर्यवीर, विभोर, कौशलेंद्र तिवारी, बिशेन कुमार, राहुल कुमार सिंह, निरंजन कुमार सिंह एवं ट्रिपल में कनिष्क सरकार, तरुण ग्वारी, पीयूष मिश्रा, प्रिंस कीर, उदय ग्वारी, शिवा यादव थे।

भारत व नेपाल के विद्वानों ने संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मिलाया हाथ

# उज्जैन के महर्षि सांदीपनि वेद विद्या प्रतिष्ठान के सहयोग से नेपाल में गुरुकुल के विकास के लिए सहायता प्रदान करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

काठमांडू में तीन दिवसीय नेपाल-भारत अंतरराष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन के समापन के अवसर पर पांच सूत्री प्रस्ताव अपनाया गया। प्रतिभागियों ने महर्षि सांदीपनि वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन के सहयोग से नेपाल में गुरुकुल के विकास के लिए सहायता प्रदान करने का संकल्प भी लिया। भारत व नेपाल के विद्वानों ने संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हाथ मिलाया है। इसके तहत दोनों देशों के विद्वान हर साल अंतरराष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन आयोजित करेंगे। संस्कृत ग्रंथों, विशेष रूप से हिमालयी राष्ट्र में पाई जाने वाली पांडुलिपियों पर शोध व प्रकाशन की व्यवस्था करने के लिए एक अध्ययन केंद्र स्थापित किया जाएगा।



### पांच सूत्रीय प्रस्ताव अपनाया गया

काठमांडो में तीन दिवसीय नेपाल-भारत अंतरराष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन के समापन के अवसर पर पांच सूत्री प्रस्ताव अपनाया गया। प्रतिभागियों ने महर्षि सांदीपनि वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन के सहयोग से नेपाल में गुरुकुल के विकास के लिए सहायता प्रदान करने का संकल्प भी लिया। प्रस्ताव के अनुसार, नीति अनुसंधान प्रतिष्ठान नेपाल, दोनों देशों के संस्कृत अध्ययन केंद्र के प्रधान कार्यालय के रूप में कार्य करेगा। यह केंद्र संयुक्त अनुसंधान करेगा तथा नेपाल व भारत के संस्कृत ग्रंथों के प्रकाशन की व्यवस्था करेगा। यह नेपाल में पाई गई संस्कृत पांडुलिपियों का भी अध्ययन करेगा।

**नेपाल के पुरातत्व विभाग में संरक्षित हैं पांच लाख अप्रकाशित संस्कृत पांडुलिपियां**

अनुमान है कि नेपाल के पुरातत्व विभाग में लगभग पांच लाख अप्रकाशित संस्कृत पांडुलिपियां संरक्षित हैं। नीति अनुसंधान की तरफ से रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, भारत में नेपाली संस्कृत छात्रों की भाषा सीखने की क्षमता को बढ़ाने के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (दिल्ली) नेपाल में गुरुकुलों के पुस्तकालयों की सुविधा प्रदान करेगा और नेपाल में संस्कृत शैक्षणिक संस्थानों को आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध कराएगा। मालूम हो कि हाल ही में भारत ने नेपाल को बिजली देने की समयसीमा को भी बढ़ाया है।

**पाली और प्राकृत भाषाओं का भी किया जाएगा संरक्षण**

सम्मेलन में संस्कृत, पाली व प्राकृत भाषाओं के संरक्षण के साथ-साथ नेपाल और भारत के धर्म, संस्कृति, दर्शन, इतिहास व पुरातत्व को बढ़ावा देने का संकल्प भी अपनाया गया। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (दिल्ली) व इंडिया फाउंडेशन (दिल्ली) के सहयोग से नीति अनुसंधान प्रतिष्ठान की तरफ से आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन में दोनों देशों के 120 से अधिक संस्कृत विद्वान, प्रोफेसर व सरकारी अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

मंदिरों में हुई शीतला सप्तमी की पूजा

## महिलाओं ने परिक्रमा कर किए भजन कीर्तन, बासी खाने का लगाया भोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के वार्ड 13 स्थित खेड़ापति माता मंदिर में शीतला सप्तमी के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान महिलाओं ने माता शीतला की पूरे विधि विधान और उत्साह के साथ पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने मंदिर में पहुंचकर शीतला माता की पूजा कर ठंडे भोजन का भोग लगाया। इस दौरान महिलाओं ने भजन कीर्तन किए। इसके अलावा होलिका दहन वाले स्थान पर भी पहुंचकर महिलाओं ने परिक्रमा करते हुए विशेष पूजा अर्चना की।



**लोकसभा क्षेत्र**
सागर
1 भाजपा प्रत्याशी
लता वानखेड़े
2 कांग्रेस प्रत्याशी
चंद्रशेखर गुड्डू राजा

**पिछली बार कौन जीता**
राज बहादुर सिंह
जीत का अंतर
3 लाख 05 हजार 542

## क्या रहेंगे मुद्दे?

प्रदेश के अन्य क्षेत्रों की तरह सागर में भी राष्ट्रीय, प्रादेशिक और स्थानीय मुद्दे चर्चा में हैं, इसके साथ भाजपा बाहरी बनाम क्षेत्रीय का मुद्दा भी उछाल रही है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस किस तरह उप्र के दबंग परिवार के एक क्षत्रिय नेता को सागर पर थोपना चाहती है। दूसरी तरफ गुड्डू राजा का कहना है कि उन्होंने बहुत पहले से सागर जिले को अपना कार्यक्षेत्र बना रखा है। वे लोगों के सुख-दुःख में शामिल होते रहे हैं। हालांकि कांग्रेस नेताओं के रुख से भी बाहरी बनाम क्षेत्रीय के मुद्दे को हवा मिल रही है। वे न पार्टी के प्रति समर्पण दिखा रहे हैं, न पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का दबाव काम आ रहा है। लिहाजा, गुड्डू को अपने बूते ही चुनाव लड़ना पड़ सकता है।

### कांग्रेस को मिल सकता क्षत्रियों की नाराजगी का फायदा, गुड्डू राजा का बाहरी होना भाजपा के लिए 'सोने पे सोहागा'

# गुड्डू राजा कर रहे कांग्रेसियों की मान-मनौव्वल, लता को सरकार-संगठन की मदद

*भाजपा का गढ़ बन चुकी बुंदेलखंड अंचल की सागर लोकसभा सीट का चुनाव इस बार अलग अंदाज में देखने को मिलेगा। वजह है कांग्रेस प्रत्याशी का प्रदेश की सीमा से सटे उप्र के ललितपुर के दबंग परिवार से होना। जी हां, कांग्रेस ने चर्चित बुंदेला परिवार के चंद्रशेखर उर्फ गुड्डू राजा बुंदेला को प्रत्याशी बनाया है। गुड्डू ने विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस ज्वाइन की थी। इधर, भाजपा की ओर से राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष लता वानखेड़े मैदान में हैं। पलड़ा भाजपा का ही भारी है, पार्टी प्रत्याशी को संगठन और सरकार दोनों की मदद मिल रही है। फिर भी बुंदेला परिवार के मैदान में होने से मुकाबला दिलचस्प हो चला है, हालांकि गुड्डू राजा को कांग्रेस नेताओं की मान-मनौव्वल करना पड़ रही है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

हर चुनाव की तरह सागर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा जीत भले जाए लेकिन मुकाबला रोचक होगा। यह सच है कि सागर में सांगठनिक दृष्ट से भाजपा बहुत मजबूत है। भाजपा नेतृत्व ने अपने विधायकों को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि जिस प्रकार उन्होंने विधानसभा का चुनाव लड़ा, उसी तरह और उतनी ही ताकत से अपने अपने-अपने क्षेत्रों में लोकसभा का चुनाव लड़ें। बावजूद इसके कांग्रेस प्रत्याशी गुड्डू राजा कड़ी टक्कर दे सकते हैं। भाजपा ने सांसद राज बहादुर सिंह का टिकट काट कर लता वानखेड़े को प्रत्याशी बनाया है। इससे क्षेत्र के क्षत्रियों में नाराजगी है। सागर क्षेत्र


चंद्रशेखर गुड्डू राजा बुंदेला


लता वानखेड़े

में क्षत्रिय मतदाताओं की तादाद निर्णायक लगभग 2 लाख के आसपास है। इसके अलावा कांग्रेस को परंपरागत अजा, एवं मुस्लिमों का वोट भी काफी तादाद में मिलता है। गुड्डू राजा हैं भले बाहरी लेकिन उनका ललितपुर से सटे एक बड़े इलाके में खासा असर है। यहां वे क्षत्रियों के अलावा अन्य समाजों के वोट भी काफी मात्रा में ले सकते हैं। वे उप्र में बसपा के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। इस नाते बसपा से जुड़ा मतदाता भी उनके संपर्क में है। इसलिए भाजपा भले गुड्डू के बाहरी होने को अपने लिए 'सोने पे सोहागा' मान रही है लेकिन उसके लिए राह इतनी आसान भी नहीं है। हालांकि गुड्डू के लिए कांग्रेसी ही समस्या बने हुए हैं। गुड्डू को पार्टी नेताओं के घर-घर जाकर मान-मनौव्वल करना पड़ रही है। फिर भी वे घर से नहीं निकल रहे। वर्ष 1991 के चुनाव को छोड़ दें, जब कांग्रेस के आनंद अहिरवार चुनाव जीते थे, उसके बाद से सीट पर भाजपा का ही कब्जा है। वर्ष 2004 तक यह सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित रही, तब तक भाजपा के वीरेंद्र कुमार चुनाव जीतते रहे। 2008 के परिसीमन के बाद सागर सीट सामान्य हो गई। इसके बाद भाजपा से पहली बार 2009 में भूपेंद्र सिंह, दूसरी बार 2014 में लक्ष्मीनारायण यादव और तीसरी बार 2019 में राज बहादुर सिंह चुनाव जीते और सांसद बने।

### दो जिलों में फैला है सागर लोकसभा क्षेत्र

सागर लोकसभा क्षेत्र का विस्तार भौगोलिक आधार पर दो जिलों में है। इसमें तहत सागर जिले की 5 एवं विदिशा जिले की 3 विधानसभा सीटें आती हैं। सागर जिले की पांच विधानसभा सीटों में से सागर, नरयावली, सुरखी और खुरई में भाजपा का कब्जा है जबकि जिले की बीना सीट कांग्रेस के पास है। विदिशा जिले की तीनों सीटों कुरवाई, सिरोंज और शमशाबाद भाजपा के कब्जे में हैं। सागर और विदिशा दोनों भाजपा के गढ़ माने जाते हैं। विदिशा से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं, इसका फायदा भी भाजपा की लता वानखेड़े को मिलेगा। इस जिले में गुड्डू राजा का कोई खास संपर्क नहीं है। सागर लोससभा सीट में भाजपा की जीत का अंतर कभी कम नहीं रहा। 1991 में कांग्रेस के आनंद अहिरवार महज 9348 वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे जबकि भाजपा की जीत का अंतर तीन लाख तक से ज्यादा रहा।

### अजा, क्षत्रिय, ब्राह्मण, कुर्मी समाज का दबदबा

सागर सीट में वैसे तो सभी जातियों के मतदाता हैं लेकिन दबदबा अजा, क्षत्रिय, ब्राह्मण और कुर्मी समाज के वोटर्स का ज्यादा है। क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदाता अजा वर्ग के लगभग 3 लाख बताए जाते हैं। दूसरे नंबर पर लगभग 2 लाख वोटर क्षत्रिय समाज के हैं। राजबहादुर सिंह का टिकट कटने से यह वर्ग भाजपा से नाराज है और कांग्रेस ने इसी समाज के गुड्डू राजा को टिकट दे दिया है। तीसरे नंबर पर डेढ़ लाख के आसपास ब्राह्मण और एक लाख के आसपास कुर्मी समाज के मतदाता हैं। भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े कुर्मी समाज से हैं। लगभग 60 हजार जैन और इतने ही लोधी समाज के मतदाता हैं। यादव और मुस्लिम मतदाता भी अच्छे खासे हैं। क्षत्रिय, अजा और मुस्लिम कांग्रेस की ताकत हैं जबकि कुर्मी, ब्राह्मण सहित अन्य जातियां भाजपा के साथ बताई जाती हैं।

### आठ में से 7 विस सीटों पर भाजपा का कब्जा

विधानसभा की ताकत के लिहाज से सागर क्षेत्र में भाजपा बहुत मजबूत है। क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में से सात पर उसका कब्जा है। भाजपा के खाते में खुरई, सुरखी, नरयावली, सागर, कुरवाई, सिरोंज, शमशाबाद विधानसभा सीटें हैं और कांग्रेस के खाते में सिर्फ एक बीना सीट। जीत के अंतर में भी बड़ा फर्क है। कांग्रेस ने बीना में महज 6155 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की है जबकि सभी सीटों में कुल मिला कर भाजपा की जीत का अंतर 1 लाख 51 हजार 951 वोट है। डेढ़ लाख वोटों के इस अंतर को कांग्रेस के गुड्डू राजा कैसे कवर कर पाएंगे, यह बड़ा सवाल है।

## चाय पे चर्चा

▶▶ छोला दशहरा मैदान स्थित मां कर्मा टी स्टॉल पर चुनाव प्रचार को लेकर हुई चर्चा

# मतदाता चुप जरूर हैं, लेकिन अपनी समझदारी से डालेगा वोट

इस बार का मतदाता शांत है, आम लोगों में चुनाव को लेकर उत्साह नजर नहीं आ रहा है, लेकिन नामांकन जमा होने के बाद उम्मीदवार चुनाव प्रचार शुरू करेंगे, तो चुनावी माहौल भी बनेगा। हालांकि इस बार मतदाता शांत नजर आ रहा है। यह चर्चा इन दिनों चाय की दुकानों पर सुनी जा रही है। सोमवार को हरिभूमि की टीम छोला दशहरा मैदान स्थित मां कर्मा टी स्टॉल पर पहुंची, जहां कमल मीणा, दुर्गेश साहू और दिनेश सिंह चाय पर चर्चा करते नजर आए। दुर्गेश साहू ने कहा कि इस बार केंद्र में मोदी सरकार बनना तो तय नजर आ रहा है, लेकिन भाजपा की सीटें कम हो जाएंगी। भाजपा सरकार पहले से दो कार्यकाल पूरा कर चुकी है। ऐसे में सीटें कम होना तो लाजिमी है। चाय पी रहे कमल मीणा ने कहा कि भोपाल में इस बार भाजपा ने आलोक शर्मा को मदान में उतारा है। इस बार भोपाल में शर्मा को जीत



मिलेगी, जीत का अंतर कम हो सकता है। उम्मीद जताई जा रही है कि विधानसभा चुनाव में हारे शर्मा को भोपाल की जनता भारी मतों से जिताएगी। कांग्रेस ने इस बार अरुण श्रीवास्तव को मौका दिया है, लेकिन कांग्रेस उम्मीदवार की पकड़ वोटर्स पर नहीं दिख रही। हालांकि चुनावी प्रचार बढ़ने के बाद आम मतदाता का रुझान भी समझ आएगा।

### सी-विजिल एप पर आईं 1473 शिकायतें

**भोपाल।** मप्र में 16 मार्च से आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू होते ही सी-विजिल एप पर शिकायतें प्राप्त होने लगी हैं। एक अप्रैल तक प्रदेश के सभी जिलों से इस एप के माध्यम से कुल 1473 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। इसके लिए आम लोगों को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा। सीईओ अनुपम राजन ने बताया कि मुख्य रूप से सागर जिले में 165, ग्वालियर में 128, उज्जैन में 111, खरगोन में 70, शहडोल में 69, सीहोर में 60, रीवा में 59, धार में 57, भोपाल में 53, निवाड़ी में 51, रायसेन में 44 और राजगढ़ में 41 शिकायतों के साथ अन्य जिलों में भी शिकायतें मिली हैं। यदि नागरिक निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए गूगल प्ले स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा।

## जो हो न सका...

# भोपाल को औद्योगिक कॉरिडोर से जोड़ने की चर्चा तो खूब चली, लेकिन काम कुछ नहीं हुआ

औद्योगिक मामलों में भोपाल अभी काफी पीछे है और इसको लेकर घोषणाएं तो होती हैं, लेकिन लाभ नहीं मिल पाता है। करीब 8 साल पहले दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर (डीएमआईसी) एक महत्वाकांक्षी परियोजना बनाने की तैयारी हुई तो उम्मीद थी कि इंदौर और पीथमपुर व प्रदेश के अन्य हिस्सों की तरह भोपाल को भी लाभ मिलेगा। इसके लिए बाकायदा चर्चा और फाइलें भी चलीं, लेकिन परिणाम नहीं निकला। इसको लेकर राज्य सरकार ने भी प्रायस किए और आश्वासन भी मिले। आज भी भोपाल के उद्योगपतियों को इंतजार है कि प्रदेश से गुजरने वाले कॉरिडोर का लाभ उन्हें मिल सके।

इस कॉरिडोर के आसपास विकसित होने वाली औद्योगिक टाउनशिप में रोज़गार के अपार अवसर होंगे। एक छोटे-मोटे शहर की तरह विकसित होने वाली इन औद्योगिक टाउनशिप में लोगों को उनकी योग्यता के अनुसार काम मिलना तय है। 1483 किलोमीटर लंबाई वाले इस कॉरिडोर के प्रभाव क्षेत्र में



मध्यप्रदेश की 372 वर्ग किलोमीटर भू-भाग वाली इंटीग्रेटेड इंडसट्रियल टाउनशिप बस रही है। यह बहुत बड़ा इलाका है। इसके माध्यम से मध्य प्रदेश की आर्थिक तस्वीर में आमूलचूल बदलाव देखने को मिल सकता है। निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण बात यह भी है कि इस इंडसट्रियल टाउनशिप तक सड़क-हवाई अथवा रेल मार्ग से आसानी से पहुंचा जा सकता है। राष्ट्रीय राजमार्ग- 3 (आगरा-मुंबई) इसे सड़क मार्ग से जोड़ता है, जबकि इंदौर शहर इसे रेल और हवाई संपर्क प्रदान करता है। इसलिए उद्योगपतियों को इस बात का इंतजार है कि भोपाल को भी इस कॉरिडोर का लाभ मिले।

## गर्मी में कैसे करें प्रचार

### प्रचार पथ पर पसीना बहा रहे उम्मीदवारों को रखनी होगी विशेष सावधानी



लोकसभा चुनाव के पहले चरण की तारीख जैसे-जैसे नजतीक आ रही है। वैसे-वैसे सियासी पारा चढ़ने लगा है। उम्मीदवार व कार्यकर्ताओं ने प्रचार-प्रसार तेज कर दिया है तो वहीं 40 डिग्री से भी ज्यादा तापमान में चुनाव प्रचार में उतरे उम्मीदवारों को गर्मी ने बेहाल कर दिया है। डॉक्टरों के अनुसार गर्मी के सीजन में प्रचार-प्रसार के दौरान सभी उम्मीदवारों को जनसभाएं व डोर-टू-डोर संपर्क के दौरान विशेष सावधानी रखनी होगी। डॉ. जेपी पालीवाल के अनुसार गर्मी के मौसम में प्रचार-प्रसार के दौरान उम्मीदवार व कार्यकर्ताओं को पानी की कमी होने से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। इसकी वजह से वह कई बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पानी और मौसमी फलों और सब्जियों का सेवन करें। इसके अलावा नींबू पानी, लस्सी जैसी ड्रिंक्स भी पिएं। जरूरत पड़ने पर ओआरएस भी लें।

**चाय, कॉफी से करें परहेज**

डॉ. पालीवाल ने बताया कि अक्सर चुनाव प्रचार-प्रसार के दौरान उम्मीदवार व कार्यकर्ता चाय, कॉफी अधिक पीते हैं, लेकिन गर्मी के इस सीजन में इनसे परहेज करना चाहिए। चाय-कॉफी की जगह ठंडा पेय पदार्थों को पीना चाहिए। एक दम से अधिक पानी भी नहीं पीना चाहिए।

**मसालेदार भोजन से करें परहेज**

हीटवेव से बचने के लिए मसालेदार भोजन से भी दूरी बनाए रखें। साथ ही कोशिश करें कि इस मौसम में ज्यादा से ज्यादा प्लांट बेस्ड डाइट का सेवन करें और ताजे फल और सब्जियों के जूस को भी अपनी डाइट में शामिल करें। प्याज को खाना चाहिए तो वहीं प्रचार के दौरान सिर पर तौलिया या कपड़े को सिर पर रखें।

## फर्स्ट टाइम वोटर

### मैं विकास के मुद्दे पर करूंगी अपना पहला मतदान...

18 साल की आयु पूरी होने के बाद मैं पहली बार वोट डालूंगी। ये मेरे लिए काफी बड़ा पल होगा। मुझे केंद्र की सरकार चुनने का मौका मिलेगा। मेरा वोट विकास व रोजगार के मुद्दे पर होगा। जो भी पार्टी या उम्मीदवार विकास व युवाओं को रोजगार देगा, मैं उसको वोट करूंगी। पार्टी के घोषणा पत्र देख व परिजनों से सलाह लेकर मतदान करूंगी। मैं स्वयं वोट करूंगी साथ ही अपने कॉलेज व घर के आस-पास रहने वाली सहेलियों को वोट डालने के लिए प्रेरित करूंगी।



**कशिश पांडे**, युवा मतदाता

### समझदार है आज का युवा, योग्य जनप्रतिनिधि ही चुनेगा...

आज का युवा शिक्षित और समझदार हो चुका है। पहला मतदान अहम होता है। इसलिए आज का युवा योग्य जनप्रतिनिधि को ही अपना मतदान करेगा, साथ ही वह यह भी देखेगा कि जनप्रतिनिधि किस पार्टी से जुड़ा हुआ है। जिस पार्टी में देश का विकास, युवाओं का भविष्य दिखाई देगा उस प्रत्याशी का चुनाव युवा करेगा। युवा देश के भविष्य होते हैं, अतः सोच समझकर ही चुनाव करना चाहिए। इस चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो, इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करूंगी।



**प्रतिभा यादव**, युवा मतदाता

## जैसा मैंने देखा
## चुनाव...

### पहले शुचिता वाले चुनाव होते थे, शंका कुशंका नहीं, पूरी ईमानदारी से होते थे...

चुनाव को लेकर नई पीढ़ी से लेकर पुरानी पीढ़ी तक में चर्चाएं खास जगह बनाने लगी हैं। हाल-फिलहाल 15, 20 साल पहले तक के चुनाव तो वर्तमान पीढ़ी ने आसानी से देखे होंगे, लेकिन 40-50 साल पहले के चुनाव को लेकर वयोवृद्ध वरिष्ठ पत्रकार दिनकर शुक्ला ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर बताया कि आज चुनावी प्रक्रिया काफी सरल और हाईटेक हो गई है। यह अच्छी बात है, लेकिन पुराने समय में चुनाव शुचिता वाले होते थे। मत पत्रों से होने वाले चुनाव इतनी ईमानदारी और शंकारहित होते थे कि नकारात्मकता की बातें दूर की कौड़ी जैसी होती थीं। हर घर का दरवाजा खटखटाने की बात तो अलग है, उम्मीदवार लोगों के दिल जीतने वाले होते थे, जिन्हें वोट मांगने की नहीं, आम दिनों की तरह लोगों के बीच जाकर लोगों से बस मेलजोल की ही जरूरत होती थी। मत पेटी की बात हो या बैलेट की, सभी को लेकर कोई शंका-कुशंका नहीं होती थी। मत पत्रों की गिनती वाले दिन लोग गर्मी के दिनों में भी धूप में दिन-दिनभर मत गणना स्थल पर खड़े होकर अपने उम्मीदवार की जीत का इंतजार करते थे।

वयोवृद्ध वरिष्ठ पत्रकार **दिनकर शुक्ला** ने जैसा बताया। 92 वर्षीय श्री शुक्ला राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर के पत्रकार हैं। उन्होंने अपने समय में वर्षों तक प्रधानमंत्री, प्रदेश के तत्काली मुख्यमंत्री सहित कई हस्तियों के साथ विभिन्न देशों की यात्राएं कीं। वे बीबीसी, यूएनआई, पीटीआई जैसी विभिन्न समाचार एजेंसियों को अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

### 5 को दीपक सक्सेना भाजपा में होंगे शामिल, रीवा से पूर्व विधायक लक्ष्मण कांग्रेस में हुए शामिल

# छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहाके समेत दर्जनों कांग्रेस पदाधिकारियों ने ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा से विधायक कमलेश शाह को बेईमान व गद्दार बोलना कमलनाथ के सांसद बेटे और छिंदवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी नकुलनाथ को शोभा नहीं देता। आदिवासी भाइयों का अपमान करना कांग्रेस और कांग्रेस नेताओं की पुरानी आदत है। कांग्रेस ने जनजातीय समाज को हमेशा वोट बैंक समझा और विकास से उन्हें दूर रखा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहाके व अन्य कांग्रेस नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए यह बात कही।

यह कार्यक्रम सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित हुआ। इस मौके पर छिंदवाड़ा नगर निगम के सभापति प्रमोद शर्मा, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सिद्धांत थनेसर, पूर्व एनएसयूआई



जिला अध्यक्ष आशीष साहू, पूर्व एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष धीरज राऊत, पूर्व एनएसयूआई जिला कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य उपाध्याय, पूर्व एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सुमित दुबे ने भाजपा की रीति नीति और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष ने सभी को भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल मौजूद थे।

**सक्सेना टीम के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे**

महापौर अहाके ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद मीडिया से चर्चा में कहा कि 5 अप्रैल को वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपक सक्सेना अपनी पूरी टीम के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इस दौरान सैकड़ों कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता भाजपा में शामिल होंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस ने भाजपा में आने वाले नेताओं का सिलसिला अभी थमा नहीं है।

**अपमान से आहत होकर छिंदवाड़ा के महापौर भाजपा में आए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब जनता ने तय कर लिया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में छिंदवाड़ा में भी कमल का फूल खिलेगा। अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह के अपमान से आहत होकर छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहाके सहित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

**छिंदवाड़ा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे: डॉ. मोहन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा में कमलनाथ ने बहुत गड़बड़ किया है। नकुलनाथ ने आदिवासी भाइयों का अपमान किया है। गोड़ समाज के अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह को बेईमान और गद्दार बोलना नकुलनाथ को शोभा नहीं देता है। इन सब बातों से आहत होकर आज छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहाके सहित कांग्रेस पदाधिकारियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस पदाधिकारियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि छिंदवाड़ा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष व सांसद शर्मा ने कहा कि जिन कांग्रेस पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है, उनका भारतीय जनता पार्टी परिवार में स्वागत करता हूं।

**पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी कांग्रेस में आए**



*रीवा से पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी आज पीसीसी में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस में शामिल हो गए। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने उन्हे कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। तिवारी ने इससे पहले 2018 में भी भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे, किंतु बाद में उन्होंने फिर से भाजपा में शामिल हो गए थे। अब उन्होंने फिर से कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है।*

***महिला मोर्चा की बैठक में बोले क्षेत्रीय संगठन महामंत्री***

# विस के बाद अब लोकसभा के चुनाव में महिलाओं की बड़ी भूमिका होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक सोमवार को आयोजित हुई। बैठक को प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, लोकसभा चुनाव सह प्रभारी सतीश उपाध्याय एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने संबोधित किया। बैठक में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा से लेकर उनके



सशक्तिकरण तक के लिए मोदी सरकार ने जो कदम उठाए हैं, उनकी चर्चा विदेशों तक में हो रही है। महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि प्रदेश के विधानसभा चुनावों में महिला शक्ति ने बड़ी भूमिका निभाई थी। अब लोकसभा के चुनाव में महिलाओं की बड़ी भूमिका होगी।

## पेज 1 का शेष

### जब देश के मन में ...

विधानसभा में जिले की सभी सीटें इसलिए कांग्रेस जीती थी कि लोगों के मन में एक मानस था कि कमलनाथ मुख्यमंत्री बनेंगे, पर अब चुनाव देश का है। उन्होंने यह फैसला देश के मानस और छिंदवाड़ा को नई दिशा देने को लेकर लिया है। वे 'हरिभूमि' और 'आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

### उनसे सीधी बात...

5 साल के कार्यकाल का जवाब नहीं दे सकता, लेकिन आने वाले समय में जनता उनका हिसाब करेगी। मैं जनता के बीच सरकार की योजनाओं को लेकर जाऊंगा और वोट मांगूंगा। छिंदवाड़ा का विकास भाजपा के विजन से अछूता रहा है। इसलिए अगर छिंदवाड़ा का सांसद भी भाजपा का बनेगा, तो यहां के विकास को पंख लगेंगे। अब डबल इंजन की सरकार के साथ छिंदवाड़ा को जाना चाहिए। इससे यहां के विकास को और रफ्तार मिलेगी।

सवालः जब भाजपा में शामिल होने भोपाल के लिए निकले, तो कमलनाथ या जीतू पटवारी ने रोका नहीं ?

जवाबः निश्चित तौर पर जब कोई भी व्यक्ति लंबे समय से जुड़ा हो, तो दुख तो होता है। लेकिन कभी-कभी ऐसे निर्णय लेने पड़ते हैं। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से फोन तो काफी आए, लेकिन जब मन में मोदी हैं, तो क्या किसी से बात करना है। कमलनाथ ने ही मुझे यहां तक पहुंचाया है और जब मैंने भाजपा में जाने का निर्णय लिया तो हो सकता उनका मन दुखी हुआ हो, इसी वजह से उन्होंने मुझे फोन नहीं किया हो। मैं इतना बड़ा नेता नहीं हूं कि कमलनाथ और नकुलनाथ को भाजपा में जाने की बात कहूं। यह उनका अपना विचार है। मुझे तो अब छिंदवाड़ा के विकास के लिए काम करना है।

सवालः कमलेश शाह को नकुलनाथ ने गद्दार बोला है, आपका नंबर भी आने वाला है क्या ?

जवाबः कमलेश शाह आदिवासी समाज की पहचान हैं। वे राज परिवार से हैं। उन्होंने तीन पीढ़ियों से कांग्रेस का साथ दिया है और कांग्रेस की विचारधारा के साथ चले हैं। अब अगर वे स्वयं विवेक से कोई निर्णय लेते हैं, तो उनके लिए ऐसे शब्द बोलना अशोभनीय है। उन्होंने जो भी बोला वह ठीक नहीं है। मेरे बारे में वे क्या बोलेंगे यह मैं उन्हें नहीं समझा सकता। वे स्वयं समझदार हैं।

सवालः लोकसभा चुनाव को लेकर मप्र में क्या देख रहे हैं?

जवाबः पिछली बार भाजपा ने प्रदेश की 29 में से 28 लोकसभा सीटें जीती थीं। इस बार निश्चित तौर पर भाजपा 29 की 29 सीटें जीतेगी। पिछले बार छिंदवाड़ा छूट गई थी, वह भी इस बार भाजपा के खाते में जाएगी। बंटी साहू यहां से जीतकर लोकसभा में पहुंचेंगे। विधानसभा चुनाव में बंटी साहू हारे थे, उस समय परिस्थिति अलग थीं और इस चुनाव में परिस्थितियां अलग हैं। उस चुनाव में जिले की जनता ने कमलनाथ के मुख्यमंत्री के नाम पर वोट दिया था, लेकिन अब लोकसभा चुनाव राष्ट्र और मोदी के लिए है, इसलिए जनता भाजपा को वोट करेगी।

### ईडी का बड़ा दावा...

इस मामले में किसी तरह आतिशी और सौरभ भारद्वाज का नाम आया है। सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के जेल जाने के बाद केजरीवाल सरकार में दोनों ताकतवर मंत्री हैं। अधिकांश मंत्रालय इन्हीं दोनों के हवाले हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने आरोप लगाया है कि पार्टी के नेता विजय नायर ही पार्टी और घोटाले में शामिल 'साउथ लॉबी' के बीच माध्यम थे। ईडी ने दावा किया था कि केजरीवाल ने वीडियो कॉल पर शराब कारोबारी समीर महेंद्रू से बात की थी और विजय नायर को अपना आदमी बताते हुए उस पर भरोसा करने को कहा था। इसी बीच आतिशी ने एक्स पर दावा किया कि मंगलवार सुबह 10 बजे वे बड़ा खुलासा करेंगी।

**सुनवाई 3 अप्रैल को फिर शुरू होगी:** दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रुख भी किया है। यह तर्क देते हुए कि जांच एजेंसी ने उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया है। कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर 2 अप्रैल तक जवाब मांगा था। सुनवाई 3 अप्रैल को फिर शुरू होगी। आम आदमी पार्टी ने गिरफ़्तारी को राजनीतिक साजिश करार दिया है। 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उनकी गिरफ्तारी से विपक्षी खेमा लगातार विरोध जता रहा है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल लगातार सक्रिय हैं और वह उनके भेजे संदेशों को पढ़ रही हैं। पिछले हफ्ते अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के बाद सुनीता केजरीवाल ने दावा किया था कि अरविंद केजरीवाल की तबीयत खराब है। इस पूरे मामले पर अमेरिका और जर्मनी के बयानों के बाद भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने आपत्ति जताई थी और कहा था कि भारत का आंतरिक मामला है।

### 6.30 बजे चाय, लंच ...

सब्जी और पांच रोटी या चावल होगा। इसके बाद शाम 5:30 बजे ऐसा ही डिनर के लिए दिया जाएगा और 7 बजे सभी कैदयों को अपने बैरक में जाना होगा। केजरीवाल को जेल में टीवी देखने की सुविधा मिलेगी जिसमें 18 से 20 चैनल एक्सेस किए जा सकते हैं। अगर बात करें स्वास्थ्य से जुड़ी हुई तो उन्हें 24 घंटे डॉक्टर्स की सुविधा मिलेगी। वह एक हफ्ते में दो बार फैमिली सदस्यों से मिल सकेंगे।

### गीता, रामायण व ...

हिरासत में रहने के दौरान स्पेशल डाइट, दवा, किताबें मांगी हैं। इसके अलावा सीएम ने धार्मिक लॉकेट पहनने की अनुमति भी मांगी है।

### जो लोग इस पर...

लेकर हंगामा कर रहे हैं और इस पर गर्व कर रहे हैं उन्हें पछतावा होगा। पीएम मोदी ने सवाल किया कि क्या कोई एजेंसी 2014 में उनके केंद्र की सत्ता में आने से पहले के चुनावों के लिए धन के स्रोत और उनके लाभार्थियों के बारे में बता सकती है।

### हर काम में राजनीति ...

सिर्फ इसलिए कि मैं एक राजनीतिक नेता हूं इसका मतलब यह नहीं है कि मैं केवल चुनाव जीतने के लिए काम करता हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ता है और लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है।

### मैं इस घर में डोली ...

चुनाव प्रचार करना है तो वे किसी दूसरे घर में चली जाएं। एक ही घर से कांग्रेस और बीएसपी का प्रचार मुमकिन नहीं है। लेकिन, कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने भी इसका तगड़ा जवाब दिया है। उन्होंने कहा है कि वे भारतीय नारी हैं। जीते जी अपने पति का घर नहीं छोड़ेंगी। कांग्रेस पार्टी के प्रचार के लिए घर छोड़ने का सवाल ही नहीं उठता। इस घर में मैं डोली में बैठ कर आई थी अब इस घर से अर्थी ही उठेगी। कंकर मुंजारे का कहना है कि आपको कांग्रेस का प्रचार करना है खूब करो। लेकिन, यहां से मत करो। यहां से मैं कैंडिडेट हूं। ये मेरा घर है और, यहां पर आप भी रहोगी और बाहर जाकर हमारे खिलाफ बोलोगी। चूंकि, आप हमारी विरोधी हो तो चुनाव तक इस घर में मत रहो। 19 तारीख तक आप कहीं और जाकर रहो।

### मिस्ड कॉल अभियान ...

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अन्य महत्वपूर्ण सदस्य शामिल हुए। बैठक में कई मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई और अलग-अलग विषय पर सभी ने अपने अमूल्य सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि बैठक में 2047 के विकसित भारत के रोड मैप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के संकल्प पत्र के बारे में चर्चा हुई। चुनाव घोषणा पत्र को लेकर भाजपा द्वारा चलाए गए देशव्यापी अभियान के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि लगभग 35 दिनों तक 916 वीडियो वैन ने देशभर में 3500 से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया। देश के 100 से ज्यादा शहरों में अलग-अलग समाज के वर्गों, व्यावसायिक, व्यापारिक एवं बुद्धिजीवी संगठनों के साथ सभाएं की गईं, मिस्ड कॉल अभियान चलाया गया और नमो एप के जरिए भी सुझाव लिए गए। गोयल ने आगे बताया कि मिस्ड कॉल अभियान के जरिए देशभर से पौने 4 लाख के लगभग सुझाव आए और नमो ऐप पर भी 1 लाख 70 हजार के लगभग सुझाव आए। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में इन सुझावों का संकलन करते हुए इसे शॉर्ट लिस्ट किया गया है जिस पर आज सार्थक चर्चा हुई और इसके आधार पर पार्टी अपना संकल्प पत्र तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा हर संकल्प पत्र में हर विषय को गंभीरता से लेती है और गंभीरता से चर्चा के बाद ही उन मुद्दों को संकल्प पत्र में लेती है।

### मनोज यादव की ...


विधायक मीरा दीपक को उम्मीदवार बनाया है। इसी के साथ डॉ. मनोज यादव को समाजवादी पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। बता दें कि खजुराहो सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा हैं, जिनके सामने मीरा दीपक चुनावी मैदान में उतरी हैं। मनोज यादव साल 2014 के लोकसभा चुनाव में विदिशा सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रहे हैं। उस दौरान भाजपा की सुषमा स्वराज के सामने उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद साल 2023 के विधानसभा चुनाव में बिजावर से उन्हें फिर टिकट मिला था, हालांकि, उनका टिकट काटते हुए रेखा यादव को सपा ने उम्मीदवार बना दिया था। लोकसभा चुनाव 2019 में खजुराहो से भाजपा उम्मीदवार वीडी शर्मा थे और उनके सामने समाजवादी पार्टी ने वीर सिंह पटेल को खड़ा किया था। सपा प्रत्याशी को केवल 40 कुछ हजार वोट ही मिले थे। वहीं, वीडी शर्मा के खाते में 8 लाख से ज्यादा मत आए थे।

### 3500 करोड़ रु....

ने कोर्ट में कहा कि हमने 1700 करोड़ का नोटिस कांग्रेस को भेजा है। आयकर ने कोर्ट को भरोसा दिया कि अभी चुनाव का समय चल रहा है। लिहाज हम इन पैसों की रिकवरी को लेकर कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। वहीं, कांग्रेस की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हम कोई प्रॉफिट कमाने वाली संस्था नहीं हैं, हम सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी हैं। प्रॉपर्टीज को अटैच करके पहले ही 135 करोड़ लिए जा चुके हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने धार ...

भी कहा है कि विवादित स्थल पर कोई भी भौतिक खुदाई नहीं की जानी चाहिए, जिससे इसका मूल स्वरूप बदले। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ याचिका पर नोटिस जारी किया है, जिसमें एएसआई को विवादित स्थल भोजशाला और कमल मौला मस्जिद में सर्वेक्षण करने के निर्देश दिया गया था। खास बात यह है कि कोर्ट ने इस मामले से जुड़े सभी पक्षों को नोटिस भेज दिया है। सोमवार को भोजशाला के सर्वे का 11 वां दिन था।



## श्रीकांत आ रहा है सबकी आंखें खोलने', 10 मई को होगी रिलीज

**मुंबई।** एक्टर राजकुमार राव अब जल्द ही अपने फैंस के लिए फिल्म 'श्रीकांत' लेकर आ रहे हैं जिसका नाम पहले श्री रखा गया था। फिल्म अक्षय तृतीया के मौके पर 10 मई को थिएटर में रिलीज होगी। फिल्म के पोस्टर में एक टैगलाइन भी लिखा गया है, 'आ रहा है सबकी आंखें खोलने'। ये फिल्म भारत के एक नेत्रहीन बिजनेस मैन श्रीकांत बोल्ला की रियल स्टोरी पर आधारित है। जिसमें राजकुमार लीड रोल में नजर आने वाले हैं। बता दें कि, श्रीकांत बोल्ला बौलेंट इंडस्ट्रीज के संस्थापक हैं, जो आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव से आते हैं। वे मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूएसए में पढ़ाई करने वाले पहले अंतरराष्ट्रीय नेत्रहीन छात्र थे, जिन्होंने अपनी दृष्टिहीनता को समस्या नहीं बल्कि चैलेंज समझा और कामयाबी की नई इबारत लिखी।

**लाइफ Style**


# खुशी कपूर

## 'द आर्चीज' के बाद हाथ लगी दो बिग मूवीज

दिवंगत फिल्म अभिनेत्री श्रीदेवी की छोटी बेटी व जाह्नवी कपूर की छोटी बहन खुशी कपूर ने जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' के साथ अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। सुहाना खान, अगस्त्य नंदा और वेदांग रैना जैसे सितारों के साथ खुशी कपूर की इस फिल्म को दर्शकों ने खासा पसंद किया था।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस मूवी में वेरोनिका का किरदार निभाने का बाद वाहवाही लूट चुकीं खुशी कपूर अब अपनी दूसरी फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं। खबर है कि अदाकारा खुशी कपूर ने एक नहीं बल्कि 2 बड़ी फिल्में साइन की हैं। इन दोनों ही फिल्मों में वो बॉलीवुड के चर्चित स्टारकिड्स के साथ ऑन स्क्रीन नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अदाकारा खुशी कपूर जल्दी ही धर्मा प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनने वाली फिल्म 'नादानियां' में नजर आएंगी। इस फिल्म में अदाकारा खुशी कपूर के साथ सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान अपने धमाकेदार बॉलीवुड डेब्यू की तैयारी में हैं। इतना ही नहीं, इसके अलावा खुशी कपूर इब्राहिम अली खान के बाद आमिर खान के शहजादे जुनैद खान की भी अगली फिल्म में नजर आने वाली हैं।



मकान मालिक व बेटे की करतूत

## छात्रा को उसके दोस्त के साथ निर्वस्त्र कर जबरदस्ती 'नचाया'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

एक मकान मालिक और उसके बेटे ने शराब के नशे में उनकी किराएदार और नर्सिंग की छात्रा और उसके दोस्त को निर्वस्त्र कर नचाया और बेल्ट से उनकी पिटाई की। मामले को लेकर पीड़िता छात्रा पुलिस के पास पहुंची, जिसके बाद पुलिस ने दोनों बाप-बेटे को नंदा नगर से गिरफ्तार कर लिया। दोनों पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट, छेड़छाड़ और मारपीट का प्रकरण दर्ज किया। दरअसल, सीधी जिले की 17



साल की छात्रा इंदौर के परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहती थी। जहां नशे में धुत मकान मालिक और उसके बेटे की हैवानियत सामने आई। आरोपियों ने छात्रा और उसके दोस्त को निर्वस्त्र किया।



## राजनीति में एंट्री के बाद कंगना नहीं करेंगी 'लॉक अप 2' को होस्ट!

**मुंबई।** एक्ट्रेस कंगना रनौत राजनीति में एंट्री करने के बाद से लगातार चर्चा का विषय बनी हुई हैं। एक्ट्रेस ने राजनीति में कदम रख लिया और अब वो इस साल लोकसभा इलेक्शन लड़ने जा रही हैं। कंगना को बीजेपी की तरफ से हिमाचल प्रदेश के मंडी से टिकट दिया गया है। इसी बीच खबरें हैं कि, एक्ट्रेस का शो लॉक अप सीजन 2 भी जल्द ही आने वाला है। लॉक अप का पहला सीजन काफी हिट रहा था। इस शो को कंगना रनौत ने होस्ट किया था। अब लोगों के मन में सवाल है कि, क्या राजनीति में एंट्री के बाद कंगना रनौत 'लॉक अप 2' को होस्ट करेंगी? अब एकता कपूर ने शो को लेकर बड़ा अपडेट दिया है।

### एकता कपूर ला रहीं लॉकअप सीजन 2

एकता कपूर के शो लॉकअप सीजन 1 को कंगना रनौत ने होस्ट किया था। शो को दर्शकों की तरफ से काफी पसंद किया गया था। बीते दिन अंकिता लोखंडे और विक्की जैन की होली पार्टी में शामिल होने एकता कपूर पहुंची थी। पार्टी के बाद जब एकता पार्टी से घर जा रहीं थी तब पैपराजी ने उन्हें घेर लिया और कंगना के चुनाव लड़ने पर रिएक्ट करने के लिए कहा। इस दौरान एकता ने शो लॉक अप सीजन 2 को लेकर बड़ा अपडेट दिया।

### सीजन 2 को होस्ट करेंगी कंगना रनौत?

एकता कपूर से पैपराजी ने कंगना की राजनीति में आने को लेकर सवाल किया था। लेकिन एकता ने इस सवाल का गोल मोल जवाब देते हुए बस इतना कहा कि- मैं उम्मीद करती हूं को वो मेरे लॉकअप के नेक्स्ट सीजन को होस्ट करे।

इसके बाद एकता हंसते हुए वहां से चली जाती हैं।

### पहले सीजन के विनर थे मुनव्वर फारूकी

बता दें कि लॉकअप सीजन 1 साल 2022 में ओटीटी पर स्ट्रीम हुआ था। सीजन में कई विवादित सेलेब्स को लाया गया था। पहले सीजन में 16 कंटेस्टेंट्स ने हिस्सा लिया था। जिसमें मुनव्वर फारूकी, स्वामी चक्रपाणि, बबीता फोगाट, सारा खान, शिवम शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, अंजलि अरोड़ा, निशा रावल, पायल रोहतगी, तहसीन पूनावाला और करनवीर वोहरा आदि शामिल थे।

दिल्ली के एक गांव में तेंदुए से दहशत

## घर में घुसकर 5 लोगों पर हमला, कमरे में किया बंद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के वजीराबाद के जगतपुर गांव में सोमवार को एक तेंदुआ घुस आया। गांव में तेंदुए के घुसते ही अफरा-तफरी मच गई। इसी बीच तेंदुए ने गांव के 5 लोगों को पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। गांव वालों ने तेंदुए की सूचना पुलिस प्रशासन और वन विभाग की टीम को दी। जिसके बाद मौके पर दिल्ली अग्निशमन सेवा की



टीम पहुंची। दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि दहशत फैला रहे तेंदुए को पकड़ लिया गया है। हमें घटना की जानकारी सुबह करीब 6.20 बजे मिली और मौके पर दो दमकल की गाड़ियों को भेजा गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से तेंदुए को एक कमरे में बंद कर दिया गया। पुलिस उपायुक्त नॉर्थ एमके मीना ने कहा कि जगतपुर गांव से एक घर में तेंदुए के घुसने की सूचना मिली थी, जिसके बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और वन विभाग के अधिकारियों को सूचित किया गया। पुलिस ने बताया कि तेंदुए के हमले में पांच लोग घायल हो गए।

हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409



छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
08116592844

आवश्यक सूचना
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
1200/-
10X4
40
1 अप्रैल 2022 से लागू

## राशिफल

**मेष:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परन्तु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रुझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन:** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी। लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धनार्जन हो सकता है।

**सिंह:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला:** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु:** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रुझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोतरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रुचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन:** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5469



**बाएँ से दाए**
1.राजा का पुत्र-5
4.मन को हरने वाला-4
7.काल,समय,पीरियड-2
8.खोदना-3
9.मोटा आटा-2
10.पशु,मवेशी-4
11.जलापूर्ति का साधन-2
13.पुत्र,बेटा-3
14.क्षार,खारा-2
15.दर,मूल्य-3
17.नौका-2
19.नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22.लालन-पालन-5
25.अच्छा,भला-2
26.पूर्ण करना-3
28.गोष्ठी,सम्मेलन-2
29.हुनरमंद-3
30.पिता का भाई -2
32.कुरुपता-4
34.इसाई साध्वी -2
36.टेंशन,परेशानी-3
37.खुजली -2
38.अशक्त,निर्बल-4
39.नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.झगड़ा, बैर,द्वेष-2
2.सद्पुरुष,अच्छे कुल का-3
3.सार-संभाल-2,3
4.विचार करना-3
5.प्रत्येक-2
6.परंपरा,धर्मविधी-4
7.आवास, गरीबखाना-5
10.संपत्ति-4
12.भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16.भालू-बंदर नचाने वाला-3
17.मां की मां-2
18.भय,खौफ-2
20.वेग,गति-3
21.मुंह,चेहरा-2
22.पैर,ओहदा-2
23.वर्धनशील,बढ़नेवाला-4
24.शकरगंजी,कंद-5
25.सभागार,सभाकक्ष-5
26.भयंकर,खतरनाक-4
27.मोड़-2
31.कायर,डरपोक-3
33.तीन घंटे का समय,प्रहर-3
35.भीगा हुआ-2
37.नौकरानी-2

**शब्द पहेली- 5468 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | क | पू | र | ■ | अ | च | र | ज |
| ज | य | ■ | रा | ■ | क्षि | ति | ज | ■ | त | ला |
| ना | ■ | अ | मा | न | त | ■ | र | वा | ■ | व |
| न | सी | ह | | ■ | व | ह | ■ | म | का | न |
| खा | ■ | म | ■ | र | न | र | | | ल | ■ |
| ना | म | क | र | ण | ■ | स | ला | ह | का | र |
| ■ | हा | ■ | ■ | वी | रा | ना | ■ | र | ■ | ज |
| का | न | न | ■ | र | ज | ■ | | जा | प्र | त |
| म | ■ | र | ज | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ | प |
| का | र | ■ | ग | ज | रा | ■ | ज | ■ | प | ट |
| ज | न | म | त | ■ | ना | ट | क | का | र | ■ |

## सूडोकू नववाल- 5480

मध्यम



## खबर संक्षेप

### महिंद्रा की बिक्री मार्च में चार प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** घरेलू वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा की मार्च में कुल बिक्री चार प्रतिशत बढ़कर 68,413 इकाई हो गई। कंपनी ने सोमवार को फरवरी के बिक्री आंकड़े जारी करते हुए कहा कि एक साल पहले की समान अवधि में उसने 66,041 इकाइयों की बिक्री की थी।

### हुंडई की बिक्री बढ़कर 7,77,876 इकाई रही

**नई दिल्ली।** देश की दूसरी बड़ी वाहन विनिर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया की कुल बिक्री मार्च में सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 65,601 इकाई रही। कंपनी ने मार्च 2023 में 61,500 वाहन बेचे थे। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने मंगलवार को बिक्री आंकड़े जारी किए। वाहनों की घरेलू थोक बिक्री पिछले महीने पांच प्रतिशत बढ़कर 53,001 इकाई रही।

### मारुति की कुल बिक्री में 10 फीसदी का इजाफा


**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की कुल बिक्री इस साल मार्च में 10 प्रतिशत बढ़कर 1,87,196 इकाई हो गयी। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 1,70,071 वाहन बेचे थे। मारुति सुजुकी इंडिया ने बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी ने 17,93,644 इकाइयों की उच्चतम वार्षिक घरेलू बिक्री दर्ज की।

### टाटा मोटर्स की घरेलू बिक्री दो फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स की मार्च में कुल घरेलू थोक बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 90,822 इकाई रही। एक साल पहले समान महीने में कंपनी ने घरेलू बाजार में 89,351 वाहन बेचे थे। घरेलू बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों सहित यात्री वाहनों की बिक्री मार्च में 50,297 इकाई रही। यह पिछले साल की समान अवधि की 44,225 इकाई से यह 14 प्रतिशत अधिक है।

### एमजी मोटर इंडिया की बिक्री 23 प्रतिशत घटी



**नई दिल्ली।** एमजी मोटर इंडिया की मार्च में खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 23 प्रतिशत घटकर 4,648 इकाई रह गई। मोटर वाहन विनिर्माता ने मार्च 2023 में 6,051 इकाइयों की बिक्री की थी। बयान के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की बिक्री सालाना आधार पर करीब 14 प्रतिशत बढ़ी।

### टोयोटा ने मार्च में अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने मार्च में 27,180 इकाइयों की बिक्री के साथ अब तक की सर्वाधिक मासिक थोक बिक्री दर्ज की है। आपूर्ति पिछले महीने 25 प्रतिशत बढ़कर 22,910 इकाई हो गई। एक साल पहले की समान अवधि में उसने 21,783 वाहनों की बिक्री की थी। 2023-24 के लिए कंपनी ने 2,63,512 इकाइयों की अब तक की सर्वाधिक थोक बिक्री दर्ज की, जो 2022-23 में 1,77,683 इकाइयों की तुलना में 48 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

# सुविधाः अब उड़ान के लिए यात्रियों बैठकर नहीं करना होगा लंबा इंतजार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अक्सर विमान में बैठने के बाद उड़ान में काफी देरी होती है और उस बीच यात्रियों को बाहर निकलने भी नहीं दिया जाता। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। बीसीएएस नई गाइडलाइंस जारी की है। इसके मुताबिक अब फ्लाइट में बोडिंग के बाद लंबे समय तक उड़ान नहीं भरने की स्थिति पर उससे बाहर निकल सकेंगे।

कई बार ऐसा होता है कि विमान में बैठने के बाद उड़ान में काफी देरी होती है और उस बीच यात्रियों को बाहर निकलने भी नहीं दिया जाता। लेकिन, अब यह नियम बदल गया है। एविएशन सेफ्टी को देखने वाली संस्था ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) नई गाइडलाइंस जारी की है। इसके मुताबिक, अब फ्लाइट में बोर्डिंग के बाद लंबे समय तक उड़ान नहीं भरने की स्थिति में यात्री बाहर निकल सकेंगे। कई बार ऐसी शिकायतें आईं थीं कि यात्री विमान में सवार होने के बाद के लंबे समय के लिए फंस जाते हैं। इस दौरान कुछ मामलों में तो यात्रियों की विमान स्टाफ से झड़प भी हो गई थी। इन्हीं घटनाओं के मद्देनजर नई गाइडलाइंस जारी की गई है।

#### इसलिए बदली व्यवस्था

कई बार यात्री विमान में सवार होने के बाद के लंबे समय के लिए फंस जाते हैं। इस दौरान यात्रियों की विमान स्टाफ से झड़प भी हो चुकी हैं। इन्हीं घटनाओं के मद्देनजर नई गाइडलाइंस जारी की गई है।



#### पैसेंजर ने पायलट को मारा था

इस साल जनवरी में इंडिगो की फ्लाइट (6ई-2175) के पैसेंजर ने उड़ान में ज्यादा देरी पर पायलट को थप्पड़ मारा था। उसने थप्पड़ मारने के बाद कहा था- चलाना है तो चला नहीं तो खोल गेट। पैसेंजर की हरकत पर एयर होस्टेस ने कहा था- सर, ये गलत है। आप ऐसा नहीं कर सकते। इस पर पैसेंजर ने कहा- मैं ऐसा क्यों नहीं कर सकता।

#### ताकि यात्रियों को कम परेशानी हो

बीसीएएस के महानिदेशक जुल्फिकार हसन ने सोमवार को बताया कि नए दिशानिर्देश 30 मार्च को एयरलाइंस और एयरपोर्ट संचालकों के लिए जारी किए गए थे और अब ये लागू हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ये गाइडलाइंस सुनिश्चित करेंगी कि यात्रियों को कम परेशानी हो और उन्हें विमान में सवार होने के बाद ज्यादा वक्त तक बैठे ना रहना पड़े। देश में घरेलू हवाई यातायात तेजी से बढ़ रहा है और हर दिन लगभग 3,500 उड़ानें संचालित की जाती हैं। बढ़ते हवाई यातायात के बीच हवाई अड्डों पर भीड़ से निपटने के लिए बीसीएएस और अन्य अधिकारियों ने कई कदम उठाए हैं।

### केंद्रीय मंत्री हाइब्रिड कारों पर जीएसटी में कमी चाहते हैं

# केंद्रीय मंत्री गडकरी ने ली प्रतिज्ञा, रोड से हटा देंगे 36 करोड़ पेट्रोल-डीजल वाहन

एजेंसी ▸▸ नागपुर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारत को हरित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए देश में हाइब्रिड वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कम करने की वकालत की है। इसके साथ ही उन्होंने देश से 36 करोड़ से अधिक पेट्रोल और डीजल वाहनों से पूरी तरह मुक्त बनाने का संकल्प किया है।

यह पूछे जाने पर कि क्या भारत को पेट्रोल और डीजल वाहनों से पूरी तरह मुक्त कराना संभव है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा, '100 प्रतिशत।' गडकरी ने कहा, 'यह मुश्किल है, नामुमकिन नहीं।' उन्होंने कहा कि भारत ईंधन आयात पर 16 लाख करोड़ रुपए खर्च करता है।

#### भारत ईंधन आयात पर 16 लाख करोड़ रुपए खर्च करता है

#### हाइब्रिड पर पांच व फ्लेक्स पर 12 फीसदी हो जीएसटी

मंत्री ने कहा कि हाइब्रिड वाहनों पर जीएसटी घटाकर पांच प्रतिशत और फ्लेक्स इंजन पर 12 प्रतिशत करने का प्रस्ताव वित्त मंत्रालय को भेजा गया है, जो इसपर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि देश जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देकर ईंधन आयात को समाप्त कर सकता है।



*हम जीवाश्म ईंधन ऊर्जा प्रणाली पर अधिक निर्भर : ग्रीनपीस इंडिया के प्रचारक अविनाश चंचल ने कहा, 'भारत में हम अब भी इलेक्ट्रिक वाहनों को चलाने के लिए जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा प्रणाली पर बहुत अधिक निर्भर हैं। इसे बदलने की जरूरत है। जलवायु संकट से निपटने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ-साथ 100 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा सुनिश्चित करने की तत्काल जरूरत है।'*

#### लक्ष्य को पूरा करने कोई समयसीमा तय नहीं

मंत्री ने कहा कि इस पैसे का इस्तेमाल किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा, गांव समृद्ध होंगे और युवाओं को रोजगार मिलेगा। गडकरी ने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए कोई समयसीमा नहीं दी, जिसे हरित ऊर्जा के समर्थक भी बेहद कठिन मानते हैं।

#### पांच से सात साल में चीजें बदल जाएगी

गडकरी ने कहा कि वह 2004 से वैकल्पिक ईंधन की वकालत कर रहे हैं और उन्हें भरोसा है कि आने वाले पांच से सात साल में चीजें बदल जाएंगी। मंत्री ने कहा, 'मैं आपको इस बदलाव के लिए कोई तारीख और साल नहीं बता सकता क्योंकि यह बहुत कठिन है। यह मुश्किल है, नामुमकिन नहीं।'


#### आने वाला युग वैकल्पिक ईंधन का होगा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि जिस गति से इलेक्ट्रिक वाहन पेश किए जा रहे हैं, आने वाला युग वैकल्पिक तथा जैव ईंधन का होगा और यह सपना सच होगा। गडकरी ने कहा कि बजाज, टीवीएस और हीरो जैसी मोटर वाहन कंपनियां भी फ्लेक्स इंजन का इस्तेमाल करके मोटरसाइकिल बनाने की योजना बना रही हैं।

# सोना 68,420 रुपए के नए रिकॉर्ड स्तर पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 1,070 रुपये के उछाल के साथ 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।



एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,120 रुपये की तेजी के साथ 78,570 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,450 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

- सोने में 1070 रुपए का उछाल
- चांदी में भी 1120 रुपए की तेजी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, 'सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती के करीब पहुंच रहा है जिससे सराफा कीमतों में बढ़ोतरी को रफ्तार मिल रही है।' 'इसके अतिरिक्त चीन की मजबूत मांग भी सोने की कीमतों में वृद्धि का कारण बन रही है।

#### पीएमआई और अमेरिकी आंकड़े होंगे जारी

बीएनपी पारिबा बाय शेयरखान में एसोसिएट उपाध्यक्ष बुनियादी मुद्रा एवं जिंस प्रवीण सिंह ने कहा, 'इसके अलावा, सोमवार को मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर इंडेक्स (पीएमआई) सहित प्रमुख अमेरिकी आंकड़े जारी किए जाएंगे, जो फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति के दृष्टिकोण को आगे की दिशा प्रदान करेंगे।'

# जीएसटी संग्रह मार्च में 1.78 लाख करोड़ रुपए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बीते वित्त वर्ष 2023-24 के मार्च महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपए हो गया। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से मार्च में जीएसटी संग्रह बढ़ा है।



- अब तक का दूसरा सबसे ऊंचा आंकड़ा
- संग्रह सालाना आधार पर 11.5 फीसदी बढ़ा

यह अबतक का दूसरा उच्चतम मासिक जीएसटी संग्रह है। अबतक का सर्वाधिक जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2023 में 1.87 लाख करोड़ रुपए दर्ज किया गया था। मार्च में संग्रह बढ़ने के साथ समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कुल जीएसटी संग्रह 20.14 लाख करोड़ रुपए हो गया जो वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 11.7 प्रतिशत अधिक है। इस वित्त वर्ष में औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले 1.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक था। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा, ''मार्च, 2024 के लिए सकल जीएसटी राजस्व में सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.78 लाख करोड़ रुपए का दूसरा सबसे बड़ा संग्रह देखा गया।

#### घरेलू लेनदेन में हुई बढ़ोतरी

घरेलू लेनदेन में 17.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से कर संग्रह में यह उछाल दर्ज किया गया। मार्च महीने में रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.65 लाख करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 18.4 प्रतिशत अधिक है।

# एक अप्रैल से आयकर व्यवस्था में कोई नया बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में लोगों के लिए नई आयकर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं है। व्यक्तिगत करदाता अपना आईटीआर दाखिल करते समय इस व्यवस्था से बाहर निकलने का विकल्प चुन सकते हैं। मंत्रालय ने यह स्पष्टीकरण सोशल मीडिया पर जारी उन सूचनाओं के बाद दिया जिसमें एक अप्रैल से प्रभावी नई कर व्यवस्था में कुछ बदलावों का दावा किया गया है। मंत्रालय ने कहा, 'एक अप्रैल 2024 से कोई नया बदलाव नहीं किया गया है।' एक अप्रैल 2023 से शुरू हुए वित्त वर्ष में लोगों के लिए एक संशोधित नई आयकर व्यवस्था लागू की गई थी, जिसके तहत कर दरें ''काफी कम'' हैं। उसमें पुरानी व्यवस्था की तरह विभिन्न छूट तथा कटौती (वेतन से 50,000 रुपए और पारिवारिक पेंशन से 15,000 रुपए की मानक कटौती के अलावा) का लाभ मौजूद नहीं है।

# एनटीपीसी ने 3,924 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता जोड़ी

- कंपनी की कुल स्थापित क्षमता लगभग 76,000 मेगावाट हो गयी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने 2023-24 में 3,924 मेगावाट उत्पादन क्षमता जोड़ी। इसके साथ कंपनी की कुल स्थापित क्षमता लगभग 76,000 मेगावाट हो गयी है।

कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि 3,924 मेगावाट क्षमता में बांग्लादेश में चालू दूसरी इकाई तथा अनुषंगी इकाइयों एनटीपीसी ग्रीन



एनर्जी लि. (एनजीईएल) और एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लि. (एनआरईएल) की पहली बार जोड़ी गई क्षमताएं शामिल हैं। वित्त वर्ष में 3,924 मेगावाट की नई क्षमता के साथ देश की सबसे बड़ी बिजली कंपनी की संचयी रूप से स्थापित क्षमता लगभग 76,000 मेगावाट पर पहुंच गई है। देश की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी एनटीपीसी देश में बिजली की कुल जरूरत का एक चौथाई हिस्सा पूरा करती है। इससे पहले, एनटीपीसी ने रविवार को कहा कि उसने वित्त वर्ष 2023-24 में 422 अरब यूनिट बिजली का उत्पादन किया।

#### कच्चे इस्पात का उत्पादन बढ़कर 1.92 करोड़ टन पर...



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी सेल का वित्त वर्ष 2023-24 में कच्चे इस्पात का उत्पादन पांच प्रतिशत बढ़कर 1.92 करोड़ टन रहा। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की ओर से जारी बयान के अनुसार, 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में इसका 'हॉट मेटल' का उत्पदान छह प्रतिशत बढ़कर 2.05 करोड़ टन रहा। वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में बिक्री योग्य इस्पात उत्पादन सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.84 करोड़ टन रहा। कंपनी ने इस वर्ष सालाना आधार पर पांच प्रतिशत अधिक 1.71 करोड़ टन की बिक्री दर्ज की। यह इसकी अबतक की सर्वाधिक बिक्री है। बयान के अनुसार, 'सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय इस्पात बाजार में बढ़ती मांग के साथ कंपनी के रणनीतिक तालमेल को दिया है। उन्होंने बदलती बाजार आवश्यकताओं के प्रति उत्तरदायी रहते हुए कंपनी की उत्पादन क्षमताओं को और बढ़ाने की सेल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।'

# नए वित्त वर्ष के पहले दिन शेयर बाजार की मजबूत शुरूआत

एजेंसी ▸▸ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को नये वित्त वर्ष के पहले दिन की शुरुआत मजबूत रही और बीएसई सेंसेक्स 363 अंक के लाभ में रहा। कारोबार के दौरान एक समय दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये थे।



- सेंसेक्स 363 अंक चढ़ा, निफ्टी में रही 135 अंक की तेजी
- एशिया के अन्य बाजारों में मजबूत रुख रहा

एशिया के अन्य बाजारों में मजबूत रुख तथा विदेशी पूंजी प्रवाह के साथ घरेलू बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 363.20 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,014.55 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 135.10 अंक की बढ़त के साथ 22,462 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'नए वित्त वर्ष के पहले दिन घरेलू बाजार की शुरुआत अच्छी रही। इस बात के संकेत हैं कि निकट भविष्य में गति अनुकूल बनी रहेगी।

*इन शेयरों में रही घट-बढ़ : रियल्टी और धातु शेयरों का प्रदर्शन बेहतर रहा जबकि दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) तथा वाहन शेयरों का कारोबार हल्का रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाइटन, नेस्ले, भारती एयरटेल और इंडसइंड बैंक शामिल हैं।*

### केवाईसी की डेडलाइन 31 मार्च को खत्म हो गई

# डेडलाइन खत्म पर इन खातों में दोबारा केवाईसी की जरूरत नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

म्यूचुअल फंड केवाईसी (केवाईसी) की डेडलाइन 31 मार्च को खत्म हो गई है, लेकिन इसके मौजूदा निवेशकों को थोड़ी राहत दी गई है। इसके तहत निवेशकों को अब अपने मौजूदा म्यूचुअल फंड खाते के लिए दोबारा केवाईसी कराने की जरूरत नहीं है। ऐसे निवेश एसआईपी (एसआईपी) और अन्य योजनाओं में निवेश जारी रख सकते हैं।

- एसआईपी और अन्य योजनाओं में निवेश जारी रख सकते हैं

इससे पहले कहा गया था कि सभी म्यूचुअल फंड के निवेशकों के लिए 31 मार्च से पहले नई केवाईसी अनिवार्य थी। ऐसा न करने पर खाते निष्क्रिय हो जाएगा। इसके बाद हाल ही में केवाईसी रजिस्ट्रेशन एजेंसी सीडीएसएल ने नई सूचना जारी की, जिसमें कहा गया है कि सभी निवेशकों को अपने केवाईसी रिकॉर्ड को अपडेट करने की आवश्यकता नहीं है। यह केवल उन्हीं पर लागू हो, जिनके नए म्यूचुअल फंड खुले हैं।

#### इनके लिए जरूरी नहीं

सीडीएसएल ने कहा है कि अगर आपका केवाईसी रिकॉर्ड निर्धारित आधिकारिक वैध दस्तावेजों का उपयोग करके सत्यापित हैं और आपका मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी भी सत्यापित है, तो इस प्रक्रिया से गुजरने की कोई जरूरत नहीं है। यानी किसी निवेशक ने अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी सत्यापित कर लिया है और उनके द्वारा दिया गया पता प्रमाण दस्तावेज आज की तारीख में आधिकारिक तौर पर वैध दस्तावेजों की सूची में है, तो उन्हें फिर से केवाईसी कराने की जरूरत नहीं है।




#### ये दस्तावेज होंगे मान्य

आधिकारिक तौर पर वैध दस्तावेजों में आधार कार्ड, पासपोर्ट और मतदाता पहचान पत्र सहित अन्य शामिल हैं। बैंक स्टेटमेंट और बिजली-पानी जैसे यूटिलिटी बिल अब केवाईसी के लिए वैध नहीं माने जाएंगे। पहले इन बिलों को वैध मान लिया जाता था।

#### बंद नहीं होल्ड पर होगा खाता

इसके अलावा, सीडीएसएल ने कहा है कि म्यूचुअल फंड योजना में लेनदेन करने रहने के लिए निवेशकों के साथ 31 मार्च तक नई केवाईसी कराने की बाध्यता नहीं है। अगर कोई निवेशक नई केवाईसी नहीं करा पाता है, तब भी वह अपने म्यूचुअल फंड खाते में लेनदेन कर पाएगा। उसका खाता बंद (ब्लॉक) नहीं होगा बल्कि कुछ समय के लिए रोक (होल्ड) दिया जाएगा। जैसे ही निवेशक दोबारा केवाईसी कराएंगे, उनका म्यूचुअल फंड खाता शुरू कर दिया जाएगा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं मोहित लोधी पार्टनर मध्यांश एंटरप्राइजेज एलएलपी निवासी हाउस नं. 96, राज सम्राट कालोनी अयोध्या बासपास भोपाल घोषणा करता हूं कि:
मेरे द्वारा ग्राम कटारा तहसील कोलार जिला भोपाल खसरा क्रमांक 338/2, 340/2 कुल रकबा 0.405 हेक्टेयर पर नगर तथा ग्राम निवेश विभाग जिला भोपाल से अनुमति क्रमांक BPLLP18112324574 दिनांक 30 जनवरी 2024 को अवंती होम्स नाम से परियोजना की अनुमति ली गई थी किन्हीं अन्य कारणो से मैं अपनी परियोजना का नाम ''अवंती होम्स'' से बदलकर ''प्रधान अवंती'' करना चाहता हूं जिसके लिए मेरे द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश विभाग जिला भोपाल में आवेदन भी जमा कर दिया गया है जिस भी किसी व्यक्ति संस्था को यदि कोई आपत्ति हो तो कृपया सूचना प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर मुझसे या मेरे अधिवक्ता से संपर्क करें।
मो.: 6263306442
(मोहित लोधी)

## चिंतन

# बैंकिंग सेक्टर में पांचवीं पीढ़ी के सुधार की जरूरत

भारत की विकास यात्रा अनवरत जारी रहे, इसके लिए सरकार की प्रगतिशील व नवाचारी आर्थिक नीतियों के साथ मजबूत बैंकिंग व्यवस्था भी जरूरी है। भारतीय रिजर्व बैंक का बैंकिंग नियमन और भारतीय बैंकिंग सिस्टम यूं तो विश्व की बेहतर बैंकिंग व्यवस्थाओं में से एक है, इसके बावजूद इसमें उत्तरोत्तर सुधार की जरूरत बनी रहती है। रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। इसमें पीएसयू बैंकों की भूमिका अहम होगी। जहां वित्तीय क्षेत्र में उभरते बदलावों के साथ नये बैंक ढांचे की जरूरत है, वहीं मौजूदा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की भी। बदलते परिदृश्य में 'वित्तपोषण, परिचालन और कारोबारी मॉडल' के नए तरीकों की आवश्यकता होगी। उद्योग के सामने कृत्रिम मेधा (एआई) और ब्लॉकचेन की चुनौतियां भी हैं। ये डिजिटल बैंकिंग और फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) जैसे नवोन्मेष पर बढ़ती निर्भरता के बीच बैंक, साइबर सुरक्षा की तस्वीर बदल रही हैं। ऐसी स्थिति में, हमें बैंकिंग की संरचना में आवश्यक बदलाव के बारे में सोचने की जरूरत है। आरबीआई का प्राथमिक लक्ष्य 2016 से मुद्रास्फीति को काबू में रखना बन गया है। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी नए वित्त वर्ष की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा से कुछ दिन पहले आई हैं। रिजर्व बैंक को मौद्रिक उपायों के लिए नीतिगत ब्याज दरों के फार्मूले से बाहर भी देखना होगा। भारतीय बैंकिंग सिस्टम पहली पीढ़ी की बैंकिंग से चौथी पीढ़ी की बैंकिंग व्यवस्था की यात्रा कर चुकी है। स्वतंत्रता-पूर्व अवधि (1947 तक) पहली पीढ़ी की बैंकिंग के दौरान छोटे और स्थानीय बैंकों ने जन्म लिया। 1947-1967 तक दूसरी पीढ़ी की बैंकिंग का दौर चला। 1967-1991 तक तीसरी पीढ़ी की बैंकिंग निजी बैंकों के राष्ट्रीयकरण का काल था। भारत ने क्लास बैंकिंग से मास बैंकिंग की तरफ कदम बढ़ाया। 1991-2014 तक चौथी पीढ़ी की बैंकिंग के दौरान अनेक ऐतिहासिक सुधार हुए। निजी एवं विदेशी बैंकों को नए लाइसेंस जारी किए गए। वर्तमान में वर्ष 2014 के बाद से, बैंकिंग क्षेत्र ने जेएएम (जन-धन, आधार और मोबाइल) को अपनाने और भुगतान बैंकों तथा लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) को लाइसेंस जारी करने जैसे कार्यों के माध्यम से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है। अब पांचवीं पीढ़ी की बैंकिंग की जरूरत है। 1991 में आई नरसिम्हम समिति की रिपोर्ट में घरेलू व निजी बैंक के साथ तीन से चार बिग वाणिज्यिक बैंक की सिफारिश की गई थी। सरकार ने कुछ बैंकों का विलय कर दिया है। डीएफआई व बैड बैंक की स्थापना की दिशा में कदम उठाए हैं। अब विशिष्ट बैंकिंग की दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है। ये विशेष बैंक, आरएएम (रिटेल, एग्रीकल्चर, एमएसएमईज) जैसे क्षेत्रों में अनिवार्य वित्त की पहुंच को आसान बनाएंगे। डिजिटल बैंकिंग के अगले चरण ब्लॉकचेन बैंकिंग अपनाने की जरूरत है। इसके लिए ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी को लागू करना पड़ेगा। बैंकिंग में एनपीए पर नियंत्रण के साथ कर्ज जोखिम को कम करना होगा। भारतीय बैंकिंग को ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक ज़िम्मेदारी और गवर्नेंस) फ्रेमवर्क का भी पालन करना चाहिए। एक गतिशील अर्थव्यवस्था में जिम्मेदार बैंकिंग प्रणाली स्थापित करना आवश्यक है। रिजर्व बैंक को इन चीजों पर ध्यान देना चाहिए।



पाकिस्तान
प्रभात कुमार रॉय

# चीनियों के खिलाफ बलोचों का विद्रोह

वैश्विक राजनीति के विशेषज्ञों के मुताबिक बलूचिस्तान में जंग-ए-आजादी की अग्नि इस कदर प्रज्वलित हो चुकी है कि बारूद के ढेर पर बैठे हुए पाकिस्तान का यह विद्रोही प्रांत कभी भी जबरदस्त विस्फोट कर सकता है। बलोच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान के आधिपत्य से बलूचिस्तान आजाद कराने का लौह संकल्प लिया है। इसी प्रबल संकल्प के तहत बलोच लिबरेशन आर्मी पाकिस्तानी सेना के विरुद्ध गोरिल्ला युद्ध विगत 15 वर्ष से निरंतर लड़ रही है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी का आत्मघाती दस्ता मजीद ब्रिगेड सुर्खियों में है। क्योंकि उसने ग्वादर पोर्ट के पास एक बार फिर से चीनी इंजीनियरों के कॉनवाय पर आत्मघाती आक्रमण किया।

विश्व पटल पर एक बार फिर से बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी का आत्मघाती दस्ता मजीद ब्रिगेड सुर्खियों में है। क्योंकि हाल में उसने पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट के पास कोल्वा कस्बे में घात लगाकर एक बार फिर से चीनी इंजीनियरों के कॉनवाय पर आत्मघाती आक्रमण अंजाम दिया। इस आत्मघाती हमले में पांच चीनी इंजीनियरों को हलाक कर दिया गया। इस हमले की जिम्मेदारी बलोच लिबरेशन आर्मी के आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड ने ली। इस हमले को आतंकवादी आक्रमण का करार देकर खारिज नहीं किया जा सकता। इस बलोच हमले ने पाकिस्तान के स्वयं के और अपने मुल्क में चीन के नागरिकों की सुरक्षा पर प्रबल सवालिया निशान लगा दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 से ग्वादर पोर्ट पर पाकिस्तान और चीन की इकोनामिक कॉरिडोर परियोजना के तहत चीन की हुकूमत तकरीबन 62 मिलियन डालर की विशाल धनराशि का निवेश कर रही है। चीन की हुकूमत ने अपने नागरिकों की और अपने आर्थिक निवेश की हिफाजत पर निरंतर जोर दिया है। आर्थिक तौर पर एकदम कंगाल हो चुके पाकिस्तान को इस चीन के आर्थिक निवेश की जबरदस्त दरकार है। चीन के इंजीनियरों के ऊपर अंजाम दिया गया यह आत्मघाती आक्रमण शाहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री पद संभाल लेने के चंद हफ्तों के भीतर हुआ है। पाकिस्तान में उग्रवाद के विशेषज्ञ और स्वतंत्र विश्लेषक फाखर काकाखेल के मुताबिक प्रतीकात्मक रूप से हमला अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके अनुसार इस हमले से बलोच लिबरेशन आर्मी विश्वव्यापी तौर पर सुर्खियों में आ गई है और बलोच विद्रोही वस्तुतः यही चाहते थे। बलोच विद्रोही सारी दुनिया को यह पैगाम देना चाहते थे कि कड़े सुरक्षा इंतजामों के बावजूद वह अपनी आक्रामक रणनीति में कामयाब रहे। यह हमला ग्वादर इलाके के हाई सिक्युरिटी जोन में अंजाम दिया गया।

वैश्विक राजनीति के विशेषज्ञों के मुताबिक बलूचिस्तान में जंग-ए-आजादी की अग्नि इस कदर प्रज्वलित हो चुकी है कि बारूद के ढेर पर बैठे हुए पाकिस्तान का यह विद्रोही प्रांत कभी भी जबरदस्त विद्रोही विस्फोट कर सकता है। बलोच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान के आधिपत्य से बलूचिस्तान आजाद कराने का लौह संकल्प लिया है। इसी प्रबल संकल्प के तहत बलोच लिबरेशन आर्मी पाकिस्तानी सेना के विरुद्ध गोरिल्ला युद्ध विगत 15 वर्ष से निरंतर लड़ रही है। बलोच लिबरेशन आर्मी का सशस्त्र संघर्ष अधिकतर पहाड़ी इलाकों में रहा है, जबकि उसका आत्मघाती दस्ता मजीद ब्रिगेड शहरी इलाकों में भी हमले कर चीनी इंजीनियरों और पाकिस्तानी फौज को अपना निशाना बनाता रहा है। इसमें कराची और ग्वादर में अंजाम दिए गए आत्मघाती हमले भी शामिल हैं। बलूचिस्तान पाक का प्रांत है।

वर्ष 1973 में बलोच लिबरेशन फ्रंट की बुनियाद ईरान में रखी गई थी। बलोच कबीला पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान के इलाकों में सदियों से निवास करता है। बलूचिस्तान क्षेत्रफल की दृष्टि से पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है जो कि पाकिस्तान के संपूर्ण क्षेत्रफल का तकरीबन 40 फ़ीसदी हिस्सा है।



बलूचिस्तान एक करोड़ आबादी वाला प्रांत है। पाक के बलूचिस्तान प्रांत की सरहद अफगानिस्तान और ईरान से मिलती है। बलूचिस्तान प्रांत तेल, कोयला, सोना, तांबा और गैस के भंडारों के साथ प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है। लेकिन दुर्भाग्य से यह पाकिस्तान का सबसे गरीब व सबसे पिछड़ा हुआ प्रांत है।

बलोच लिबरेशन फ्रंट एक स्वाधीन बलूचिस्तान के निर्माण के लिए विगत 50 वर्षों से संघर्षरत है। ब्रिटिश शासन के साम्राज्यवादी दौर से ही नेपाल और भूटान की तरह से बलूचिस्तान स्वायत्तशासी और स्वाधीन इलाका था। जिसका शासक नवाब मीर खान था, जिसे कलात सरदार भी कहा जाता था। भारत के दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन के तत्पश्चात निर्मित किए गए पाकिस्तान के प्रथम राष्ट्रपति मोहम्मद अली जिन्ना ने भी प्रारम्भ में बलूचिस्तान को एक स्वायत्तशासी और स्वाधीन इलाके के तौर पर स्वीकार किया था, किंतु बाद में वर्ष 1948 में मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा पाक फौज भेज कर नवाब मीर खान को अगवा करा लिया गया और कराची में फौजी बंदूक के साए में मीर खान से जबरन बलूचिस्तान का पाक में विलय करने के दस्तावेज पर दस्तखत करा लिए गए।

वस्तुतः बलूचिस्तान में सशस्त्र विद्रोह की शुरुआत 1948 से ही नवाब नौरोज खान के नेतृत्व में हो गई थी। यह बलोच बगावत तकरीबन एक दशक तक जारी रही और अंततः जनरल अयूब खान की फौज द्वारा इसे कुचल दिया गया। 1971 में बांग्लादेश की आजादी से प्रेरित होकर बलोच बागियों ने फिर से सरदार अकबर खान बुगती की कयादत में सशस्त्र संघर्ष शुरू किया। वर्ष 2006 में पाक फौज द्वारा सर्वोच्च बलोच लीडर अकबर खान बुगती की हत्या की गई थी। उसके पश्चात बलोच बगावत और अधिक तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बलोच के संघर्ष को लाल किला के प्राचीर से भारत का नैतिक समर्थन प्रदान किया गया।

चीन द्वारा पाक और चीन कॉरिडोर को लेकर 2018 में ग्वादर में निर्माण कार्य शुरू किया गया था। नवंबर 2018 में बलोच लिब्रेशन आर्मी ने कराची में चीनी दूतावास पर आक्रमण किया। 2019 में इस तंजीम ने ग्वादर के पीसी होटल पर आत्मघाती हमला किया था, जिसमें कि पांच चीनी इंजीनियर मारे गए थे। 13 अगस्त 2023 को अंजाम दिए गए हमले की जिम्मेदारी बलोच लिब्रेशन आर्मी ने ली थी। 2011 में बलोच लिबरेशन आर्मी के आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड का गठन किया गया था। यह दस्ता बलोच यौद्धा मजीद लांग के नाम पर गठित किया गया था। मजीद लांग की मौत के बाद उसके छोटे भाई का जन्म हुआ, जिसका नाम भी मजीद रखा गया था। वह भी प्रतिबंधित बलोच लिबरेशन आर्मी में शामिल हो गया। 2011 में क्वेटा के पास मजीद एक खूनी मुठभेड़ में मारा गया। उसकी मौत के दिन इस तंजीम के गठन का ऐलान किया गया। बलोच लिबरेशन आर्मी के कमांडर उस्ताद असलम ने दोनों भाइयों की बहादुरी को देखते हुए, इस आत्मघाती तंजीम का नाम मजीद ब्रिगेड रख दिया।

आजकल बलोच विद्रोही व पाक तहरीक-ए-तालिबान के पश्तून बागी उस संपूर्ण इलाके को अपना निशाना बना रहे हैं, जहां से होकर पाक-चीन आर्थिक गलियारा गुजर रहा है। इस कॉरिडोर की हिफाजत के लिए चीन ने अपने सैनिक भेजने की पेशकश की, जिसको पाक ने ठुकरा दिया है, क्योंकि वह अमेरिका की नजर में चीन का सैन्य साझीदार देश नहीं बनना चाहता। अफगानिस्तान में तालिबान हुकूमत स्थापित हो जाने के बाद बलोच और पश्तून बागियों के संघर्ष में एक नई जान आ गई है। वे अफगानिस्तान में अपने गोरिल्ला कैंप बना लिए हैं। इन विद्रोहियों की भरपूर इमदाद अफगान तालिबान कर रहे हैं। विधि की विडंबना देखिए जिन अफगान तालिबान को पाकिस्तानी फौज ने पाला पोसा और परवान चढ़ाया था और फिर अफगानिस्तान में सत्तानशीन कराया था, वही आज पाकिस्तान के दुश्मन बनकर उभरे हैं।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## मुद्दा
सुरेश हिंदुस्तानी



# अंसारी की मौत पर राजनीति क्यों

भारत के कुख्यात अपराधी मुख्तार अंसारी की मौत के मामले को राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रकार मौत के बहाने एक बार फिर से तुष्टिकरण की राजनीति की जा रही है। आतंकियों और अपराधियों को संप्रदाय से अलग देखने की क़वायद करने वाले कुछ राजनीतिक दल इस मौत को भी सांप्रदायिक चश्मे से देख रहे हैं। जबकि यह सत्य है कि किसी भी अपराधी को सजा उसके स्वयं के कर्म ही देते हैं। लेकिन राजनीतिक दलों को इसमें भी वोट की राजनीति करने का बहाना मिल जाता है। आज उत्तरप्रदेश अपराध मुक्त राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहा है, जिसके कारण अपराध करने वाला अपने कर्म को करने से पहले उसकी होने वाली परिणति को भांप लेता है और संभल जाता है, लेकिन उत्तरप्रदेश के विपक्षी दलों की दिशाहीन राजनीति फिर से उसी मार्ग पर जाने का रास्ता बनाने वाली दिख रही है, जिस मार्ग पर चलकर उत्तर प्रदेश बहुत पीछे हो गया था। आज राजनीति को अपराध से मुक्त करने की आवश्यकता है। ऐसी ही नीति बनाकर राजनीतिक दलों को अपने कदम बढ़ाने चाहिए। लेकिन हम यह भी भलीभांति जानते हैं कि इस प्रकार की राजनीति के माध्यम से देश में जिस प्रकार का खेल खेला गया, उससे न तो देश का भला हुआ और न ही उस समाज का ही भला हुआ। आज इस बात से कोई भी व्यक्ति इंकार नहीं कर सकता कि बाहुबल का पर्याय बन चुकी उत्तर प्रदेश की राजनीति में अब पहले जैसी धमक नहीं है। सरकारों को अपने संकेतों पर चलाने वाले उत्तर प्रदेश में माफिया राज का अंत हो चुका है। उल्लेखनीय है कि लम्बे समय से उत्तरप्रदेश में माफिया राज हावी था, यह माफिया हो चाहता था, राजनीतिक संरक्षण में उसको अंजाम भी देता रहा है। जिसके कारण तमाम अपराधी रंगदारी, हत्या, हत्या के प्रयास और ज़मीन पर कब्ज़ा करने के लिए अपनी दबंगई दिखाते थे, अब वैसी दबंगई नहीं दिखती तो इसके पीछे शासन और प्रशासन की सकारात्मक सक्रियता ही है।

उत्तरप्रदेश में बाहुबली नेता के तौर पर स्थापित होकर राजनीति करने वाले मुख्तार अंसारी की मौत पर जमकर राजनीतिक बयानबाजी की जा रही है, कोई मुख्तार की मौत को हत्या बताने की राजनीति की जा रही है तो कोई इसे वोट कबाड़ने की सीढ़ी बनाने का प्रयास कर रहा है। ये सभी जानते हैं कि मुख्तार अंसारी कोई सामान्य अपराधी नहीं था, उस पर 65 मामले दर्ज थे, जिनमें उसको आठ में सजा भी मिल चुकी थी, लेकिन इसके बाद भी इस कुख्यात अपराधी के साथ राजनीतिक दलों का खड़े होना कई प्रकार के प्रश्न पैदा कर रहा है। विपक्षी दल जो आरोप लगा रहे हैं, वे एक अपराधी को समर्थन देने जैसा हैं। इससे यह भी अर्थ निकाला जा सकता हैं कि विपक्ष की राजनीति का आधार भी माफिया ही हैं क्या?

आज ज़ब विपक्षी राजनीतिक दलों की ओर से मुख्तार अंसारी की मौत के कारणों की जांच की मांग की जा रही है, तब इसे इसलिए न्यायसंगत कहा जा सकता है कि जांच की मांग करना पूरी तरह से न्यायोचित है, लोकतांत्रिक देश में यह अधिकार सभी को है, लेकिन किसी घटना के बारे में निर्णय कर देने की राजनीतिक परंपरा जनता को भ्रमित करने जैसी ही मानी जाएगी। ऐसे में यही कहा जा सकता है कि एक अपराधी को महिमामंडित करके उसके क्रियाकलापों का समर्थन करना राजनीति को अपराध से युक्त करना एक राजनीतिक प्रयास ही माना जाएगा। यहां एक सवाल यह भी उपस्थित हो रहा है कि मुख्तार अंसारी के परिजनों ने यह स्पष्ट तौर पर कहा था कि उनकी तबियत बहुत ही खराब है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साफ हो गया है कि , मुख्तार की मौत हार्ट अटैक से हुई। ऐसे में मौत के कारणों को लेकर सवाल उठाना राजनीति के अलावा कुछ नहीं। एक समय अपराध की दुनिया के शातिर रह चुके मुख्तार अंसारी की वह ज़मीन पूरी तरह से खिसक चुकी थी, जिसके सहारे लोगों में डर का माहौल बनता था।

उत्तरप्रदेश लम्बे समय तक अपराध युक्त राजनीति का केंद्र रहा है। तमाम अपराधी भी इसके सहारे राजनीतिक संरक्षण प्राप्त करते रहे हैं। इस संरक्षण के माध्यम से बाहुबली राजनीति के पर्याय बने नेताओं ने जहां एक ओर ज़मीनों पर अवैध कब्जा किए, वहीं कभी कभी निर्दोष लोगों को डराने के लिए हत्या जैसे कारनामों को भी अंजाम दिया। इसके बाद भी कई राजनेता उनके साथ खड़े दिखाई दिए। आज ज़ब राजनीति को अपराध से मुक्त करने की आवाज उठाई जाती है, तब उसका इशारा यह स्पष्ट संकेत देता है कि बाहुबल के सहारे जो खेल खेला जाता है, उस पर रोक लगना चाहिए, लेकिन कुछ राजनीतिक दल इस पर मौन साध लेते हैं। यही मौन उनको संरक्षण प्रदान करता है। उत्तरप्रदेश में निश्चित रूप से आज हालात बदले हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिना किसी भेदभाव के प्रदेश को अपराध से मुक्त करने का साहस दिखाया है, उसके परिणाम भी दिखाई देने लगे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## हड़बड़ी न करें, क्योंकि धैर्य का फल हमेशा मीठा होता है!



संकलित
**दर्शन**

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

## श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद करता है!



संकलित
**प्रेरणा**

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछाः हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोलाः हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछाः अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहाः मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूँ। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोलाः महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूँ, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहाः नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोलाः किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

## सटाका




## आज की पाती

### इंडी गठबंधन के पाले बदल गए, चेहरे वही है

इंडी के लिए राजनीति झालमेल है। कांग्रेस गठबंधन का चरित्र ही बदला नजर आ रहा है। इसके चलते चौतरफा विरोध के स्वर फुट रहे है। इंडी गठबंधन सत्ता के सपने बुन रहे उसके कार्यकर्ताओं ने ही झकझोर कर रख दिया है। केजरीवाल की 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत बढ़ गई है। इनका सता का सपना सच नही हो सकता है।केजरीवाल का दामन कांटो भरा है। केजरीवाल अगर दूध के धुले होते तो कोर्ट हिरासत क्यो बढ़ाती? लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से आए सैकड़ो बागियों को भाजपा में तरजीह मिली है। यह अपने अपने दल की विचारधारा है। - कांतिलाल मांडोत, सूरत

## ट्रेंड

### प्राथमिकताएं स्पष्ट




बैंकिंग व्यवस्था को लेकर हमारे विजन में बड़ी-बड़ी कंपनियों से लेकर रेहड़ी-पटरी वाले भाई-बहनों की जरूरतों पर भी हमारा फोकस है। आज भारत की प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं, इसलिए इसे प्रगति करने से कोई रोक नहीं सकता।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भगवान राम के पास सत्य था




भगवान राम जब सत्य के लिए लड़े, उनके पास सत्ता नहीं थी, संसाधन नहीं थे, उनके रथ भी नहीं था। रथ रावण के पास था, संसाधन रावण के पास थे। भगवान राम के साथ आशा थी, आस्था थी, विनम्रता थी, धीरज था, साहस था और सत्य था।
- प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता

### बहुत उत्साहित हूं



डिज्नी में मुख्य डीईआई अधिकारी के रूप में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। बॉब इगर और कैथलीन कैनेडी की सामग्री को और अधिक जीवंत बनाने के लिए उनके साथ काम करने का इंतजार नहीं कर सकता। यहां तक कि भाषाई भी।
-एलन मस्क, उद्योगपति


### मां को सुकून



मां को बच्चों के लिए स्वेटर बुनना बहुत अच्छा लगता है। एक बार जब स्वेटर बन जाये तो तब तक सुकून नहीं मिलता जब तक मैं या मेरा भाई राजू स्वेटर्स को बच्चों को देने का सुबूत उनको ना दें।
-अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर

# गाजा के मुख्य अस्पताल से हटी इजराइली सेना



इजराइली सेना ने दो हफ्तों तक किए गए हमलों के बाद गाजा के मुख्य अस्पताल से अपने सैनिकों को हटा लिया और अपने पीछे तबाही के बड़े निशान छोड़ दिए हैं। फलस्तीनी निवासियों ने यह जानकारी दी। इजराइली सैनिकों को हटाए जाने के बाद सोमवार को सुबह सैकड़ों लोग शिफा अस्पताल और आसपास के इलाकों में लौटे जहां उन्हें अस्पताल के अंदर और बाहर शव पड़े मिले। इजराइली सेना ने इस हमले को करीब छह महीने से चल रहे युद्ध के सबसे सफल अभियान में से एक बताया और कहा कि उसने सैकड़ों हमास और अन्य आतंकवादियों को मार गिराया तथा कुछ अहम खुफिया दस्तावेज भी जब्त किए। इजराइली सेना हटाए जाने के बाद इलाके में लौटे मोहम्मद महदी ने घटनास्थल के दृश्य को ''पूरी तबाही'' बताया। उन्होंने कहा कि कई इमारतें जला दी गयीं। उन्होंने इलाके में छह शवों की गिनती की। इनमें से दो शव अस्पताल परिसर में पड़े थे। एक अन्य निवासी याहिया अबू औफ ने कहा कि अस्पताल में मरीज, चिकित्सा कर्मी तथा विस्थापित लोग मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि कई मरीजों को नजदीकी अहली हॉस्पिटल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि सेना के बुलडोजर ने अस्पताल परिसर के भीतर एक अस्थाई कब्रिस्तान को ढहा दिया है।

## ऑफ बीट

# जल्द गहराने वाला है रचनात्मकता का संकट



जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस अपने स्रोत को श्रेय देना पसंद नहीं करती। कलाकारों के लिए यही समस्या है। कुछ ही सालों के भीतर जनरेटिव एआई अचानक से एक नए प्रकार के रचनात्मक उपकरण के तौर पर क्रांतिकारी रूप में सामने आयी है। केवल शब्दों के जरिए थोड़ी सी व्याख्या करने मात्र से अब कोई भी रचना तैयार की जा सकती है । अगर लोग इस क्रांति की तुलना फोटोग्राफी, फोनोग्राफ, सिंथेसाइजर या इंटरनेट से कर रहे हैं तो वे कहीं भी गलत नहीं हैं। पूर्व की रचनात्मक तकनीकों की तरह ही एआई मौजूदा रचनात्मक प्रक्रियाओं को बाधित कर रही है। लेकिन पारंपरिक रचनात्मक विधियों से मुकाबला करने से कहीं अधिक जनरेटिव एआई टूल्स उन पिछले रचनात्मक कार्यों, कलाकारों के श्रम और उनकी रचनात्मकता का भी शोषण कर रहे हैं जिनका इस्तेमाल कर जनरेटिव एआई को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। इसलिए इस मुद्दे पर तीखी बहस शुरू हो गई है कि जनरेटिव एआई को प्रशिक्षित करने के लिए इस्तेमाल की गई सामग्री से जुड़े अधिकारों से किस प्रकार निपटा जाना चाहिए। उभरते हुए एआई दिग्गज, ओपनएआई और स्टेबिलिटीएआई समेत एक खेमे का तर्क है कि जेनरेटिव एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए दुनिया के रचनात्मक संग्रह का इस्तेमाल 'उचित उपयोग'' है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।




## जहां काम-वहीं वोट के तहत जम्मू-कश्मीर के लिए खास सुविधा

# निर्वाचन आयोग ने लिया बड़ा फैसला: अब मतदाता को वोट डालने के लिए नहीं जाना पड़ेगा अपने गांव या शहर, जहां हैं वहीं कर सकेंगे वोट

प्रवासी मतदाताओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने ऐसी व्यवस्था की है, जिससे उन्हें वोट डालने के लिए अपने राज्य नहीं लौटना होगा। प्रवासी मतदाता जिस शहर या राज्य में काम करते हैं, वहीं से अपने राज्य के चुनाव में वोटिंग कर सकेंगे। इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा बड़े स्तर पर तैयारी की गई है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग ने बहुत बड़ी राहत दी है। इस बार चुनाव में प्रवासी मतदाताओं को मतदान के लिए अपने गृह राज्य, नगर जाने की जरूरत नहीं होगी और वे जहां हैं, वहीं से मतदान कर सकेंगे। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि सभी प्रवासी मतदाता पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर के माइग्रेंट वोटर्स भी अपना पोस्टल बैलेट के लिए फॉर्म जमा कर सकते हैं। उसका प्रारूप फार्म 12सी होगा। यदि वे फिजिकली वोट के लिए अनुरोध करते हैं तो उनके लिए फार्म एम होगा। बता दें कि यह जानकारी माइग्रेंट वोटर्स को उनके चुनाव पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के माध्यम से उपलब्ध करा दी गई है। प्रवासी मतदाता को वे अभी जहां निवास कर रहे हैं, वहां पर संबंधित ईआरओ कार्यालय में जाकर तीन डॉक्यूमेंट जमा करने होंगे। पहला डॉक्यूमेंट फार्म एम या फार्म 12सी में से कोई एक। दूसरा जहां पर वर्तमान में निवास कर रहे हैं, वहां का रेजीडेंस प्रूफ और तीसरा रिलीफ कमिश्नर से प्राप्त माइग्रेशन सर्टिफिकेट या अन्य कोई अभिलेख। इन अभिलेखों को जमा करने के उपरांत राज्य के ईआरओ इन आवेदन पत्रों को ऑनलाइन मोड से संबंधित ईआरओ को भेजेंगे, जो जम्मू और कश्मीर राज्य में होंगे। यह सुविधा केवल तीन लोकसभा क्षेत्र श्रीनगर, अनंतनाग और बारामुला के लिए उपलब्ध होगी।

चुनाव में सभी प्रवासी मतदाता कर सकेंगे बैलेट से मतदान

उत्तराखंड में प्रवासी मतदाताओं की कुल संख्या 93 हजार 187

### जम्मू और कश्मीर के माइग्रेंट वोटर्स भी अपना पोस्टल बैलेट के लिए फॉर्म जमा कर सकते हैं



### पौड़ी में सबसे अधिक 34845 प्रवासी मतदाता

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उत्तराखंड में प्रवासी मतदाताओं की कुल संख्या 93 हजार 187 है। इसमें टिहरी लोकसभा से 12862, पौड़ी गढ़वाल से 34845, अल्मोड़ा से 29105, नैनीताल से 10629 एवं हरिद्वार लोकसभा से 5746 सर्विस वोटर चिह्नित किए गए हैं। इनमें 90554 पुरुष और 2633 महिला प्रवासी मतदाता हैं। गौरतलब है कि रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में रहने वाले घरेलू प्रवासी मतदाताओं को वोट डालने अपने राज्य, शहर, घर लौटना पड़ता है। वोटर नई जगह जाने पर कई वजहों के चलते चुनाव में मतदान करने के लिए अपने घरेलू मतदान केंद्र पर नहीं लौट पाता है।

### गजब चुनावी वादे...राशन कार्ड से बंटवाएंगे शराब



लोकसभा चुनाव अब अपने पूरे रंग-ढंग में है और सभी राजनेता और दल जनता को लुभाने के लिए तरह-तरह के वादे और आश्वासन दे रहे हैं। लेकिन इस बीच महाराष्ट्र के चंद्रपुर में एक ऐसी महिला उम्मीदवार मिली जिसके चुनावी वादे सुनकर हर कोई अचरज में पड़ा जाए। चंद्रपुर लोकसभा सीट से एक महिला कैंडिडेट का कहना है कि अगर वह सांसद बनी तो राशन कार्ड पर विदेशी शराब दिलाएगी और बेरोजगार युवाओं को शराब के ठेके भी आवंटित करेगी। इतना ही नहीं महिला प्रत्याशी का वादा है कि वह चुनाव जीतने के बाद प्रत्येक गांव में शराब के ठेके भी खुलवाएगी। इस महिला उम्मीदवार द्वारा किये चुनावी वादे चर्चा का विषय बने हुए हैं।दरअसल, चंद्रपुर लोकसभा क्षेत्र से उतरी महिला उम्मीदवार वनिता राऊत इन दिनों काफी चर्चा में हैं। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार दौरान जिस तरह के वादे किए हैं, वह हैरान करने वाले हैं और शायद ही इसके पहले किसी उम्मीदवार ने ऐसा प्रचार किया हो। चुनाव प्रचार के दौरान शराब बांटना आम बात सी हो गई हैं, लेकिन चंद्रपुर लोकसभा क्षेत्र की महिला उम्मीदवार वनिता राऊत ने प्रत्येक गांव में बियर बार खुलवाने का वादा कर दिया है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि अगर वह जीतीं तो उन्हें मिलने वाली सांसद निधि से गरीबों को मुफ्त में दारू की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### बीजेडी सांसद मोहंती भाजपा में शामिल

## कहा, विकसित भारत के लिए, लोगों को मोदी का समर्थन करना चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




ओडिशा के केंद्रपाड़ा से लोकसभा सांसद अनुभव मोहंती सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। बीजू जनता दल से सांसद मोहंती ने यह फैसला टिकट नहीं मिलने पर लिया। उन्होंने हाल ही में बीजेडी से इस्तीफा दिया था। मोहंती के आने के बाद भाजपा को लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में ताकत मिली है। भर्तृहरि महताब के बाद वह 2024 के आम चुनाव से पहले क्षेत्रीय पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले बीजद के दूसरे मौजूदा सांसद हैं। 2019 में केंद्रपाड़ा से लोकसभा के लिए चुने जाने से पहले मोहंती राज्यसभा सदस्य थे।

भाजपा मुख्यालय में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वह बीजेडी में बहुत घुटन महसूस कर रहे थे। एक्टर और सांसद मोहंती ने भाजपा में शामिल होते ही मोदी सरकार की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उन्हें पिछले पांच वर्षों में तीन तलाक के उन्मूलन और नए आपराधिक कानूनों की शुरूआत सहित संसद में कई ऐतिहासिक उपायों के पारित होने पर गर्व है। केंद्रपाड़ा के सांसद ने पीएम मोदी की सराहना की और कहा कि विकसित भारत के लिए, लोगों को मोदी का समर्थन करना चाहिए। सरकार द्वारा साहसिक कदम उठाए गए हैं।

भाजपा में उनका स्वागत करते हुए, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि विपक्ष एक साथ आकर अपनी ताकत दिखाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन सफल नहीं हो रहा है। तावड़े ने कहा, विकसित भारत में रुचि रखने वाले लोग सत्तारूढ़ दल का समर्थन कर रहे हैं। मोहंती ने कहा कि यह अक्सर कहा जाता है कि कलाकार राजनीति में फिट नहीं बैठते और उन्होंने कहा कि उन्होंने इसका हिस्सा बनने की पूरी कोशिश की।

## आचार संहिता के दौरान महिलाओं पर की थी टिप्पणी

# चुनाव आयोग ने सुप्रिया श्रीनेत और दिलीप घोष को दी चेतावनी



दिल्ली चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत और भाजपा सांसद दिलीप घोष को चेतावनी दी है। दरअसल आयोग ने महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के मामले में दोनों नेताओं को चेतावनी दी है। आयोग ने इस बाबत कहा कि दोनो नेताओं के बयान पर अब नजर रखी जाएगी। आयोग ने इस बाबत आश्वस्त किया कि दोनों नेताओं ने लोगों पर व्यक्तिगत और निजी हमला करते हुए देशभर में लागू आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। चुनाव आयोग ने सुप्रिया श्रीनेत और भाजपा सांसद दिलीप घोष को आचार संहिता के दौरान सार्वजनिक बयानों में सावधानी बरतने को लेकर चेतावनी दी है। आयोग ने इस दौरान नैतिक आचार संहिता के उल्लंघनों पर उन्हें जारी किए गए नोटिस का जवाब मिलने के बाद अपने आदेश में कहा कि वे आश्वस्त हैं कि उन्होंने व्यक्तिगत हमला किया है। इस तरह से उन्होंने आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। उन्हें आदर्श आचार संहिता के दौरान सार्वजनिक बयानों में सावधानी बरतने की चेतावनी दी गई है। चुनाव आयोग ने कहा कि अगली बार से उनकी चुनाव संबंधी भाषणों पर आयोग द्वारा निगरानी रखी जाएगी। बता दें कि आयोग ने चेतावनी नोटिस की एक कॉपी पार्टी अध्यक्षों को भी भेजी है।

### फेसबुक अकाउंट पर शेयर किया था विवादित पोस्ट

बता दें कि बीते दिनों सुप्रिया श्रीनेत के फेसबुक अकाउंट से कंगना रनौत को लेकर एक विवादित पोस्ट शेयर किया गया था। अपने पोस्ट में सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत की तस्वीर लगाई और आपत्तिजनक बयान दिया था। इसके बाद जब विवाद बढ़ने लगा तो मामला महिला आयोग तक पहुंचा। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने उनका टिकट काट दिया। बता दें कि कंगना रनौत को भाजपा ने मंडी से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। इसके बाद सुप्रिया श्रीनेत ने सफाई देते हुए कहा था कि उनकी टीम के किसी सदस्य से ऐसी गलती हुई हैं। वो किसी महिला के खिलाफ इस तरह का बयान नहीं दे सकती हैं।

## सुनीता राबड़ी देवी बनतीं जा रहीं: पुरी

भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सुनीता केजरीवाल की तुलना लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी से कर दी और कहा कि वे तो अब राबड़ी देवी बन रही हैं। बता दें कि राबड़ी देवी, जो तब बिहार की मुख्यमंत्री बनीं, जब उनके पति लालू यादव भ्रष्टाचार के मामले में जेल गए थे। हरदीप पुरी ने तंज कसते हुए कहा कि सुनीता तो राबड़ी देवी बन रही हैं। मैं पिछले 10 दिनों में 3-4 बार कह चुका हूं कि 'अब ये राबड़ी देवी' आगे आएंगी। मेरे कहने का मतलब यह है कि अब सुनीता केजरीवाल आगे आएंगी।

### खबर संक्षेप

#### एलओसी पर घुसपैठ कर रहे ड्रोन को गोली मारी



**जम्मू।** राजोरी के सुंदरबनी सेक्टर में सोमवार को नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तानी ड्रोन ने घुसपैठ की कोशिश की। सतर्क भारतीय सेना के जवानों ने जब ड्रोन को अपनी सीमा में प्रवेश करते देखा तो गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया का एलओसी के पास दो अलग-अलग स्थानों पर एक ड्रोन और संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही देखने के बाद सेना के जवानों ने गोलीबारी की।

#### मौलाना तौकीर रजा को किया फरार घोषित



**बरेली।** आईएमसी (इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के मामले में सोमवार को बरेली के जिला जज कोर्ट की अदालत में सुनवाई हुई। तौकीर रजा के पेश न होने पर कोर्ट ने नाराजगी जताकर उन्हें फरार घोषित कर दिया। साथ ही पुलिस को आगे की कार्रवाई का निर्देश दिया। अगली तारीख आठ अप्रैल तय की गई है।

## आरबीआई के 90 साल पूरे होने के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने शीर्ष बैंक के मजबूत सिस्टम को सराहा

# एक समय था जब देश का बैंकिंग सिस्टम 'डूबने' की कगार पर था, आज वह बड़ा प्रॉफिट दे रहा है

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 90वां स्थापना दिवस के मौके पर मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आरबीआई एक संस्थान के रूप में आजादी से पहले और आजादी के बाद के कालखंड का गवाह बना है। आज रिजर्व बैंक की साख पूरी दुनिया में बढ़ी है। पीएम ने आरबीआई से जुड़े लोगों से कहा कि आप जो आज नीतियां बनाएंगे वह आने वाले दशकों के लिए अहम होगा। पीएम ने कहा कि जब मैं आरबीआई की 80वें स्थापना दिवस पर आया था तब बैंकिंग सेक्टर की हालत काफी खराब थी। एनपीए की स्थिति काफी खराब थी। हमने वहां से शुरुआत की। आज आरबीआई को दुनिया में एक मजबूत सिस्टम माना जा रहा है। पीएम ने कहा कि जो बैंकिंग सिस्टम डूबने की कगार पर था, आज वह बड़ा प्रॉफिट दे रहा है। यह बदलाव इसलिए आया क्योंकि हमारी नीतियों में स्पष्टता थी। जब नीति सही होती है को निर्णय सही होते हैं।



पीएम मोदी ने कहा
आरबीआई आजादी से पहले और बाद का गवाह है। अब डिजिटल ट्रांजैक्शन को भी बढ़ावा देना होगा

भारतीय रिजर्व बैंक की 90वां स्थापना दिवस के मौके पर पीएम ने कहा कि जब मैं आरबीआई की 80वें स्थापना दिवस पर आया था तब बैंकिंग सेक्टर की हालत काफी खराब थी। एनपीए की स्थिति भी ठीक नहीं थी। हमने वहां से शुरुआत की। आज आरबीआई को दुनिया में एक मजबूत सिस्टम माना जा रहा है।

### बैंकों का ग्रॉस एनपीए 2018 में 11.25 प्रतिशत था, सितंबर 2020 आते-आते 3 प्रतिशत से भी कम हो गया



1 अप्रैल 2024 को आरबीआई के 90 साल पूरे होने के मौके पर मुंबई में डाक टिकट जारी करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### आरबीआई को मॉनिटरिंग टूल पर सोचना चाहिए

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया के बड़े देश कोविड की मार से उबरने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था नई ऊंचाई को छू रहा है। उन्होंने कहा कि आरबीआई को मॉनिटरिंग टूल पर सोचना चाहिए। वह ग्लोबल लीडर की भूमिका निभा सकता है। अगले 10 साल के टारगेट तय करते हुए हमें भारत के युवाओं की इच्छाओं को ध्यान रखने की जरूरत है। आरबीआई की इसमें बड़ी भूमिका हो सकती है। पीएम ने कहा कि हम आज इकोनॉमी के कई क्षेत्रों में हमने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। रिजर्व बैंक को आगे आउट ऑफ द बॉक्स सोचना होगा। उन्होंने गवर्नर शक्तिकांत दास की तारीफ की। पीएम ने कहा कि 21 वीं सदी में इनोवेशन का बड़ा महत्व रहने वाला है। सरकार इस पर काफी खर्च कर रही है।

### एक दशक में जो हुआ वह तो महज एक ट्रेलर है

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में जो हुआ वह तो महज एक ट्रेलर है, अभी देश को बहुत आगे लेकर जाना है। हमें अगले 10 साल में देश में डिजिटल ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देना होगा। हमें फाइनेंशियल इन्क्लूजन को मजबूत करना होगा।

### प्रबंधन ने बाहरी अनिश्चितताओं से निपटने में मदद की: वित्त मंत्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आरबीआई के पेशेवर प्रबंधन ने बाहरी असंतुलन और अनिश्चितताओं से निपटने की भारत की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार किया है। आरबीआई के 90वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने बैंकों की बैलेंस शीट की समस्याओं को सुधारने में केंद्रीय बैंक की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले भारत में "बैलेंस शीट की समस्या" थी, जबकि आज सरकार और आरबीआई के सहयोगात्मक प्रयास से इसमें सुधार है।

### आज 52 करोड़ जनधन खाते हैं

पीएम ने कहा कि आरबीआई के लिए आप जो काम करते हैं वह सामान्य लोगों के जीवन को प्रभावित करता है। पीएम ने कहा कि देश में आज 52 करोड़ जनधन खाते हैं। इनमें भी आधे से ज्यादा खाते महिलाओं के नाम हैं। आज 7 करोड़ से ज्यादा पशुपालक मछली पालक के पास किसान क्रेडिट कार्ड है। यूपीआई आज दुनिया भर में अपनी पहचान बना चुका है। एक दशक के भीतर हम एक नई बैंकिंग व्यवस्था, नई करेंसी व्यवस्था में प्रवेश कर गए हैं।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने रखा बरकरार

# मुस्लिम पक्ष को लगा झटका- व्यास तहखाने में जारी रहेगी पूजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ज्ञानवापी मामले में फरवरी में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सुनवाई करते हुए मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी थी। इसमें हिंदू पक्ष को पूजा करने के अधिकार देने वाले जिला कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। इलाहाबाद हाई कोर्ट के इस फैसले से मुस्लिम पक्ष को झटका लगा था और उसके बाद उसने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट से मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें उसने वाराणसी जिला कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा था। वाराणसी कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर मौजूद व्यास तहखाने में पूजा की अनुमति दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 17 जनवरी और 31 जनवरी (तहखाना के अंदर पूजा की अनुमति) के आदेशों के बाद मुस्लिम समुदाय द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद में बिना किसी बाधा के 'नमाज' पढ़ी जाती है और हिंदू पुजारी द्वारा 'पूजा' की जाती है। 'तहखाना' क्षेत्र में यथास्थिति बनाए रखना उचित है ताकि दोनों समुदाय उपरोक्त शर्तों के अनुसार पूजा करने में सक्षम हो सकें। उइस मामले में फरवरी में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सुनवाई करते हुए मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी थी।

वाराणसी कोर्ट ने ज्ञानवापी के अंदर पूजा की अनुमति दी थी

साफ कहा तहखाने में पूजा का अधिकार कोर्ट से मिला

### 1993 से बंद था व्यास तहखाना



हिंदू पक्ष का दावा है कि उससे पहले तहखाने में श्रृंगार गौरी की पूजा होती थी, मगर 1991 में जब पूजास्थल अधिनियम बना, तो राज्य सरकार ने उसे बंद करा दिया। दरअसल हिंदू पक्ष ने दावा किया था कि ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण मंदिर तोड़ कर हुआ है, इसलिए उस पर उसे स्वामित्व दिलाया जाए। यह मामला लंबा खिंचता गया। व्यास तहखाना भगवान नंदी के ठीक सामने स्थित है। यह व्यास परिवार का तहखाना है। मस्जिद के ग्राउंड फ्लोर में साल 1993 तक यहां पूजा होती थी लेकिन नवंबर 1993 में सरकार द्वारा यहां पूजा बंद करा दी गई और पुजारियों को हटा दिया गया। 18 अगस्त 2021 को पांच महिलाओं ने सिविल जज (सीनियर डिविजन) के सामने एक वाद दायर किया था। महिलाओं ने ज्ञानवापी मस्जिद के बगल में बने श्रृंगार गौरी मंदिर में रोजाना पूजन-दर्शन की मांग की थी। महिलाओं की मांग पर जज रवि कुमार दिवाकर ने मस्जिद परिसर का एएसआई सर्वे कराने का आदेश दिया था।

### सीबीआई के स्थापना दिवस पर सीजेआई की बड़ी नसीहत

# आर्थिक अपराधों और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर फोकस करें केंद्रीय एजेंसियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को सीबीआई के स्थापना दिवस पर केंद्रीय एजेंसियों को बड़ी नसीहत दी है। सीजेआई ने कहा कि चूंकि केंद्रीय एजेंसियों कम फैली हुई हैं। इसलिए उनको देश विरोध में हो रहे आर्थिक अपराधों और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों की जांच पर ही फोकस करना चाहिए।

सीबीआई राइजिंग डे पर दिल्ली के भारत मंडपम में हुए 20वें डीपी कोहली मेमोरियल लेक्चर में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सीबीआई को भ्रष्टाचार विरोधी जांच एजेंसी के रूप में अपनी भूमिका से परे विभिन्न प्रकार के आपराधिक मामलों की जांच करने के लिए कहा जा रहा है। यह सीबीआई पर अपने आदर्श वाक्य पर खरा उतरने की एक बड़ी जिम्मेदारी डालता है। सीजेआई ने कहा कि प्रमुख जांच एजेंसियों को सिर्फ ऐसे मामलों पर फोकस करने की जरूरत है जो राष्ट्र सुरक्षा से जुड़ा हो। हर मामला सीबीआई को देना अनुचित है।

सीबीआई पर अपने आदर्श वाक्य पर खरा उतरने की एक बड़ी जिम्मेदारी



### एडवांस्ड इक्विपमेंट्स की जरूरत

उन्होंने कहा, जजों की शिकायत रहती है कि उनमें जो बेस्ट होता है, उसे सीबीआई कोर्ट्स में नियुक्त किया जाता है। क्योंकि वे संवेदनशील होते हैं, लेकिन धीमी गति से सुनवाई के चलते मामलों के निपटाने की दर भी धीमी हो जाती है। बहुत सी विशेष सीबीआई अदालतें मौजूदा अदालतें हैं। सिस्टम में आमूल-चूल बदलाव करने के लिए हमें नए टेक्नीकली एडवांस्ड इक्विपमेंट्स की जरूरत है।





तीनों सेनाओं को मिलेगा फायदा

# मुंबई में बनने जा रहा देश का पहला ट्राई-सर्विस कॉमन डिफेंस स्टेशन, देश का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा होगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई को देश का सबसे ताकतवर सैन्य अड्डा बनाने की प्लानिंग हो रही है। पहली बार देश की आर्थिक राजधानी में ट्राई-सर्विस कॉमन डिफेंस स्टेशन बनाने की योजना बन रही है। यहां पर तीनों सेनाओं का संयुक्त स्टेशन होगा।

यहीं से तीनों सेनाएं आपस में और ज्यादा बेहतर सामंजस्य से काम कर पाएंगी। साथ ही देश की पश्चिमी सीमा अधिक सुरक्षित हो जाएगी। संभावना है कि यह स्टेशन इंटीग्रेटेड थियेटर कमांड से पहले बनकर तैयार हो जाए। अधिकारियों के मुताबिक इस योजना को जल्द ही अमल में लाया जाएगा।

1 तीनों सेनाएं ज्यादा बेहतर सामंजस्य से काम कर सकेंगी

2 स्कूल, अस्पताल, खेल कॉम्प्लेक्स, ट्रेनिंग फैसिलिटी

3 कोयम्बटूर के पास सुलूर और गुवाहाटी में भी बनेंगे स्टेशन

## तीनों सेनाओं से जुड़ी हर सुविधा मौजूद होगी

## दो और कॉमन डिफेंस स्टेशन बनाए जाएंगे

*ट्राई-सर्विस कॉमन डिफेंस स्टेशन से फायदा ये होगा कि देश के पश्चिमी तट और इलाके में तीनों सेनाएं एकसाथ किसी भी तरह के ऑपरेशन को मिल कर अंजाम दे पाएंगी। साथ ही सैनिकों और उनके परिजनों के लिए यहां पर स्कूल, अस्पताल, खेल कॉम्प्लेक्स, ट्रेनिंग फैसिलिटी होगी। तीनों सेनाओं के लिए जारी होने वाला फंड एक ही चैनल से आएगा। इतना ही नहीं मुंबई के बाद कोयम्बटूर के पास सुलूर और गुवाहाटी में दूसरा और तीसरा कॉमन डिफेंस स्टेशन आएगा। सुलूर में स्टेशन का कमान वायुसेना संभालेगी। गुवाहाटी में थल सेना यह काम करेगी।*

**हर प्रकार की सुविधा**

एक ट्राई-सर्विस कॉमन डिफेंस स्टेशन में तीनों सेनाओं से जुड़ी हर सुविधा मौजूद होती है। मुंबई में बनने वाला ट्राई-सर्विस डिफेंस स्टेशन तीनों सेनाओं के बीच और बेहतर सामंजस्य स्थापित करने के लिए बनाया जा रहा है। यहां पर तीनों सेनाओं के लिए लॉजिस्टिक सपोर्ट होगा। इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा। रिपेयरिंग की सुविधाएं होंगे। मेंटेनेंस की व्यवस्था की जाएगी। व्यक्तिगत सेवाओं को एक जगह किया जाएगा।

**अभी नहीं है कॉमन स्टेशन**

*फिलहाल देश में एक भी कॉमन डिफेंस स्टेशन नहीं है। जहां से तीनों सेनाएं एक साथ ऑपरेट करती हों। इससे पहले 2001 में अंडमान और निकोबार कमांड को ट्राई-सर्विस कॉमन डिफेंस के तौर पर तैयार किया गया था। अभी तीनों सेना अलग-अलग जगह से ऑपरेट करती हैं। मुंबई में तीनों सेनाओं के डिफेंस स्टेशन का नेतृत्व नौसेना करेगी, क्योंकि उसकी मौजूदगी वहां पर सबसे ज्यादा है।*

---

### अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा

नया आदेश भारतीयों को राहत देने वाला

# भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करेंगे, बाइडेन ने दिया आदेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम किया जाएगा। भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने यह बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि भारतीयों को अमेरिका के वीजा के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। इस मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति का नया आदेश राहत देने वाला है।

बाइडेन ने आदेश दिया है कि अमेरिका भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करेगा। गार्सेटी ने वीजा नियुक्तियों और प्रतीक्षा समय पर जोर डालते हुए कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने उन्हें भारत में वीजा के लिए प्रतीक्षा समय को कम करने का आदेश दिया है।



**अमेरिका की कुछ विधायी सीमाएं**

अमेरिका के राजदूत ने कहा कि बात चाहे अप्रवासियों की हो, ग्रीन कार्ड की हो या स्थाई नागरिकता लेने वाले लोगों की हो, अमेरिका में भी सभी देशों की तरह किसी भी काम के लिए कुछ विधायी सीमाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ये मानक भारतीयों के लिए निराशाजनक हैं क्योंकि बहुत सारे भारतीय हैं जो अमेरिका जाना चाहते हैं। गार्सेटी ने बताया कि अमेरिका का वीजा लेने वाले छात्रों की संख्या के मामले में भारत मैक्सिको के बाद दूसरे स्थान पर है। साल 2023 में 245,000 से अधिक भारतीय छात्र वीजा लेकर अमेरिका आए थे।

**प्रतीक्षा समय 75 प्रतिशत तक कम किया**

*गार्सेटी ने कहा कि अमेरिका ने पूरे भारत में वीजा देने को मामले में 60 प्रतिशत की वृद्धि की और प्रतीक्षा समय को 75 प्रतिशत तक कम कर दिया है। उनसे पूछा गया कि वीजा की समय सीमा में 75 प्रतिशत की कमी के बावजूद 250 दिनों की प्रतीक्षा अवधि क्यों है? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि इस मामले में राष्ट्रपति बाइडन भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करने का आदेश दिया है। यह शायद पहली बार है, जब किसी राष्ट्रपति ने किसी देश के राजदूत से ऐसा कहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रपति बाइडन के लिए यह बड़ी प्राथमिकता है और इसके लिए डेमोक्रेट, रिपब्लिकन और निर्दलीयों को एक साथ आने की आवश्यकता होगी।*

इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने निलंबित की सजा

# पूर्व पीएम इमरान खान और बुशरा बीबी को तोशाखाना मामले में राहत

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना मामले में बड़ी राहत मिली है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने सोमवार को मामले में इमरान और बुशरा की 14 साल की जेल की सजा को निलंबित कर दिया है।



**दो सदस्यीय पीठ ने की सुनवाई**

*मामले में मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक के नेतृत्व वाली दो सदस्यीय पीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के बाद सोमवार को कोर्ट ने मामले में दंपती की सजा को निलंबित कर दिया। कोर्ट ने उन्हें जमानत देकर अस्थाई राहत भी दी।*

---

### पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में अमेरिकी राजदूत के बयान पर जयशंकर का पलटवार

# कुछ होगा तो हम भी बताकर खुश होंगे, इससे देश सुरक्षा के हित जुड़े



*खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि मामले की जांच चल रही है। अभी इस संबंध में और कुछ कहने के लिए कुछ भी नहीं है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में किसी सरकारी अधिकारी की संलिप्तता होने की जांच चल रही है क्योंकि इससे देश की सुरक्षा के हित भी जुड़े हैं। भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी के एक बयान के बारे में पूछे गए सवाल पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने यह बयान दिया। एरिक गार्सेटी ने कहा था कि किसी दूसरे देश के नागरिक की हत्या के प्रयास में एक सरकारी अधिकारी की संलिप्तता अस्वीकार्य है। जयशंकर ने कहा कि अमेरिकी राजदूत अपनी सरकार की सोच या स्थिति के अनुसार जो सही होगा, वही कहेंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि मेरी सरकार की स्थिति यह है कि खासतौर से इस मामले में हमें कुछ सूचना मुहैया कराई गई है जिसकी हम जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें भारत के खुद के सुरक्षा हित भी जुड़े हुए हैं।

1 भारत अमेरिका मिलकर कर रहे जांच

2 भारत ने अमेरिका को दिया सहयोग

**दोनों देश एक दूसरे को कर रहे सहयोग**

खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू को कथित तौर पर मारे जाने की साजिश के मामले की जांच भारत और अमेरिका मिलकर कर रहे हैं। यह बात भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कही। गार्सेटी ने कहा- मैं बहुत खुश हूं कि भारत हमारे साथ इस मामले की जांच कर रहा है। अब तक हमने भारत से जो भी सहयोग मांगा, वो हमें मिला है। और यही हमने भी किया है। दोनों देश एक दूसरे को सहयोग दे रहे हैं।

**यूएई में भारत के प्रति धारणा बदल गई**

जयशंकर ने कहा मैं विदेश में सबका साथ सबका विकास की बात करता हूं। आज दुनिया की सोच भारत के लिए बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में यूएई में भारत के बारे में धारणा बदल गई है। उन्होंने हमारे साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए और आज यूएई के साथ व्यापार लगभग 80 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है और हमारे भारत के लोग जो वहां बसे हैं, वहां रोजगार कर रहे हैं।

**रूस में फंसे भारतीयों को सुरक्षित वापस लाएंगे**

*भारतीयों को नौकरी दिलाने का वादा कर रूस ले जाने के बाद उनके यूक्रेन संघर्ष में फंसने के बारे में पूछे गए एक सवाल पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत ने रूस सरकार के समक्ष बहुत मजबूती से इस मामले को उठाया है। उन्होंने कहा कि 'हम इन सभी लोगों को सुरक्षित भारत वापस लाने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले महीने, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि रूसी सेना के साथ काम करने के लिए कई भारतीय नागरिकों के साथ धोखाधड़ी किए जाने के मामले को भारत ने रूस के समक्ष मजबूती से उठाया है ताकि उन लोगों की शीघ्र रिहाई हो सके। उन्होंने भारतीय नागरिकों से अपील की थी कि वे रूसी सेना में सहायक नौकरियों के लिए एजेंट की ओर से दिए गए प्रस्तावों के बहकावे में न आएं।*

**भारत दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था**

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने साउथ गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यक्रम में कहा कि आज भारत दुनिया के शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से विकास कर रही है इससे साफतौर पर लगता है कि बहुत जल्द हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। उन्होंने कहा कि यह होना पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी है। हमें पूरा विश्वास है कि अगले 25 वर्षों में हम भारत को 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बना देंगे।

**पन्नू के बारे में जांच चल रही**

पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में विदेश मंत्री ने कहा कि जब भी हमें जांच के बारे में कुछ कहना होगा तो हमें इसके बारे में बात करके काफी खुशी होगी। अभी यह कहने के अलावा कुछ भी नहीं है कि इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि इसमें भारत के खुद के सुरक्षा हित भी जुड़े हुए हैं।

**प्रयास से सोच बदलती है**

जयशंकर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी 2016 में यूएई गए थे। इससे पहले पीएम इंदिरा गांधी थीं जो यूएई गई थीं और उनके बाद 2016 तक कोई पीएम वहां नहीं गया। विदेश मंत्री ने कहा कि अगर हमारी तरफ से प्रयास हुआ है तो उनकी सोच हमारे बारे में बदल जाती है।

---

## खबर संक्षेप

### इजराइल को देगा अमेरिका और लड़ाकू विमान व बम

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने इजराइल को अरबों डॉलर के बम व लड़ाकू विमानों के निर्यात की मंजूरी दे दी है। मंजूरी में जिन हथियारों को शामिल किया गया है, उनमें 1,800 एमके-84 (2,000 पाउंड) बम व 500 एमके-82 (500 पाउंड) बम शामिल हैं। अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन व विदेश विभाग के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है।



### ईरानी दूतावास हवाई हमले में 5 की मौत

**मेडागास्कर।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास हवाई हमले में पूरी तरह से बर्बाद हो गया। हमले में इमारत में मौजूद ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड फोर्स के सीनियर कमांडर मुहम्मद रेजा जाहेदी सहित पांच लोगों की मौत हो गई और कई घायल हुए हैं। सीरिया और ईरान ने इसे इजरायल की कार्रवाई बताया है।इस हमले से अरब जगत में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई गई है।



---

20 शहरों से 300 लोगों ने लिया हिस्सा

# अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने निकाली कार रैली, गुरुद्वारे से अभियान का किया आगाज

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी-यूएसए) ने पीएम नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के समर्थन में 20 अलग-अलग शहरों में कार रैलियां निकाली। उन्होंने भारत के लोगों से आगामी चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए को 400 से अधिक सीट दिलाकर भारी बहुमत से विजयी बनाने का आग्रह किया। ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा कि अमेरिका में भारतीय समुदाय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और एनडीए को 400 से अधिक सीट पर जीतता देखने के लिए बहुत उत्साहित है। ऐसा उत्साह इससे पहले कभी नहीं देखा।



**लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया**

ओएफबीजेपी-यूएसए के राष्ट्रीय महासचिव वासुदेव पटेल ने कहा कि ओएफबीजेपी द्वारा पूर्वी तट से पश्चिमी तट और उत्तर से दक्षिण तक लगभग 20 शहरों में आयोजित कार रैलियों में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। अमेरिका की राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में सिख समुदाय के लोगों ने भी पीएम मोदी के समर्थन में कार रैली निकाली। उन्होंने बताया कि भाजपा की जीत न केवल भारत के लिए बल्कि दुनिया में भी शांति और स्थिरता लाने के लिए महत्वपूर्ण होगी।

**बैनर और पोस्टर लेकर पहुंचे लोग**

रैली में करीबन 200 कारों को शामिल किया गया था। इसमें भाग लेने के लिए विभिन्न शहरों से करीबन 300 लोग पहुंचे। अटलांटा, जॉर्जिया में 150 कारों ने इस रैली में हिस्सा लिया। इस रैली में लोग बैनर और पोस्टर लेकर पहुंचे, जिसमें लिखा था, अबकी बार 400 पार, मोदी 3.0 के लिए सिख अमेरिकी, मोदी गारंटी। लोगों ने 2024 लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हुए देखने की इच्छा जताई। कार रैली वॉशिंगटन डीसी के मैरीलैंड में आयोजित की गई। इस रैली में शामिल होने वाले लोग पहले गुरुद्वारे गए।

---

पड़ोसी देश ने बाकायदा चौथी सूची जारी की

### हरकत से बाज नहीं आ रहा चीन

# अरुणाचल प्रदेश को लेकर की शर्मनाक हरकत, 30 शहरों को अपना नाम दिया

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

भारत पर चीन लगातार अपनी नापाक नजर डाल रहा है। एक बार फिर से चीन ने अरुणाचल प्रदेश पर अपनी निगाहें डाली हैं। दरअसल चीन ने अरुणाचल प्रदेश के 30 शहरों के नाम बदले हैं। इसके लिए पड़ोसी देश द्वारा बकायदा चौथी सूची जारी की गई है। इस सूची में अरुणाचल प्रदेश के 30 शहरों के नाम बदले हैं।

**वेबसाइट में बताया**

चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने यह फैसला लिया है। मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट में बताया गया है कि अरुणाचल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदले गए हैं। चीन द्वारा एक रिपोर्ट जारी की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1 मई से यह आदेश लागू करने के लिए अनुच्छेद 13 में प्रावधान किया गया है। आगे बताया गया है कि चीन के क्षेत्रीय दावों के अधिकारों को नुकसान पहुंचाने वाली विदेशी भाषाओं में नामों को बिना प्राधिकरण सीधे अनुवाद नहीं किया जाएगा।



**2017 में छह जगहों के नाम बदले थे**

अरुणाचल प्रदेश पर चीन लगातार अपना दावा ठोकता रहा है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश को जांगनान नाम दिया है। भारत के इस राज्य को पड़ोसी देश तिब्बत का क्षेत्र बताता है। इससे पहले चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने 2017 में अरुणाचल प्रदेश में छह जगहों के नामों की बदलने की पहली लिस्ट जारी की थी।


---

### कच्चाथीवू द्वीप पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की दो टूक

# नेहरू के लिए नहीं थी अहमियत, इंदिरा का भी यही नजरिया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कच्चाथीवू मसले पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ये ऐसा मुद्दा नहीं है, जो आज अचानक उठा है। ये मसला संसद और तमिलनाडु में लगातार उठता रहा है, इस पर बहस हुई है। इस मसले पर मैंने मौजूदा मुख्यमंत्री को 21 बार जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि मई 1961 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने लिखा था कि मैं इस छोटे से द्वीप को बिल्कुल भी महत्व नहीं देता और मुझे इस पर अपना दावा छोड़ने में कोई हिचकिचाहट नहीं होगी। उनका रवैया ऐसा था कि जितना जल्दी कच्चाथीवू को श्रीलंका को दे दिया जाए, उतना बेहतर होगा। यही नजरिया इंदिरा गांधी का भी था। एस जयशंकर ने कहा कि चेन्नई में बैठकर बयान देना आसान है, लेकिन कच्चाथीवू में पकड़े जाने वाले भारतीय मछुआरों को कैसे छुड़ाया जाता है, ये हम जानते हैं।



**कच्चाथीवू का काला किस्सा**

1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश का एक टुकड़ा काटकर दोस्ती के नाम पर श्रीलंका की तत्कालीन प्रधानमंत्री सिरीमावो भंडारनाइके को सौंप दिया था और इसका नाम था 'कच्चाथीवू द्वीप'। साल 1974 में जून-अगस्त के बीच दो बैठकें हुईं पहली दिल्ली में और दूसरी कोलंबो में। कच्चाथीवू के लिए न कोई जनमत संग्रह हुआ था न संसद में प्रस्ताव बस एक तानाशाही फैसला दो हस्ताक्षर।

**पीएम मोदी ने मुद्दा उठाया था**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 मार्च को एक आरटीआई रिपोर्ट का हवाला देकर कहा था कि कांग्रेस ने भारत के रामेश्वरम के पास मौजूद कच्चाथीवू द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया था। हर भारतीय इससे नाराज है और यह तय हो गया है कि कांग्रेस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। इस आरटीआई रिपोर्ट में बताया गया है कि 1974 में इंदिरा गांधी की सरकार ने इस द्वीप को श्रीलंका को गिफ्ट कर दिया था।

**डीएमके को पूरी जानकारी**

*जयशंकर ने कहा कि कांग्रेस और डीएमके डीएमके ऐसा दिखा रही हैं कि उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है और यह अभी-अभी का मसला है। जबकि, उन्होंने ही इसे अंजाम दिया था। जनता को ये जानने का अधिकार है कि 1974 में कच्चाथीवू को कैसे दे दिया गया। डीएमके लीडर और तब के सीएम एम. करुणानिधि को भी इस समझौते की पूरी जानकारी थी।*




हरिभूमि
भोपाल, मंगलवार 2 अप्रैल 2024
haribhoomi.com

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| कोलकाता | 2 | 2 | 0 | 4 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| दिल्ली | 3 | 1 | 2 | 2 |
| पंजाब | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 3 | 1 | 2 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
181 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
07 विकेट
चेन्नई

### बाउंड्री मीटर

387 चौके

248 छक्के

## खबर संक्षेप




### ऋषभ पंत पर लगा 12 लाख का जुर्माना

**विशाखापट्टनम।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने रविवार को खेले गए इस मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई को 20 रन से हराया था। आईपीएल ने बयान में कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है।

### नागल ने करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग 95 हासिल की

**लंदन।** शीर्ष भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने हाल के दिनों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बूते सोमवार को जारी एटीपी एकल रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 95वीं रैंकिंग हासिल की। नागल की इससे पहले सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 97 थी। उन्होंने यह रैंकिंग फरवरी में एटीपी चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिता चेन्नई ओपन जीतने के बाद हासिल की थी।



नागल ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ में जगह बना कर सुर्खियां बटोरी थी। वह इस प्रतियोगिता में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक) को हराने वाले पहले भारतीय भी बने, लेकिन दूसरे दौर में चीन के शांग जुनचेंग से हारकर बाहर हो गए थे। चेन्नई ओपन जीत के बाद उन्होंने एटीपी 500 प्रतियोगिता (दुबई चैम्पियनशिप) और एटीपी 1000 मास्टर्स (इंडियन वेल्स और मियामी) के अलावा दो अन्य चैलेंजर टूर्नामेंट भी खेले। इस दौरान हालांकि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बेंगलुरु चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचना रहा।

### अभ्यास के बाद भी राहुल की भूमिका पर संशय



**बेंगलुरु।** लोकेश राहुल ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच से पहले सोमवार को यहां नेट और फिटनेस अभ्यास में भाग लिया लेकिन लखनऊ सुपरजायंट्स ने मंगलवार को खेले जाने वाले मैच में उनकी भूमिका का खुलासा नहीं किया। पंजाब किंग्स के खिलाफ लखनऊ की टीम ने राहुल का इस्तेमाल इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर किया था, जिसके बाद उनकी फिटनेस को लेकर सवाल उठे थे।

# मैनचेस्टर सिटी-आर्सेनल का मैच ड्रॉ



**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल का मैच गोल रहित ड्रा छूटने से लिवरपूल इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में खिताब की दौड़ में सबसे आगे हो गया है। लिवरपूल ने एक अन्य मैच में शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके ब्राइटन को 2-1 से हराया। इससे उसके 29 मैच में 67 अंक हो गए हैं तथा वह दूसरे नंबर पर काबिज आर्सेनल से दो अंक और तीसरे नंबर की टीम मैनचेस्टर सिटी से तीन अंक आगे है। इस प्रतियोगिता में अभी नौ दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।

# मैड्रिड की बार्सिलोना पर आठ अंक की बढ़त



**मैड्रिड।** विनीसियस जूनियर की अनुपस्थिति में रोड्रिगो ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए दो गोल किए। इससे रियल मैड्रिड ने एथलेटिक बिलबाओ को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपने कट्टर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना पर आठ अंक की बढ़त बरकरार रखी। वीनीसियस जूनियर पीले कार्ड मिलने के कारण एक मैच का निलंबन झेल रहे थे लेकिन रोड्रिगो ने उनकी कमी नहीं खलने दी। बार्सिलोना ने एक अन्य मैच में लास पामास को 1-0 से पराजित किया। रियल मैड्रिड की यह लगातार तीसरी जीत है, जिससे उसके 30 मैच में 75 अंक हो गए हैं। बार्सिलोना 30 मैच में 67 अंक लेकर दूसरे जबकि गिरोना 30 मैच में 65 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।

आईपीएल में छह विकेट से जीती राजस्थान की टीम

# मुंबई की लगातार तीसरी हार रॉयल्स ने दर्ज की हैट्रिक जीत

एजेंसी ▶▶| मुंबई



आईपीएल के 17वें सीजन में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को लगातार तीसरी बार हार का सामना करना पड़ा। राजस्थान रॉयल्स ने सोमवार को यहां मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। मुंबई के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने रियान पराग (नाबाद 54 रन) के अर्धशतक से 15.3 ओवर में ही चार विकेट पर 127 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले चहल (तीन विकेट) और बोल्ट (तीन विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने मुंबई की टीम नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने भी दो विकेट हासिल किए।

मुंबई के लिए कप्तान हार्दिक पंड्या (34) और तिलक वर्मा (32) को छोड़कर मुंबई का कोई बल्लेबाज क्रीज पर पर्याप्त समय नहीं बिता पाया। इन दोनों के अलावा टिम डेविड (17) और सलामी बल्लेबाज इशान किशन (16) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। रॉयल्स के गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि मुंबई के आउट होने वाले शुरुआती तीन बल्लेबाज पहली गेंद पर पवेलियन लौटे जबकि अंतिम चार ओवर में टीम 14 रन ही बना सकी।

### मुंबई ने बनाया सत्र का सबसे छोटा स्कोर

मुंबई इंडियंस अपने ही होम ग्राउंड पर 125 रन ही बना सकी। आईपीएल के 17वें सीजन में यह सबसे छोटा स्कोर रहा। इससे पहले गुजरात टाइटंस की टीम चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ ने 143 रन बनाए थे। मुंबई से कोई भी बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के साथ नमन धीर और डेवाल्ड ब्रेविस ने गोल्डन डक बनाया। तीनों पहली-पहली बॉल पर ही कैच आउट हो गए। तीनों को बोल्ट ने पवेलियन भेजा।



### चहल ने 20वें बार लिए 3 विकेट

चहल ने तीन विकेट लेने के साथ ही बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने आईपीएल में सबसे ज्यादा बार थ्री विकेट हॉल (पारी में तीन विकेट) के मामले में जसप्रीत बुमराह की बराबरी की। दोनों ने ही 20-20 बार ऐसा किया है। वहीं, लसिथ मलिंगा ने 19 बार और अमित मिश्रा ने 17 बार ऐसा किया है।

### रोहित 17वीं बार जीरो

रोहित आईपीएल में 17वीं बार खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। इस मामले में वह दिनेश कार्तिक के साथ शीर्ष पर पहुंच चुके हैं। कार्तिक भी 17 बार शून्य पर आउट हो चुके हैं। दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से चार बल्लेबाज हैं। ग्लेन मैक्सवेल, पीयूष चावला, मनदीप सिंह और सुनील नरेन 15-15 बार खाता खोले बिना आउट हुए हैं। रोहित को ट्रेंट बोल्ट ने मैच के पहले ही ओवर में विकेटकीपर सैमसन के हाथों कैच कराया। इसकी अगली ही गेंद पर बोल्ट ने नमन धीर को एल्बीडब्लू आउट किया। हालांकि, वह हैट्रिक से चूक गए।

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| किशन का सैमसन बो बर्गर | 16 | 14 | 2 | 1 |
| रोहित का सैमसन बो बोल्ट | 00 | 01 | 0 | 0 |
| नमन धीर पगबधा बो बोल्ट | 00 | 01 | 0 | 0 |
| ब्रेविस का बर्गर बो बोल्ट | 00 | 01 | 0 | 0 |
| तिलक का अश्विन बो चहल | 32 | 29 | 0 | 2 |
| पंड्या का स्थानापन्न बो चहल | 34 | 21 | 6 | 0 |
| चावला का हेटमायर बो आवेश | 03 | 06 | 0 | 0 |
| टिम डेविड का बोल्ट बो बर्गर | 17 | 24 | 1 | 0 |
| कोएट्जी को हेटमायर बो चहल | 04 | 09 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 08 | 09 | 1 | 0 |
| आकाश मधवाल | 04 | 05 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 125/9
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-22-3, बर्गर 4-0-32-2, आवेश 4-0-30-1, चहल 4-0-11-3 , अश्विन 4-0-27-0.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का डेविड बो मफाका | 10 | 06 | 2 | 0 |
| बटलर का चावला बो मधवाल | 13 | 16 | 2 | 0 |
| संजू सैमसन बो मधवाल | 12 | 10 | 3 | 0 |
| रियान पराग नाबाद | 54 | 39 | 5 | 3 |
| अश्विन का वर्मा बो मधवाल | 16 | 16 | 1 | 0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 08 | 06 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 14, कुल: 15.3 ओवर में 127/4
गेंदबाजी : मफाका 2-0-23-1, बुमराह 4-0-26-0, मधवाल 4-0-20-3, कोएट्जी 2.3-0-36-0, चावला 3-0-18-0.

खास खबर

## चानू ने ओलंपिक में सुनिश्चित की जगह



*फुकेट। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को यहां आईडब्लूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह सुनिश्चित की। चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा (81 किग्रा और 103 किग्रा) भार उठाया। यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूर्नामेंट है। अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने पेरिस ओलंपिक के लिए तय मानदंड पूरे कर लिए हैं जिनमें दो अनिवार्य टूर्नामेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल हैं। भारत की 2017 विश्व चैंपियन मीराबाई वर्तमान में महिलाओं की 49 किग्रा ओलंपिक क्वालिफिकेशन रैंकिंग (ओक्यूआर) में चीन की जियान हुईहुआ के बाद दूसरे स्थान पर है।*

### हॉकी शिविर के लिए चुनी 60 सदस्यीय टीम

**बेंगलुरु।** गोलकीपर सविता पूनिया और फारवर्ड वंदना कटारिया जैसी अनुभवी खिलाड़ियों सहित 60 खिलाड़ी सोमवार से यहां शुरू हुए सात दिन के मूल्यांकन शिविर में भाग ले रहे हैं। इस शिविर के बाद ट्रायल्स होंगे जिसके आधार पर राष्ट्रीय टीम के लिए 33 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इस मूल्यांकन शिविर का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण परिसर में किया जा रहा है। भविष्य के कोचिंग शिविर और अंतरराष्ट्रीय दौरों के लिए संभावित खिलाड़ियों की संख्या 33 करने के लिए 6 और 7 अप्रैल को ट्रायल्स का आयोजन किया जाएगा।

### राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 से

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 अप्रैल से शुरू होगी। भारतीय ईस्पोर्ट्स महासंघ ने सोमवार को यहां इसकी घोषणा की। एनईएससी भारत के खिलाड़ियों को डीओटीए 2 (ओपन), ई फुटबॉल (ओपन) और काउंटर-स्ट्राइक 2 में ओपन और महिला श्रेणियों में अपना कौशल प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। ऑनलाइन क्वालीफायर 18 अप्रैल से शुरू होंगे जो डबल-एलिमिनेशन प्रारूप में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में पहली बार प्रत्येक गेम और श्रेणी में शीर्ष आठ टीमों के बीच 10 लाख अमेरिकी डॉलर की कुल पुरस्कार राशि बांटी जाएगी।

## 17 अप्रैल को रॉयल्स-केकेआर के मैच का बदल सकता है कार्यक्रम

एजेंसी ▶▶| कोलकाता




कोलकाता नाइट राइडर्स के 17 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ घरेलू आईपीएल मैच के कार्यक्रम में बदलाव लगभग तय है। स्थानीय पुलिस ने उस दिन रामनवमी समारोह के कारण पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने में असमर्थता जताई है। बंगाल क्रिकेट संघ ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड को यह जानकारी दी है।

सात चरण के आम चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को बंगाल में भी मतदान होना है। कोलकाता में मतदान एक जून को होगा। कोलकाता पुलिस ने कैब अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली को लिखे पत्र में कहा, 'मैच रामनवमी के दिन पड़ रहा है और चुनाव के लिए भी सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इसलिए 17 अप्रैल को मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करना हमारे लिए संभव नहीं होगा।' कैब ने सुझाव दिया है कि मैच को या तो एक दिन पहले कर दिया जाए या 24 घंटे आगे बढ़ाकर 18 अप्रैल को किया जाए।

### नामधारी ने आइजोल को बराबरी पर रोका

*श्री भैनी साहिब। नामधारी एफसी ने आखिरी मिनटों में गोल कर सोमवार को यहां आई-लीग फुटबॉल मैच में आइजोल एफसी को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। सभी भारतीय खिलाड़ियों के साथ मैदान पर उतरी आइजोल ने 40वें मिनट में 21 वर्षीय आर रामदीनथारा के सत्र के तीसरे लीग गोल की बदौलत बढ़त बना ली। टीम लंबे समय तक यह बढ़त बनाए रखने में सफल रही लेकिन स्पेन के स्ट्राइकर इवान गैरिडो ने मैच के 85वें मिनट में गोल कर नामधारी एफसी की वापसी करायी। गैरिडो ने लगातार दूसरे मैच में टीम के लिए गोल किया।*

## अस्थाना बनीं राष्ट्रीय इवेंटिंग चैंपियन



**नई दिल्ली।** स्थवी अस्थाना ने घुड़सवारी राष्ट्रीय इवेंटिंग चैंपियनशिप में सोमवार को यहां व्यक्तिगत वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। स्थवी का यह दो चरण वाले राष्ट्रीय चैंपियनशिप में दूसरा पोडियम (शीर्ष तीन रहना) स्थान है। वह इसके शुरुआती चरण में तीसरे स्थान पर रही थी। स्थवी को 'जंप' और 'शो जंपिंग' वर्ग में चार-चार पेनल्टी अंक मिले जबकि ड्रेसेज और क्रास कंट्री में उन्होंने कोई अंक नहीं गंवाया। वह कुल 36.9 अंक के साथ विजेता बनी।

अभी तक प्रदर्शन में निरंतरता रखने में नाकाम रही रॉयल चैलेंजर्स

# लखनऊ के खिलाफ आरसीबी का मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु



अभी तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखने में नाकाम रही है रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की टीम। लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में बेहतर खेल दिखाकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगी। आरसीबी की टीम अभी तीन मैच में दो अंक लेकर अंक तालिका में आठवें स्थान पर है। पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों करारी हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया है।

फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को कम करके नहीं आंका जा सकता है लेकिन उसके खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। उसके पास कई स्टार बल्लेबाज हैं लेकिन विराट कोहली को छोड़कर कोई भी अन्य नहीं चल पा रहा है। आरसीबी को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो कोहली के अलावा डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### राहुल की फिटनेस पर नजर

लखनऊ की अपने कप्तान केएल राहुल की फिटनेस को लेकर चिंता बनी हुई है जिनका उपयोग अभी वह इंपैक्ट सब्सीट्यूट के रूप में कर रहा है। उनकी अनुपस्थिति में निकोलस पूरन कप्तानी का जिम्मा संभाल रहे हैं। यह देखना होगा कि लखनऊ राहुल का उपयोग इंपैक्ट खिलाड़ी के रूप में ही करता है या फिर वह कप्तान, विकेटकीपर और बल्लेबाज की तीनों भूमिकाओं में वापसी करेंगे।

## बीसीसीआई ने आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों की 16 को बुलाई बैठक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने 16 अप्रैल को अहमदाबाद में अनौपचारिक बैठक के लिए 10 आईपीएल टीमों के मालिकों को आमंत्रित किया है जिसमें फ्रेंचाइजी के लिए नीलामी राशि में संभावित बढ़ोतरी और खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखने पर चर्चा हो सकती है। यह बैठक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच से इतर होगी।

बीसीसीआई के अधिकारी ने कहा, 'आईपीएल टीम मालिकों को अनौपचारिक बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। इस बैठक का कोई निर्धारित एजेंडा नहीं है। आईपीएल अपने दूसरे महीने में होगा, इसलिए यह सभी हितधारकों के लिए एक साथ आने का अच्छा समय होगा।' इस दौरान इस साल के अंत में होने वाली बड़ी नीलामी को लेकर संभावित चर्चा हो सकती है।




## बिलखिरिया थाने के सामने हुआ हादसा, टक्कर मारने के बाद पलट गया ट्रक

### पिकअप वाहन, कार व स्कूटी को टक्कर मारी

# शराब से लदे ट्रक ने 3 वाहनों को मारी टक्कर, दो युवतियों समेत 7 घायल

हादसे में स्कूटी सवार दो युवतियां गंभी, अस्पताल में चल रहा इलाज

ट्रक रायसेन के उमरावगंज से शराब भरकर गुना जाने के लिए निकला था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखरिया थाने के सामने सोमवार शाम शराब से लदे ट्रक ने पिकअप वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रक ने एक कार और स्कूटी सवार दो युवतियों को भी टक्कर मारी इसके बाद सड़क किनारे खंती में पटल गया। हादसे में कुल सात लोग घायल हुए है। इनमें दो युवतियों को गंभीर चोट आई है। उनका पटेल नगर स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने कार चालक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ट्रक में सोम कंपनी की शराब थी।

पुलिस के अनुसार सोमवार दोपहर सोम कंपनी की शराब से भरा ट्रक रायसेन के उमरावगंज से शराब भरकर गुना जाने के लिए निकला था। शाम करीब चार बजे बिलखिरिया थाने के ठीक सामने पहुंचते ही ट्रक के ब्रेक फेल हो गए और ट्रक ने सामने से आ रही पिकअप वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वाहन के अगले टायर फट गए। ट्रक ने बगल से गुजर रही कार को चपेट में ले लिया। दोनों वाहनों को टक्कर मारने के बाद बेकाबू ट्रक ने एक स्कूटी पर जा रही दो युवतियों को भी टक्कर मारी थी। इसके बाद ट्रक सड़क किनारे खंती में पलट गया।



**पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण, ट्रक में थी सोम कंपनी की शराब**



### तीन वाहनों में सवार 7 लोग घायल

*एसआई कृष्णा ठाकुर ने बताया कि ट्रक चालक समेत पिकअप वाहन में सवार दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं। कार में भी दो लोग सवार थे उन्हें भी साधारण चोटें आई हैं। गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हुई है। एसआई का कहना है कि स्कूटी सवार दोनों युवतियों को अधिक चोटें आई हैं। उन्हें पटेल नगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार चालक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है।*

### सुसाइड नोट में एटीएम का पिन लिखकर युवक ने लगाई

**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र सुभाष कॉलोनी में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बी-सेक्टर, सुभाष कॉलोनी निवासी औसद घुंघराले पिता रमेश घुंघराले (27) प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। पिता रमेश बोर्ड ऑफिस में माली हैं। सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे के आसपास मां उसके कमरे के सामने चाय लेकर पहुंची, लेकिन कमरा अंदर से बंद था। खिड़की से झांककर देखने पर पता चला कि औसद फांसी के फंदे पर लटका है। शोर सुनकर रमेश और पड़ोसी भी पहुंच गए। औसद को फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। एसआई ओंमकार सिंह वर्मा ने बताया कि औसद की शादी के लिए लड़की की तलाश की जा रही थी।

### दो तस्करों से दो किलो 929 ग्राम गांजा जब्त

गोविंदपुरा पुलिस ने गौतम नगर झुग्गी में दबिश देकर दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से दो किलो 929 ग्राम गांजा जब्त किया गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गौतम नगर झुग्गी के आरजू और बबलू गांजा की पुड़िया बेचते हैं और उनके पास बड़ी मात्रा में गांजा मिल सकता है। कल रविवार तड़के पुलिस ने इलाके की घेराबंदी करते हुए आरोपियों की झुग्गी में दबिश दी।

### बोलेरो से शराब की तस्करी, 10 पेटी बीयर जब्त

**भोपाल।** ऐशबाग पुलिस ने बोलेरो में शराब की तस्करी कर रहे तस्कर को गिरफ्तार कर उससे 10 पेटी बीयर बरामद की है। पुलिस आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी जीतेन्द्र गढ़वाल ने बताया कि सूचना मिली की सुभाष नगर फाटक से प्रभात चौराहा की तरफ सफेद रंग की बोलेरो से अवैध शराब ले जाई जा रही है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने घेराबंदी करते हुए बोलेरो को रोककर तलाशी ली। तलाशी लेने पर बीच की सीट पर 5 पेटी, पीछे की सीट पर 5 पेटी बीयर मिली। पुलिस ने बीयर के बिल मांगे तो जीतेंद्र बिल नहीं दिखा सका। बोलेरो में चला रहे आरोपी की पहचान बालाजी परिसर अयोध्या नगर निवासी 37 साल के मदन सेन पिता नोनेपाल सेन के रूप में की गई। पुलिस ने मय बोलेरो बीयर जब्त कर ली है।



### 6 नंबर मार्केट में फूड की टीम का निरीक्षण

# हॉकर्स कॉर्नर की दुकानों में मिली गंदगी, 4 दुकानदारों को फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के छह नंबर मार्केट में मिलावटी खाद्य वस्तुओं की जांच के लिए फूड की टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान 10 दुकानों और स्टॉल से 25 सैंपल्स लिए गए, जो जांच के लिए राज्य स्तरीय विभाग लैब में भेजे जाएंगे। इधर, क्लीन स्ट्रीट फूड हब बनाने से पहले यहां स्थित हॉकर्स कॉर्नर का निरीक्षण किया गया। इसका फूड सेफ्टी ऑडिट किया जाना है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि छह नंबर मार्केट में स्थित करीब 10 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। यहां से डेयरी प्रोडेक्ट, खाद्य तेल, मेवे, नमकीन, मसाले और फूड सप्लीमेंट के लिए सैंपल्स लिए गए। निरीक्षण के दौरान छह नंबर के हॉकर्स कार्नर में 4 दुकानों पर गंदगी मिली है। यहां पर खाद्य वस्तुएं बनाई जा रही थी और वहीं ग्राहक भी खा रहे थे। यहां का फर्श भी कच्चा था। वहां के दुकानदारों को निर्देश दिए गए कि यहां पक्का फर्श बनवाएं, जिससे साफ-सफाई नियमित होती रहे। निर्धारित अवधि में फर्श न बनने की स्थिति में चारों दुकानदारों के फूड लाइसेंस निलंबित किए जाएंगे।



### फूड लैब के जरिए लोगों को किया जागरूक

*विभागीय अमले ने गांधीनगर बाजार क्षेत्र में मोबाइल फूड लैब के जरिए खाद्य वस्तुओं की जांच कर लोगों को जागरूक किया। लोगों को मिलावट को पहचानने वाले आसान तरीकों के बारे में भी अवगत कराया गया। 100 से अधिक लोगों को जागरूक किया गया।*

### बंद रहा लोकसेवा केंद्र का सर्वर, आज शाम से होगा शुरू

**भोपाल।** आय, जाति, मूल निवास, खसरा, नकल, नामांतरण, सीमांकन सहित अन्य कामों के लिए चल रहे लोकसेवा केंद्रों का काम सोमवार को ठप्प रहा। सर्वर बंद होने की वजह से आम लोगों को वापस लौटना पड़ा। अब मंगलवार शाम को सर्वर शुरु होगा, जिसके बाद आवेदन जमा किए जा सकेंगे, दरअसल वित्तीय वर्ष शुरु होने की वजह से लोकसेवा केंद्र का सर्वर मेंटेनेंस के लिए बंद रखा गया है। अब मंगलवार शाम को इसे ओपन किया जाएगा। शुक्रवार को गुड फ्राइडे, फिर रंगपंचमी और रविवार की छुट्टी होने की वजह से तीन दिन लोकसेवा केंद्रों में काम बंद रहा।







**मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की बैठक**

## हमारे बारे में जब निर्णय सरकार ले तो बैठक में संघ को भी बुलाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हम शिक्षकों को अपनी ताकत बढ़ानी है। जब शिक्षक संघ शासन के समक्ष कोई बात रखता है और विभागों में फाइलें चलती हैं तो एक अधिकारी समर्थन करता है और दो विरोध करते हैं। हमारी मांग है कि जब अधिकारी एवं सरकार कोई नीतिगत निर्णय ले तो उस बैठक में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों या शिक्षक संघ की ओर से अधिकृत विशेषज्ञ शिक्षकों को भी आमंत्रित किया जाए। यह बात मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की गत दिनों वनवासी कल्याण आश्रम, एमपी नगर जोन -एक में आयोजित बैठक में प्रांत अध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौर ने दी। चार सत्रों में आयोजित बैठक अखिल भारतीय पदाधिकारी राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, अतिरिक्त महामंत्री संजय राउत, प्रांतीय संगठन मंत्री हिम्मत सिंह जैन, सह संगठन मंत्रियों हीरालाल तिरोले, राजीव शर्मा की उपस्थिति एवं प्रांतीय अध्यक्ष छत्रवीरसिंह राठौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

**14 हजार कर्मचारियों की चुनावी ट्रेनिंग शुरू**

## प्रशिक्षण में समझीं ईवीएम मॉक पोल की बारीकियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले के 14 हजार 761 कर्मचारी सोमवार से लोकसभा चुनाव की बारिकियां सीख रहे हैं। शहर के 8 सेंटरों पर उन्हें ईवीएम, मॉक पोल, वोटिंग आदि की ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग में उन्होंने क्या सीखा? इसकी वे परीक्षा भी देंगे, फेल होने वाले को फिर से ट्रेनिंग दी जाएगी।

### 10 फीसदी रिजर्व रहेंगे कर्मचारी

लोकसभा चुनाव में 2363 मतदान केंद्र है। प्रत्येक केंद्र पर चार अधिकारी-कर्मचारी (पीओ, पी-1, पी-2 और पी-3) की ड्यूटी लगेगी। इनके अलावा 10 प्रतिशत कर्मचारी रिजर्व के तौर पर रहेंगे। पहले दिन 2 हजार 997 को आना था, जिसमें से 2828 कर्मचारी ही शामिल हुए। 169 कर्मचारी ट्रेनिंग में नहीं आए, जिन्हें नोटिस दिया जा रहा है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930